CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



बिलासपुर, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 । वर्ष – 35 । अंक –141 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

अगर राहुल गांधी का वोट काटने का आरोप झूठा है तो चुनाव आयोग साबित करे : कमल हासन पृष्ठ 3

- संघ का नया चुनावी युद्धघोष-घुसपैठियों का खतरा!
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लुभाने के लिए ब्रिटिश शाही ... पृष्ठ 4

- उत्तरी गाजा के अस्पताल ढहने की कगार पर : डब्ल्यूएचओ
- भारत-चिली ने संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई पृष्ठ 9

ध्रुव जुरेल और देवदत्त पड़िक्कल ने भारतीय पारी को संभाला पृष्ठ 10

### राहुल गांधी का मुख्य चुनाव आयुक्त पर बड़ा आरोप

# वोट चोरों को बचा रहे ज्ञानेश कुमार



- चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट हटाए जा रहे हैं
- कर्नाटक विधानसभा चुनाव का दिया हवाला
- एक हफ्ते के भीतर जानकारी उपलब्ध कराएं

मैं इसे हल्के में नहीं कह रहा। चुनाव आयोग जानता है कि यह कौन कर रहा है। मैं चाहता हूं कि भारत का हर युवा यह जाने कि वे आपके भविष्य के साथ ऐसा कर रहे हैं : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' और लोकतंत्र को बर्बाद करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग को इसे रोकना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी की ओर से मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

### राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार : आयोग

चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिना सहमति के मतदाताओं के नाम सूचियों से हटाने के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। आयोग ने एक बयान में कहा राहुल गांधी के आरोप गलत एवं निराधार हैं। किसी भी मतदाता का नाम सूची से किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन हटाया नहीं जा सकता। मतदाता को उसका पक्ष सुनने का अवसर दिए बिना उसका नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता।

### बांग्लादेश-नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतंत्र पर प्रहार कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में अस्थिरता पैदा कर बांग्लादेश और नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं। पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने यहां श्री गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 90 चुनाव हारने में बाद कांग्रेस और उनके प्रमुख नेता हताश हैं जिसके चलते निराधार आरोप लगाना श्री गांधी की अब आदत बन गई है। आयोग ने कहा है कि ऑनलाइन किसी का वोट नही काटा जा सकता है।

# सीएम साय ने राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

## ट्रेन आज से नियमित चलेगी और डोंगरगढ़ तक जायेगी



**नवापारा राजिम**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजिम में नई रेल सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवागमन सुविधा में वृद्धि करते हुए राजिम से रायपुर के लिए नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने राजिम-रायपुर-राजिम मेमू नई ट्रेन सेवा तथा रायपुर-अभनपुर 2 मेमू रेल सेवा का राजिम तक विस्तार भी प्रारंभ किया। भारी संख्या में यात्री इस अवसर पर ट्रेन में सवार हुए और उत्साहपूर्वक रायपुर की ओर रवाना हुए। सस्ती एवं सुलभ नई रेल सुविधा मिलने से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा।

**छत्तीसगढ़ का प्रयाग राजिम रेल नेटवर्क से जुड़ गया**– इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्रीसाय ने कहा कि इस नई रेल सेवा से राजिम सहित गरियाबंद एवं देवभोग क्षेत्र के लोगों को भी राजधानी रायपुर तक सस्ती और किफायती यात्रा का विकल्प प्राप्त होगा। विद्यार्थी, नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग सहित सभी के लिए यह ट्रेन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का प्रयाग, राजिम अब रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अब और अधिक सुगम, सुविधाजनक और किफायती बन गया है। अब इस ट्रेन से डोंगरगढ़ तक जाया जा सकता है।

**8 वर्ष बाद ब्रॉडगेज ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हुई**–मुख्यमंत्री श्रीसाय ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद से लगातार 19 महीनों से विकास की गति निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से हो रहा निवेश आने वाली पीढ़ियों के लिए नया भविष्य गढ़ेगा। इसके लिए उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे की लगभग 45,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में लगभग 7,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे प्रदेश में रेल सेवाओं का तीव्र विस्तार और विकास सुनिश्चित हो रहा है।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, रेलवे के महाप्रबंधक तारण प्रकाश, रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में बाहर से साधु-संत एवं पर्यटक भारी संख्या में ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

## सार संक्षेप

### आंध्र प्रदेश शराब घोटाले में 20 ठिकानों पर छापेमारी

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 35 करोड़ रुपए के कथित आंध्र प्रदेश शराब घोटाले के सिलसिले में कई जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, दिल्ली-एनसीआर समेत 2 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद ने यह छापेमारी उन संस्थाओं और व्यक्तियों के ठिकानों पर की है, जिन्होंने फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए बिलों के जरिए रिश्वत के भुगतान में मदद की। कुछ आरोपियों से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली जा रही है।

### ललित मोदी का भाई समीर मोदी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भगोड़े ललित मोदी के भाई समीर मोदी को दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। समीर मोदी को रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, रेप का ये केस पुराना है। समीर मोदी जब 18 सितंबर को विदेश से दिल्ली वापस आया तो एयरपोर्ट से उनको हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने समीर को कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद उसे पुलिस कस्टडी में भेजा गया।

### देहरादून आपदा में 24 शव मिले, 17 अभी भी लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दो दिन पहले 15-16 सितंबर की रात आई आपदा सब कुछ तबाह कर करके ले गई। इस आपदा में मरने वालों का आंकड़ा 24 पहुंच गया है। यानी देहरादून जिले में अभी तक 24 लोगों के शव मिल चुके है। वहीं 16 लोग अभी भी लापता है। उत्तराखंड को इस बार आपदा से गहरे जख्म मिले है, जिन्हें भरने में शायद सालों लग जाए। अपने आखिरी समय में मॉनसून आपदा के रूप में उत्तराखंड के बड़ा दुख पहुंचाया है। इस साल कुदरत की मार से उत्तराखंड का कोई भी जिला अछूता नहीं रहा।

### अब डाकघरों में बिकेगी बीएसएनएल की सिम

**नई दिल्ली।** डाक विभाग और सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर साइन किया है, जिसके तहत बीएसएनल के सिम कार्ड्स की बिक्री और रिचार्ज सुविधा डाकघरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की ओर से आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल विभाजन को कम करना है।

# कश्मीर में सड़े हुए सेबों के साथ ट्रक लौटे

- राष्ट्रीय राजमार्ग के लंबे समय तक बंद रहने से हुआ नुकसान
- सेब उत्पादकों की आंखों में



**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर के बागवानी क्षेत्र को करारा झटका देते हुए, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के लंबे समय तक बंद रहने के कारण आठ दिनों से ज्यादा समय तक फंसे रहने के बाद, काजीगुंड और अन्य इलाकों से सेब से लदे कई ट्रक वापस लौट आए। जब तक ट्रकों को वापस जाने की अनुमति मिली, तब तक अंदर रखा सारा सेब सड़ चुका था, जिससे उत्पादकों की आंखों में आंसू आ गए और व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा। इस घटना ने एक बार फिर फलों के चरम मौसम के दौरान बार-बार राजमार्गों पर नाकेबंदी के विनाशकारी प्रभाव को उजागर किया है। कई उत्पादकों के लिए, इस साल की ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

### शराब घोटाला मामला

# सेवानिवृत आईएएस निरंजन दास ईओडब्लू की हिरासत में

**रायपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाले में आर्थिक अपराध विंग (ईओडब्ल्यू) ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारी निरंजन दास को हिरासत में लिया है। कांग्रेस सरकार में निरंजन दास आबकारी आयुक्त की हैसियत से काम कर रहे थे। शराब घोटाले में निरंजन दास की भूमिका रही है।



जांच एजेंसियों के अनुसार, निरंजन दास ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा (सिंडिकेट के कथित संरक्षक), अरुणपति त्रिपाठी (तत्कालीन विशेष सचिव आबकारी), अनवर ढेबर (व्यवसायी, रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई), और अन्य के साथ मिलकर सिंडिकेट चलाया। इस सिंडिकेट ने आबकारी विभाग की मिलीभगत से राज्य को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इसमें सरकारी शराब दुकानों में कमीशन तय करना, डिस्टिलरियों से अतिरिक्त शराब बनवाना, विदेशी ब्रांड की अवैध सप्लाई पर वसूली, और डुप्लीकेट होलोग्राम (सुरक्षा फीचर) का इस्तेमाल कर अनियमित शराब बेचना शामिल था।

जांच एजेंसियों ने अपनी चार्जशीट में पहले भी यह बताया है कि नोएडा की कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स (विधु गुप्ता की) को टेंडर देने में निरंजन दास की भूमिका थी। यह कंपनी योग्य नहीं थी, लेकिन निरंजन दास, त्रिपाठी और टुटेजा ने टेंडर शर्तें बदलकर इसे अवैध रूप से आवंटित किया। इससे डुप्लीकेट होलोग्राम बनाए गए, जो अवैध शराब की बिक्री को वैध दिखाने के लिए इस्तेमाल हुए। प्रत्येक होलोग्राम पर 8 पैसे का कमीशन लिया गया, ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# नान घोटाला : आलोक शुक्ला के बंगले सहित कई जगहों पर ईडी ने मारा छापा

### प्रदेश के 10 जिलों में हुई छापेमारी

**रायपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश का बहुचर्चित नान घोटाला एक बार फिर सुर्खियों में है। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब इस मामले में आरोपी सेवानिवृत ऐ ए एस डॉ. आलोक शुक्ला की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार सुबह ईडी की टीम ने भिलाई के तालपुरी स्थित उनके बंगले पर छापेमारी की। माना जा रहा है कि जांच पूरी होते ही उनकी गिरफ्तारी भी तय है।

गुरुवार सुबह दुर्ग और भिलाई में ईडी की अलग-अलग टीमों ने दबिश दी। जानकारी के मुताबिक, ईडी के अधिकारी दो गाड़ियों में तालपुरी स्थित आलोक शुक्ला के घर पहुंचे और लंबी तलाशी अभियान चलाया। इसी बीच भिलाई के हुडको इलाके में भी ईडी की 6 सदस्यीय टीम ने सुधाकर रावटे के घर छापेमारी की और उनसे पूछताछ की जा रही है।

ईडी सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के करीब 10 जिलों में लगातार छापेमारी की गई है। दुर्ग, रायपुर, भिलाई और बिलासपुर समेत कई बड़े जिलों में दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में ही कई अहम सुराग मिले हैं और आने वाले दिनों में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं। नान घोटाले में डॉ. आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली हुई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ‌ जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ‌ ने इसे रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि आरोपियों ने न केवल 2015 में दर्ज इस ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨



### छापेमारी के बीच आलोक शुक्ला सरेंडर करने पहुंचे कोर्ट, जज ने लौटाया वापिस

प्रदेश के बहुचर्चित नान घोटाला मामले में मुख्य आरोपी और रिटायर्ड आई ए एस अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला आज ई डी स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे। लेकिन कोर्ट ने फिलहाल उन्हें सरेंडर करने से रोक दिया। कोर्ट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश अभी अपलोड नहीं हुआ है, इसलिए सरेंडर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई जा सकती। आज सुबह ईडी की टीम भिलाई स्थित डॉ. शुक्ला के घर में दबिश दी थी। सूत्रों के अनुसार, छानबीन पूरी होने के बाद ई डी उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर सकती है। इसी गिरफ्तारी से बचने के लिए डॉ. शुक्ला स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे थे। डॉ. शुक्ला के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आने के बाद ही सरेंडर किया जा सकता है।

# मुठभेड़ में पांच लाख की इनामी महिला नक्सली ढेर

**सुकमा**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर में सुरक्षाबलों का एंटी नक्सल ऑपरेशन तेज गति से जारी है। नारायणपुर, बीजापुर और गरियाबंद में नक्सल एनकाउंटर के बाद अब सुकमा में फोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान में सफलता अर्जित की है। गुरुवार को सुकमा के गादीरास थाना क्षेत्र में नक्सल मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई है महिला नक्सली की पहचान बूस्की नुप्पों के रूप में हुई है। वह मलांगीर एरिया कमेटी की सदस्य थी। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सुरक्षा बलों को गुपड़ी के जंगल इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। इस पर डीआरजी और जिला पुलिस बल के जवान इलाके में सर्चिंग



अभियान पर निकले। जवान जैसे ही गुपड़ी के जंगल के नजदीक पहुंचे, नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर तक चली इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली बूस्की नुप्पों मारी गई और बाकी नक्सली मौके से भाग निकले।

**मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की हुई पहचान**–सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि एनकाउंटर में मारी गई नक्सली की पहचान बूस्की नुप्पों के रूप में हुई है। उसके ऊपर 5 लाख रुपये का इनाम था। वह मलांगीर एरिया कमेटी की सदस्य थी। उसके ऊपर 9 नक्सल वारदात के केस दर्ज थे यह सभी केस सुकमा और दंतेवाड़ा में दर्ज किए गए थे।

**सुकमा में एंटी नक्सल ऑपरेशन में आएगी तेज**–सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने कहा है कि आने वाले समय में नक्सल ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# नवरात्रि से पहले बाजार में उछाल

**रायपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। जी एस टी रिफार्म से नवरात्रि के पहले ही बाजारों में उछाल के साथ पितृ-पक्ष में सामानों की बुकिंग का श्रेय वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वो निर्णय लेते हैं, जो देश हित में होता है। मोदी ने 12 लाख की छूट भारत की जनता को दी है।



वित्तमंत्री ने प्रधानमंत्री को

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारत 140 करोड़ लोगों का देश है, और जनता का ध्यान रखना भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 22 तारीख के बाद देखिए देश की अर्थव्यवथा को कैसे मजबूती मिलती है। लोगों की जेब में पैसा जाता है, तो असर बाजार में दिखता है। जी एस टी रिफार्म से लोगों के पैसे बच रहे हैं, क्रयशक्ति बढ़ी है। 22 तारीख के बाद बाजार में और भी ज्यादा असर दिखेगा। श्री चौधरी ने वहीं भाजपा के पोस्टर पर कहा कि एक-दूसरे को उछालने की राजनीति कांग्रेस में होती है। राजस्थान में उछालने का खेल चलता था सचिन पायलट मन मारकर काम कर रहे है, सब देख रहे हैं। कांग्रेस की राजनीति ही सत्ता लोलुपता की राजनीति है।

### धर्मसंकट — भाजपा अध्यक्ष पद के लिए संघ ने फंसाया पेंच

# संजय जोशी के नाम पर अड़ने से मोदी-शाह परेशान

**जोगेंद्र सोलंकी**

**नई दिल्ली, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की घोषणा में हो रहे लगातार विलंब में संघ ने पेंच फंसा दिया है। खबर है कि संघ इस पद पर अपने किसी समर्पित कार्यकर्ता को देखना चाहता है। इसके लिए उसने गुजरात में भाजपा महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा चुके संजय जोशी के नाम को आगे बढ़ाया है।**

*बताया जा रहा है यह नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को मंजूर नहीं है। क्योंकि किसी समय साथ-साथ काम करने वाले जोशी और मोदी के बीच अब काफी दूरियां बन चुकी हैं।*



- किसी समर्पित कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाना चाहता है संघ
- नरेंद्र मोदी व संजय जोशी के बीच पुराने मतभेद रहे हैं

*आरएसएस के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि संघ भाजपा अध्यक्ष पद के लिए संजय जोशी के नाम पर जोर दे रहा है। आरएसएस का मानना है कि पार्टी का अगला अध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो संघ की विचारधारा और कार्यप्रणाली से गहराई से जुड़ा हो और संजय जोशी इन मानदंडों पर खरे उतरते हैं। आरएसएस की तरफ से जोशी के नाम को आगे बढ़ाना इस बात का संकेत है कि संघ भाजपा के संगठन पर अपनी पकड़ को फिर से मजबूत करना चाहता है। क्योंकि संघ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उस बयान को अब तक नहीं भुला पाया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं है।* ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

### चौहान व खट्टर के नाम भी आ रहे

*संजय जोशी के अलावा केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और सुधांशु त्रिवेदी का का नाम भी उड़ते उड़ते अध्यक्ष पद के लिए सामने आ रहा है। वैसे नितिन गडकरी को भी भाजपा अध्यक्ष बनाया जा सकता है। वे पहले भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। इन नेताओं का भी संघ के साथ अच्छा तालमेल है। अब देखना होगा कि जोशी के नाम पर सहमति बनती है या नहीं।*

# जिला चिकित्सालय में शीघ्र शुरू होगी सीटी स्कैन सुविधा

## कलेक्टर ने ली जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**मुंगेली**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के साथ जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में जीवनदीप कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने एवं मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने नवीन ट्री नॉट जांच कक्ष के लिए रैंप, सीढ़ी एवं लिफ्ट निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया तथा लिफ्ट निर्माण के लिए डीएचएस को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय अंतर्गत विभिन्न निविदा कार्यों की जानकारी ली और सफाई, सुरक्षा, भोजन, कैंटीन, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के लिए समयबद्ध तरीके से निविदा पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कायाकल्प एवं इनक्वास कार्यक्रम के अंतर्गत बजट और कार्ययोजना की समीक्षा की तथा आईईसी मद में हुए खर्च का ब्योरा भी लिया। उन्होंने अस्पताल के आसपास ढाबों को बंद करने, महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था सहित नशापान पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़क किनारे पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को जांच के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने मोतियाबिंद जैसे ऑपरेशन की संख्या बढ़ाने, डायलिसिस यूनिट की स्थिति सुधारने, स्त्री रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही नवीन पार्किंग व्यवस्था एवं डीजी सेट में शेड निर्माण पर चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी आपसी विवाद में घायल व्यक्ति प्राथमिक इलाज के लिए अस्पताल आता है, तो इसकी सूचना थाने के साथ-साथ एसडीएम और तहसीलदार को भी दी जाए। उन्होंने एम्बुलेंस व्यवस्था की समीक्षा करते हुए एएलएस सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध कराने, ओपीडी, आईपीडी, डिलीवरी, एमटीपी, एक्स-रे, यूएसजी जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं को मरीजों को अस्पताल के भीतर ही मुहैया कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खासतौर पर रात में आपातकालीन स्थिति बनती है, इसलिए रात्रिकालीन व्यवस्था दुरुस्त करें। रात्रि में अस्पताल में डॉक्टर, कर्मचारी एवं स्टाफ जिनकी भी ड्यूटी हो, वे उपस्थित रहें। जिला चिकित्सालय का इमरजेंसी रेस्पॉन्स बेहतर होना चाहिए। बैठक में जीवनदीप समिति की आय-व्यय स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि खर्च केवल आवश्यकता एवं प्राथमिकता के आधार पर ही किया जाए। उन्होंने रिक्त पदों की प्रतिपूर्ति और विशेष आवश्यकताओं की सूची तैयार कर समय रहते कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि सीटी स्कैन इंस्टॉलेशन कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही यह सुविधा शुरू की जाएगी।

### सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन, 04 महिलाओं को प्रदान किया चश्मा

बैठक के पश्चात कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में लगाए गए नए सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन किया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराए हुए 04 महिलाओं को चश्मा भी प्रदान किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम.के. रॉय सहित चिकित्सकगण मौजूद रहे।

# लापरवाही बरतने पर प्रभारी छात्रावास अधीक्षक निलंबित

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान छात्रावास में अव्यवस्था के साथ अनियमितता पाए जाने और अधीक्षक के द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही बरतना पाए जाने पर प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास अंधियारखोह विकासखण्ड गौरेला के प्रभारी छात्रावास अधीक्षक नोहर सिंह ध्रुव (सहायक शिक्षक एल बी) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गौरेला नियत किया गया है।

# पर्यटन स्थलों से बढ़ रहा स्थानीय रोजगार, ग्रामीण हो रहे लाभान्वित



## पर्यटन समितियों के खाते में राशि अंतरित - कलेक्टर ने प्रदान किया चेक

**गौरेला-पेंड्रा- मरवाही** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने और पर्यटकों की सुविधा हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में स्थानीय पर्यटन समितियों का गठन किया गया है, जो पर्यटन स्थलों का रख-रखाव कर रही हैं। इससे न केवल पर्यटन स्थलों की सूरत निखर रही है बल्कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आजीविका के नए अवसर भी मिल रहे हैं।

पर्यटकों के लिए लमना में कम्यूनिटी स्टे, ठाड़पथरा में मड हाउस, बस्ती बगरा में झोझा होम स्टे जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं की ऑनलाइन बुकिंग से प्राप्त राशि सीधे संबंधित पर्यटन समितियों के खातों में अंतरित की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने आज 4 पर्यटन समितियों को कुल 1 लाख 7 हजार 952 रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। इसमें- लमना पर्यटन समिति को ?47,799, ठाड़पथरा पर्यटन समिति को ?51,616, झोझा जलप्रपात पर्यटन समिति को ?8,168, लक्ष्मण धारा पर्यटन समिति को ?369 राशि अंतरित की गई।

कलेक्टर ने कहा कि पर्यटन विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के और अधिक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने समितियों को पर्यटन स्थलों की स्वच्छता, व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

# कलेक्टर ने नपा के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

### निर्माण स्थल पर कार्य का बोर्ड लगाने के निर्देश

### निर्माण कार्य पर जताई असंतुष्टि, ठेकेदार को नोटिस



**मुंगेली**, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला मुख्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगरपालिका मुंगेली अंतर्गत पुष्प वाटिका उद्यान उन्नयन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान निर्माण कार्य का बोर्ड नहीं लगाए जाने पर उन्होंने मुख्य नगर पालिका और इंजीनियर पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण स्थल पर अनिवार्य रूप से बोर्ड लगाया जाए, जिसमें कार्य का नाम, लागत राशि आदि का स्पष्ट विवरण दर्ज हो। उन्होंने गार्ड रूम, विद्युत रूम, बाउंड्रीवाल नवीनीकरण, प्रवेश द्वार, दुकान व टायलेट उन्नयन, प्ले एरिया और ड्रेनेज कार्य का निरीक्षण किया तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने पर नगरपालिका सीएमओ और इंजीनियर पर असंतोष जताया तथा संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान के आसपास पानी की निकासी की व्यवस्था और साइड नाली निर्माण कराने पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने खड़खड़िया नाला, पुरानी पानी टंकी के पास पंडरिया रोड मरम्मत कार्य और महाराणा प्रताप वार्ड में नाली निर्माण का भी निरीक्षण किया। स्टेडियम के पास चौपाटी निर्माण कार्य अंतर्गत सीड डेवलपमेंट, पेवर ब्लॉक निर्माण, लैंडस्कैपिंग और विद्युतीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह, इंजीनियर नेमीचंद वर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# समाज में सुरक्षित वातावरण मिलने पर ही मिलेगा बालिका शिक्षा को बढ़ावा

## बालिका शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत स्रोत शिक्षकों की मेगा की बैठक



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। बालिकाओं को परिवार, समाज एवं विद्यालय में सुरक्षित वातावरण मिलने पर बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इसमें महती जिम्मेदारी विद्यालय के शिक्षकों की है। सभी शिक्षक बालिका शिक्षा कार्यक्रम को संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाएं। उक्त बातें गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने बालिका शिक्षा कार्यक्रम की मेगा बैठक में व्यक्त किये। श्री तिवारी ने हमारे जिले के स्कूलों में बालिका शिक्षा कार्यक्रम चलना क्यों जरूरी है ? के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने स्कूलों की स्थिति को उदाहरण देकर भी समझाया गया एवं वर्तमान में इसे 100 स्कूलों से प्रारंभ कर आने वाले समय में सभी स्कूलों में इस कार्यक्रम की संचालन करने की बात कही गयी।

जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बालिका शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत 100 स्कूलों के एक - एक शिक्षक शिक्षिकाओं की जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पेंड्रा में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बालिका शिक्षा कार्यक्रम की मेगा बैठक में उपस्थित मुख्यालय डीएसपी श्रीमती निकिता तिवारी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे रहते हैं ।18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों के लिए पास्को एक्ट है ।इस कानून में बच्चों के साथ होने वाली छोटी से छोटी घटना जैसे अगर कोई बालिका को कोई गलत मैसेज कर रहा हो धमका रहा हो तब भी हम पुलिस का सहारा ले सकते हैं। उन्होंने साइबर समाधान के अलावा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा साइबर दोस्त एवं महिला समाधान पर विस्तार से प्रकाश डाला। बालिका शिक्षा कार्यक्रम की जिला समन्वयक सरस्वती यादव द्वारा सभी शिक्षकों को कार्यक्रम का उद्देश्य एवं पूर्व में संचालित 31 विद्यालयों में कार्यक्रम का प्रभाव पर चर्चा करते हुए वित्तीय साक्षरता, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं डिजिटल लिट्रेसी पर समझ बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग के अभिषेक दत्ता एवं श्रीमती मयंका द्वारा मानसिक स्वास्थ्य क्या है? मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के कारण और निराकरण पर चर्चा करते हुए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर समझ बनाया गया।

जिला पुलिस साइबर टीम के दीपक तिवारी के द्वारा डिजिटल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं साइबर ठगी से कैसे बचे? क्या सावधानी बरतें पर विस्तार से समझ बनाया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम के प्रभाव एवं अनुभव साझा किया गया। जिसमें शिक्षिका दीपाली श्रीवास द्वारा बताया गया कि कन्या माध्यमिक शाला सकोला में कार्यक्रम की गतिविधि के माध्यम से कुमारी प्रिया केवट का आदर्श रूप पाने का दबाव खत्म हुआ है। शिक्षिका सावित्री गेंदले माध्यमिक शाला नवागांव द्वारा बताया गया कि माहवारी स्वच्छता के कक्षा संचालन से कुमारी सनम गोंड को मिला समाधान पर सफलता की कहानी साझा किया गया। शिक्षिका शिखा नगाइच माध्यमिक शाला गिरवर के द्वारा कार्यक्रम के अनुभव साझा किया गया। इसके साथ ही सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, डाइट प्राचार्य जेपी पुष्प एवं डीएसपी श्रीमती निकिता तिवारी, श्रीमती मयंका, यूनिसेफ जिला समन्वयक सरस्वती यादव सहित 100 स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका सहित महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सार-संक्षेप

## कांग्रेस के छग प्रभारी सचिन पायलट तखतपुर पहुंचे



**तखतपुर** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। देश की जनता को यह एहसास हो चुका है कि भाजपा अपनी कुर्सी बचाने के लिए लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाती है और शासकीय संस्थाओं का दुरूपयोग कर सत्ता हथियाती है परंतु अब इनका भांडा फुट गया है एक तरफ जब छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार थी तो कांग्रेस ने लोगों के दुख दर्द को समझा था और सभी विद्युत उपभोक्ताओं की आधा शुल्क माफ कर दिया पर भाजपा की सरकार माफ तो दूर की बात है उल्टे बिजली बिल के चार्ज में भी बढ़ोतरी कर दी है यह बातें छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने तखतपुर में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में हाई स्कूल के सामने कहीं। पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि प्रदेश में आज युवा रोजगार के लिए तरस रहे है वहीं किसान खाद के लिए भटक रहे है। नगरपालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने कहा कि सरकार के पास विकास के लिए कोई योजना नही है केवल पूर्व के कांग्रेस के सरकार के द्वारा कराए गए कामों को अपना बताकर वाहवाही लूट रही है। वहीं आतमजीत सिंह ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया साथ ही बड़ा गजहार क्रेन के माध्यम से पहनाया गया वहीं छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक दिखाने वाली विभिन्न टोलियों के माध्यम से भी बाजे गाजे के साथ स्वागत किया और सभी वरिष्ठ कांग्रेसनेता उनके निवास में भोजन किए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, अनुपमा पाण्डेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत हूरा, परमजीत हूरा, पूजा गुप्ता, दिनेश देवांगन, प्रियांशु डाहिरे, चंद्रप्रकाश देवांगन, राजेश बंजारे, मुन्ना श्रीवास, अभिषेक पाण्डेय, बबलू गुप्ता, मिथिलेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर्व का आयोजन

**तखतपुर** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। महामाया देवी मंदिर खजुरी नवागांव में 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया है। जिसमें समिति के सभी सदस्य तैयारी में जुटे हुए है।

## मनरेगा अधिकारी जिपं में संलग्न

**तखतपुर** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत तखतपुर में पदस्थ मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी विकास जायसवाल को जिला पंचायत बिलासपुर में संलग्न किया है और वहीं तखतपुर के मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी की जवाबदारी आरईएस के सब इंजीनियर टिकेंद्र पटेल को दी गई है।

## नपा के उपयंत्रियों का तबादला

**तखतपुर** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकाय के कर्मचारीयों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है जिसमें नगरपालिका तखतपुर के इंजीनियर प्रतिक पाण्डेय का मुंगेली, लेखापाल संजीत कुमार आस्थाना का पथरिया, राजस्व निरीक्षक अशोक यादव का कोटा एवं दौलत मिश्रा का डोंगरगढ़ स्थानांतरण किया गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**वोट चोरों को बचा रहे ...**

कहा कि आज उनके खुलासे इस देश के युवाओं को यह दिखाने में एक और मील का पत्थर हैं कि चुनावों में कैसे धांधली की जा रही है।

अलंद निर्वाचन क्षेत्र से दिया विवरण- राहुल गांधी ने 2023 में कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्र का भी उदाहरण दिया, जहां उन्होंने दावा किया कि स्वचालित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके धोखाधड़ी से मतदाताओं को जोड़ा गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, 'मैं ज्ञानेश कुमार के बारे में एक गंभीर दावा करने जा रहा हूं। मैं इसे हल्के में नहीं कह रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरों और भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचा रहे हैं।'

सीआईडी ने 18 महीनों में 18 पत्र भेजे-राहुल ने कहा, मैं ज्ञानेश कुमार पर इतना सीधा आरोप क्यों लगा रहा हूं। कर्नाटक में इस मामले की जांच चल रही है। कर्नाटक की सीआईडी ने चुनाव आयोग को 18 महीनों में 18 पत्र भेजे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं। पहला- हमें वह डेस्टिनेशन आईपी बताएं, जहां से ये फॉर्म भरे गए थे। दूसरा- हमें वह डिवाइस डेस्टिनेशन पोर्ट बताएं, जहां से ये आवेदन दाखिल किए गए थे। तीसरा- सबसे महत्वपूर्ण बात हमें ओटीपी ट्रेल्स बताएं, क्योंकि जब आप आवेदन दाखिल करते हैं, तो आपको ओटीपी प्राप्त करना होता है। 18 महीनों में 18 बार कर्नाटक की सीआईडी ने इसके लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा। वे इसे नहीं दे रहे हैं। वे इसे क्यों नहीं दे रहे हैं? क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि ऑपरेशन कहां किया जा रहा है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि यह कहां जाएगा।

6,018 वोट हटाए गए-उन्होंने दावा किया कि कोई व्यक्ति पूरे भारत में लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए व्यवस्थित रूप से निशाना बना रहा है। मैं विपक्ष का नेता हूं और मैं ऐसा कुछ नहीं कहूंगा जिसके 100 प्रतिशत प्रमाण न हों। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अलंद में किसी ने 6,018 वोट हटाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के मतदाताओं के नाम व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे।

आयोग जानता है कि यह कौन कर रहा -राहुल ने कहा, 'चुनाव आयोग जानता है कि यह कौन कर रहा है। मैं चाहता हूं कि भारत का हर युवा यह जाने कि वे आपके भविष्य के साथ ऐसा कर रहे हैं। जब वे यह जानकारी नहीं दे रहे हैं, तो वे लोकतंत्र के हत्यारों का बचाव कर रहे हैं।

**सीएम साय ने राजिम-रायपुर मेमू ट्रेन को ...**

आते हैं। अब उन्हें सीधे रायपुर से राजिम आने की सुविधा मिलेगी, जिससे पर्यटन एवं क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी और विश्व पटल पर राजिम का नाम और अधिक रोशन होगा। महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने नई रेल सेवा के लिए लोगों को बधाई देते हुए कहा कि अब राजिम से रायपुर आना बहुत आसान हो गया है। श्रद्धालु एवं पर्यटक यात्री अब राजिम से सीधे डोंगरगढ़ तक भी यात्रा कर सकेंगे।

**कश्मीर में सड़े हुए सेबों...**

**फसल पहले ही दु:स्वप्न में बदल चुकी है।**

पैकेजिंग के लिए पैसे उधार लिए थे -शोपियां के एक बागवान गुलाम नबी के अनुसार, आठ दिन बाद जब मैंने अपना ट्रक खोला तो वह दिल दहला देने वाला दृश्य था। सेब की सारी पेटियां सड़ चुकी थीं। मैंने खाद और पैकेजिंग के लिए पैसे उधार लिए थे, उम्मीद थी कि बिक्री से पैसे वापस मिल जाएंगे। अब मैं बर्बाद हो गया हूं। राष्ट्रीय राजमार्ग, जो कश्मीर का बाहरी दुनिया से जुड़ने वाला एकमात्र बारहमासी सड़क मार्ग है, पिछले तीन हफ्तों से ज्यादातर समय लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण बंद रहा है। हालांकि प्रशासन ने जल्दी खराब होने वाले फलों से लदे ट्रकों के लिए सुगम मार्ग का वादा किया था, लेकिन कई ट्रक काजीगुंड में फंस गए और आगे नहीं बढ़ पाए। पुलवामा के एक उत्पादक बशीर अहमद बताते थे कि हम काजीगुंड में दिन-रात इंतजार करते रहे, उम्मीद करते रहे कि सड़क खुल जाएगी, लेकिन हमारे लिए कोई रास्ता नहीं आया। आठ दिन बाद, हमारे पास लौटने के अलावा कोई चारा नहीं था। सेब गूदे में बदल गए थे। हमें कौन मुआवजा देगा? उत्पादकों ने कहा कि बार-बार राजमार्ग बाधित होने से उनकी आजीविका मुश्किल हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि हर देरी भारी वित्तीय नुकसान में तब्दील हो जाती है क्योंकि सेब बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं और उन्हें बाहरी मंडियों तक समय पर पहुंचाना पड़ता है।

हमारी पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा रही-शोपियां फल मंडी के एक व्यापारी मुहम्मद यूसुफ कहते थे कि हर साल हमें बताया जाता है कि सरकार वैकल्पिक उपायों पर काम कर रही है, लेकिन जब ऐसे संकट आते हैं, तो हम असहाय हो जाते हैं। हमारी पूरी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो लाखों परिवारों का पेट पालने वाला बागवानी क्षेत्र भी तबाह हो जाएगा। याद रहे कश्मीर की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले फल उद्योग का सालाना योगदान हजारों करोड़ रुपये है। लेकिन इस सीजन में लगातार नाकेबंदी और परिवहन सुविधाओं की कमी के कारण अभूतपूर्व नुकसान हुआ है।

**सेवानिवृत आईएएस निरंजन दास...**

जिससे 1200 करोड़ का नुकसान हुआ। जांच में यह भी उजागर हुआ है कि निरंजन दास ने सिंडिकेट के साथ मिलकर झारखंड की आबकारी नीति में बदलाव की साजिश रची, जिससे वहां के खजाने को भारी नुकसान हुआ। जनवरी 2022 में ढेबर और त्रिपाठी के साथ झारखंड अधिकारियों से मीटिंग की गई, जहां छत्तीसगढ़ मॉडल को लागू कर अवैध लाभ कमाया। रिटायरमेंट के बाद फरवरी 2023 में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उन्हें संविदा पर आबकारी आयुक्त बनाया गया था।

**नान घोटाला : आलोक शुक्ला के बंगले सहित...**

मामले को प्रभावित करने की कोशिश की, बल्कि ईडी की जांच पर भी असर डालने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि दोनों अधिकारियों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी और फिर दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा।

2015 में जब नान घोटाला सामने आया, उस समय आलोक शुक्ला खाद्य विभाग के सचिव थे। दिसंबर 2018 में उनके खिलाफ ईओ डब्लू ने चार्जशीट भी दाखिल की। इसके बावजूद 2019 में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद उन्हें कांग्रेस सरकार में अहम जिम्मेदारियां दी गईं।

इसी दौरान उन्होंने और अनिल टुटेजा ने जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस मामले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा का भी नाम आया था, हालांकि उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है।

**मुठभेड़ में पांच लाख की...**

एनकाउंटर में तेजी आएगी। सिक्योरिटी फोर्स लगातार नक्सली इलाकों में दबाव बनाए हुए हैं। आने वाले दिनों में भी सर्च अभियान तेज किया जाएगा ताकि आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और नक्सलियों की पकड़ कमजोर हो।

**संजय जोशी के नाम पर ...**

यह बात भी सही है कि प्रधानमंत्री मोदी और संजय जोशी के बीच पुराने मतभेद रहे हैं और मोदी-शाह की जोड़ी के चलते ही जोशी को हाशिए पर ला दिया गया था। हालांकि संजय जोशी को एक निष्ठावान और जमीन से जुड़े हुए संघ कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। वे लाइमलाइट से दूर रहकर संगठन में काम करना पसंद करते हैं और उनकी संगठन पर आज भी मजबूत पकड़ मानी जाती है। लेकिन, एक सीडी कांड के जरिए उनका उठता हुआ करियर अचानक तबाह हो गया था।

**बड़े फैसलों में संघ का दखल कम हुआ**

माना जा रहा है कि मोदी और शाह संजय जोशी को पार्टी अध्यक्ष बनाने के पक्ष में बिलकुल भी नहीं हैं। वैसे भी यह माना जाता है कि मोदी-शाह के दौर में पार्टी के बड़े फैसलों में संघ का दखल कम हुआ है। हाल के दिनों में भाजपा और आरएसएस के बीच संबंधों में बदलाव के संकेत मिले हैं, जिसमें आरएसएस संगठन पर अधिक नियंत्रण की कोशिश कर रहा है।


**न्यायालय अपर कलेक्टर, कोरबा एवं विवाह अधिकारी जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्र./12048/वाचक/विवाह अधि.कोरबा 2024-25
कोरबा, दिनांक 15/09/2025
प्र.क्र. 202509052900004/16/ ब-121/ 24-25
ग्राम - कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

आवेदक (वर) यदुनंदन महन्होत्रा पिता मोहन राम उम्र-32 वर्ष, अविवाहित जाति-सतनामी (अनुसूचित जाति) पता- रीवा बहार, पोस्ट-चिकनीपाली तहसील-बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) एवं आवेदिका (वधु) कृष्णो पटेल पिता यादोराम, उम्र 31 वर्ष, अविवाहित, जाति-पटेल (वर्ग-अन्य पिछड़ा वर्ग) पता ग्राम पकरिया, तहसील-बरपाली, जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष अधिनियम 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/ दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 14/10/2025 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति / दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा आदि पर कोई सुनवाई/ विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको/ किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 213/ ब-121/ 2024-2025
ग्राम - सलखन तहसील-शिवरीनारायण

**// ईश्तहार //**

आवेदक श्री अक्षय कुमार उम्र 28 वर्ष पिता श्री रामप्रसाद जाति तेली निवासी वार्ड नं. 01 डीहपारा सलखन तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. प्रियंका कश्यप उम्र 26 वर्ष पिता श्री करन सिंह कश्यप जाति कुर्मी निवासी वार्ड नं. 02 डीहपारा सलखन तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम सलखन तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अक्षय कुमार उम्र 28 वर्ष पिता श्री रामप्रसाद जाति तेली निवासी वार्ड नं. 01 डीहपारा सलखन तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. प्रियंका कश्यप उम्र 26 वर्ष पिता श्री करन सिंह कश्यप जाति कुर्मी निवासी वार्ड नं. 02 डीहपारा सलखन तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 08.10.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
**विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .../ अ-6अ/ 2024-25
ग्राम पेण्डारी तहसील- सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार कौशिक पिता उदेराम कौशिक निवासी ग्राम पेण्डारी, तहसील सकरी के द्वारा ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 965/2 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को मेलनबाई से दिनांक 16.04.1985 को क्रय कर नामांतरण कराया गया था जिसका नामांतरण क्रमांक 77 दिनांक 03.11.1985 के आधार पर आवेदक का नाम विधिवत दर्ज हो चुका था, परंतु 2015-16 में आवेदक का नाम विलोपित कर विक्रेता का नाम दर्ज हो गया तथा वर्तमान में उक्त भूमि शासकीय मद में दर्ज दिखा रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार किये जाने संबंधी आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 22/09/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**कार्यालय अधिष्ठाता**

**स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)**
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh, ph-07762-220741
E-mail:gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक/ चिकि.महा./क्रय/2025-26 /8611 रायगढ़, दिनांक 16/09/2025

**// तृतीय ई-निविदा सूचना //**

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय/ चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों के लिए Hand Instruments क्रय किये जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म/ निर्माता कम्पनियों से कार्यालयीन पत्र क्रमांक/ चिकि.महा./ क्रय/ 2025-26/ 6640 रायगढ़ दिनांक 22.07.2025 (E-Tender N0.173291) एवं 7849 दिनांक 25.08.2025 द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्योरमेंट साइट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसकी समयावधि में निम्नानुसार वृद्धि किया जाता है :-

| | |
|---|---|
| वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 24/09/2025 समय 11.59 बजे के पूर्व |
| दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 24/09/2025 समय 03.00 बजे के पूर्व |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 24/09/2025 समय 04.00 बजे तक |

**टीप:-** निविदा की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in एवं ई-प्रोक्योरमेंट साइट https://eproc.cgstate.gov.in/ पर अवलोकन किया जा सकता है।

**अधिष्ठाता**
**स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति**
**शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)**

जी- 252603578/3

**न्यायालयः-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम सह श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.**
**पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार वर्मा**

**उपस्थिति हेतु समंस**

**आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता प्रकरण क्रमांक 08/2025 कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**पेशी दिनांक 30.10.2025**
**प्रो.कं. 49/2025,**

प्रति डायरेक्टर गौरव केडिया, मेसर्स कोलमैन लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड शिव मंदिर रोड के पास विद्या नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. वर्तमान पता नियर अग्रवाल भवन विद्या नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. (दुर्घटना कारित वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 5912 का स्वामी), दुर्गा बाई वगैरह बनाम मेसर्स कोलमैन लॉजिस्टिक प्राईवेट लिमिटेड वगैरह, आवेदिका दुर्गा बाई पति स्व. नेतराम कश्यप व अन्य 03 सभी निवासी ग्राम नवीन अमलीडीह थाना गिधौरी टुण्डरा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. ने आप अनावेदक के विरूद्ध प्रकरण क्रामंक 08, ई.सी.एक्ट., 2025 धारा 22 कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति प्राप्त करने बाबत आवेदन पेश किया है। आप अनावेदक इस न्यायालय में नियत तारीख 30.10.2025 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें। आप अनावेदक को यह भी निर्देश दिये जा रहे है आप इन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजारई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेजों का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर वर्णित की गई पेशी तारीख 30.10.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 30.10.2025 को सार्वजनिक/स्थानीय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 16.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

सील
**( राकेश कुमार वर्मा )**
**आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम**
**श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.**

# देश

उवाच

'राहुल गांधी सिर्फ कोई राजनीतिक नेता नहीं हैं, बल्कि वे संविधान के अनुसार विपक्ष के नेता हैं। अगर वे ऐसा गंभीर आरोप लगा रहे हैं, तो हमें मानना चाहिए कि इसके पीछे कुछ सच्चाई है। मैं एक मजबूत लोकतंत्र चाहता हूं और दुर्भाग्य से, ऐसा लगता है कि कुछ संवैधानिक पद पर बैठे लोग दबाव में काम कर रहे हैं: **जिया उर रहमान बर्क, सपा सांसद संभल**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| दिल्ली | 35° | 27° |
| मुंबई | 29° | 25° |
| कोलकाता | 34° | 27° |
| चेन्नई | 34° | 28° |

### कमल हासन लिया राहुल का पक्ष, बोले

# अगर राहुल गांधी का वोट काटने का आरोप झूठा है तो चुनाव आयोग साबित करे : कमल हासन

**चेन्नई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े को लेकर गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नया दावा किया। उन्होंने कर्नाटक के आलंद निर्वाचन क्षेत्र का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि इस क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं के वोट डिलीट किए गए। इस पर एमएनएम पार्टी के संस्थापक और अध्यक्ष कमल हासन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

कमल हासन ने कहा है कि अगर राहुल गांधी के आरोप झूठे हैं तो इसे साबित किया जाना चाहिए। उन्होंने गुरुवार को चेन्नई की टीएन राजरत्नम आर्ट गैलरी में आगामी विधानसभा चुनावों पर चर्चा के लिए क्षेत्रीय नेताओं के साथ बैठक की। मीटिंग के दौरान कमल हासन ने पार्टी की बूथ समिति की तैयारियों की समीक्षा की और चुनाव के लिए रणनीति बनाई। मीडिया को संबोधित करते हुए कमल हासन ने एमएनएम पार्टी की बूथ समिति के काम के महत्व पर जोर दिया और चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए नए आरोपों पर भी टिप्पणी की।



**चुनाव आयोग को उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए। अगर राहुल गांधी के आरोप झूठे हैं तो उन्हें साबित किया जाना चाहिए और अगर चुनाव आयोग उन्हें निराधार पाता है तो उचित कार्रवाई की जा सकती है: कमल हासन, संस्थापक और अध्यक्ष, एमएनएम पार्टी**

कमल हासन ने कहा, 'चुनाव आयोग को उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए। अगर राहुल गांधी के आरोप झूठे हैं तो उन्हें साबित किया जाना चाहिए और अगर चुनाव आयोग उन्हें निराधार पाता है तो उचित कार्रवाई की जा सकती है।'

राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, 'यह इस देश के युवाओं को यह समझाने और दिखाने की दिशा में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली हो रही है। मैं चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बारे में एक मजबूत दावा करने जा रहा हूं।

## संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना जरूरी: प्रियंका



- **चुनावी प्रक्रिया को नष्ट करने में निर्वाचन आयोग संलिप्त**
- **हम सभी को लोकतंत्र के लिए लड़ने की है जरूरत**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को नष्ट करने में संलिप्त है। उन्होंने लोगों से राहुल गांधी का संवाददाता सम्मेलन देखने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि लोगों को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। प्रियंका गांधी ने संवाददताओं से कहा, 'सभी लोगों का उनका संवाददाता सम्मेलन देखना चाहिए और यह समझना चाहिए कि हमारे देश में क्या हो रहा है और कैसे निर्वाचन आयोग हमारे देश में चुनावी प्रक्रिया को नष्ट करने में संलिप्त है।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'हम सभी को लोकतंत्र के लिए लड़ने की ज़रूरत है। हमें संविधान के लिए लड़ने की ज़रूरत है, हमें अपने देश के लिए लड़ने की जरूरत है।''

## कर्नाटक के मंत्रियों ने राहुल गांधी का किया समर्थन, चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री दिनेश गुंडू राव ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा कि इन चिंताओं को पूरी तरह खारिज करने के बजाय 'गंभीरता से ध्यान' दिए जाने की आवश्यकता है। श्री राव ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा, 'संभवत: राहुल गांधी के पास बहुत सारी जानकारी है और चुनाव आयोग जिस तरह से व्यवहार कर रहा है, उससे गंभीर संदेह पैदा हो रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'चुनाव आयुक्त को निष्पक्ष होना चाहिए – ऐसा व्यक्ति जिस पर संदेह की कोई गुंजाइश भी न हो, लेकिन जिस तरह से वह बात और व्यवहार करते हैं, वह पहले के किसी भी चुनाव आयुक्त से अलग है। यही कारण है कि लोग सवाल उठाने लगे हैं कि क्या यह संस्था निष्पक्ष रूप से काम कर रही है।' श्री राव ने जोर देकर कहा कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिए जरूरी है और उन्होंने आयोग से पारदर्शी तरीके से जवाब देने का आग्रह किया। ?

# बिहार के युवाओं को सीएम नीतीश की सौगात

### ग्रेजुएट को भी 'भत्ता योजना' का लाभ, मिलेंगे 1000 रुपए

**पटना,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को सशक्त बनाने और रोजगार प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, 'नवंबर 2005 में नई सरकार बनने के बाद से ही अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देना तथा उन्हें सशक्त और सक्षम बनाना हम लोगों की प्राथमिकता रही है। आप अवगत हैं कि अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आने वाले समय में सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे नौकरी या रोजगार प्राप्त कर सकें।'



- **एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया**

'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' के विस्तार का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम अंतगर्त पूर्व से संचालित 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' का विस्तार किया गया है। इसके अंतर्गत इंटर पास युवक और युवतियों को पहले से दी जा रही 'स्वयं सहायता भत्ता योजना' का लाभ अब कला, विज्ञान एवं वाणिज्य उत्तीर्ण स्नातक बेरोजगार युवक या युवतियों को भी दिए जाने का निर्णय लिया गया है। 20-25 आयु वर्ग के वैसे स्नातक उत्तीर्ण युवक या युवतियां जो कहीं अध्ययनरत नहीं हैं, तथा नौकरी या रोजगार के लिए प्रयास कर रहे हैं, उनका कोई स्वरोजगार नहीं है अथवा सरकारी, निजी, गैर सरकारी नियोजन प्राप्त नहीं है, को भी 1,000 रुपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता' का भुगतान किया जाएगा। मुझे उम्मीद है कि इस सहायता भत्ता का उपयोग युवक या युवतियां आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों में करेंगे ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।'

मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य सरकार की इस दूरदर्शी पहल का उद्देश्य है कि राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिलें। यहां के शिक्षित युवा आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनें और देश एवं राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।'

## सार संक्षेप

### राजस्थान में मूलभूत सुविधाओं की कमी, मिले विशेष राज्य का दर्जा: टीकाराम जूली

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे को लेकर कांग्रेस नेता टीकाराम जूली ने गुरुवार को कहा कि चुनाव के समय पीएम बड़े वादे करते हैं। वास्तविकता यह है कि राजस्थान में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। लोगों को परेशानी होती है। राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। टीकाराम जूली ने कहा कि पीएम मोदी ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए हैं। जनता ने उन्हें दो बार 25-25 सीटें राजस्थान से दी हैं। इस बार 14 सांसद राजस्थान से दिए हैं, इसके बावजूद राजस्थान मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। मैं चाहूंगा कि राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा मिले। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाढ़ और अतिवृष्टि से राजस्थान में 2 लोगों की जान गई हैं। किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, पशु मरे हैं। राजस्थान सरकार ने कोई मदद नहीं की।

### रांची से पकड़े गए आईएसआईएस संदिग्ध दानिश का बोकारो में क्राइम रीक्रिएशन

**रांची।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम गुरुवार को आईएसआईएस का संदिग्ध आतंकी अशहर दानिश को लेकर झारखंड पहुंची। ज्ञातव्य है कि 11 सितम्बर को रांची के पत्थलकुदवा में तबराक लॉज से गिरफ्तार अशहर को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों ने आज बताया कि पैन इंडिया टेरर मॉड्यूल के मुखिया अशहर दानिश को लेकर दिल्ली स्पेशल सेल की टीम बोकारो पहुंची। आतंकी अशहर दानिश के पेटरवार उतासारा स्थित अशहर दानिश के घर की तलाशी ली, उसके बाद स्पेशल सेल ने आतंकी दानिश के गांव के बीज भंडार लेकर गई जहां से लगभग 1 साल पहले 5 किलो पोटेशियम नाइट्रेट खरीदा था। वहीं दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने बोकारो जिले के पेटरवार में क्राइम रीक्रिएशन कराया।

### राहुल गांधी के आरोप पर नकवी का तंज, 'वोट चोरी' नहीं, कांग्रेस की 'बुद्धि चोरी'

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'वोट चोरी' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनका बयान कुंठा और कटुता से प्रेरित है। भाजपा नेता ने आईएएनएस से बातचीत में कांग्रेस को 'कुंठित, कटुता के कबाड़खाने में कैद डिफिटेड डाइनेस्टी के डिस्ट्रक्टिव डींगबाज' करार दिया, जो 'डपोरशंख' हैं। राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए भाजपा नेता ने कहा कि हाइड्रोजन बम, कभी गोला-बारूद या हवाबाजी का झोला लेकर उन्हें लगता है कि वे लोकतंत्र को 'हाईजैक' कर लेंगे या जनादेश को 'हाईजैक' कर लेंगे।

## कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक पटना में, चुनाव से पहले पार्टी के दिग्गजों का जमावड़ा 24 सितम्बर को

**पटना,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा से उत्साहित कांग्रेस पार्टी ने अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग समिति की बैठक पटना में 24 सितंबर को आयोजित करने का फैसला लिया है, जिसमें पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। जाहिर है कि बिहार में चुनाव का मौसम आने वाला है और चुनाव अधिसूचना से पहले ही पार्टी ने अपने तमाम दिग्गज नेताओं को बिहार बुलाने की तैयारी की है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर एक पत्र जारी कर सूचित किया कि कांग्रेस वर्किंग समिति की बैठक पटना में 24 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व आयोजित यह विस्तारित बैठक होने वाली है इसलिए इसमें पार्टी के सभी राज्यों के प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष , विधान मंडल दल के नेता, सभी कांग्रेस चुनाव समिति के सदस्य, राज्यों के प्रभारी, विशेष आमंत्रित सदस्य और कार्यालय सदस्य भी शामिल होंगे। बिहार कांग्रेस समिति मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी पटना पहुंचेंगे।



- **राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर एक पत्र किया जारी**

श्री राठौड़ ने बताया कि राजनीति में हर कदम चुनाव से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले होने वाली इस बैठक से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। मीटिंग में दो सौ लोगों के शामिल होने की संभावना है। लेकिन कांग्रेस प्रवक्ता ने इसे शक्ति प्रदर्शन मानने से इन्कार किया। गौरतलब है कि महागठबंधन में अबतक सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हो सका है। उससे पहले कांग्रेस पार्टी ने कुछ प्रमुख सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाने की कवायद शुरु कर दी है। कांग्रेस इस कार्यसमिति की बैठक के जरिए महागठबंधन को अपनी ताकत का भी एहसास कराने की कोशिश कर रही है।

## हड़ताल पर पीएमसीएच के जूनियर डॉक्टर, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

**पटना**, 18 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। विभिन्न मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि ओपीडी में आए मरीजों को बिना इलाज कराए लौटना पड़ रहा है। साथ ही, अस्पताल में भर्ती मरीजों की भी परेशानी बढ़ गई है। आपातकालीन सेवा को छोड़कर, ओपीडी, वार्ड और ऑपरेशन थिएटर में सभी काम बंद हैं। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे सभी सेवाएं बंद रखेंगे। यह आंदोलन बॉन्ड पोस्टिंग की अवधि को सीनियर रेसिडेंसी के रूप में मान्यता देने, वेतन वृद्धि, मेरिट कम च्वाइस आधारित पोस्टिंग, वेटिंग पीरियड को बॉन्ड अवधि में शामिल करने और पहले से अर्जित वेतन की मांगों पर केंद्रित है। जूनियर डॉक्टर प्राची ने कहा कि हमारी कई मांगें हैं। इनमें सबसे प्रमुख है कि हम लोगों की बॉन्ड अवधि तीन साल से घटाकर एक साल की जाए तथा बॉन्ड तोड़ने की पेनाल्टी 25 लाख रुपए से हटाकर 10 लाख रुपए की जाए।



- **आपातकालीन सेवा को छोड़कर, ओपीडी, वार्ड और ऑपरेशन थिएटर में सभी काम बंद**

## गाजा में हालात बहुत खराब, भारत मजबूती से रखे अपना पक्ष : एमके स्टालिन

**चेन्नई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने गाजा में चल रहे मानवीय संकट पर चिंता जताई। उन्होंने दुनियाभर के देशों से गाजा पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि गाजा में हालात बहुत खराब हैं, दुनिया को इस पर ध्यान देना चाहिए।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट में लिखा, 'गाजा में हालात बहुत खराब हैं, दुनिया को इस पर ध्यान देना चाहिए। मैं गाजा में हो रहे अत्याचारों से स्तब्ध हूं। हर दृश्य दिल दहलाने वाला है। बच्चों की चीखें, भूखे बच्चे, अस्पतालों पर बमबारी और संयुक्त राष्ट्र की जांच समिति द्वारा नरसंहार की घोषणा, यह सब उस पीड़ा को दर्शाता है, जो किसी भी इंसान को नहीं झेलनी चाहिए।' सीएम स्टालिन ने केंद्र सरकार से अपील करते हुए कहा, 'जब इस तरह बेगुनाह लोगों की जान जा रही है, तो चुप रहना विकल्प नहीं है। हर इंसान की अंतरात्मा को जागना होगा। भारत को मजबूती से बोलना चाहिए, दुनिया को एकजुट होना चाहिए और हम सबको मिलकर इस अत्याचार को अभी खत्म करना चाहिए।'



**मैं गाजा में हो रहे अत्याचारों से स्तब्ध हूं। हर दृश्य दिल दहलाने वाला है। बच्चों की चीखें, भूखे बच्चे, अस्पतालों पर बमबारी और संयुक्त राष्ट्र की जांच समिति द्वारा नरसंहार की घोषणा, यह सब उस पीड़ा को दर्शाता है, जो किसी भी इंसान को नहीं झेलनी चाहिए: एमके स्टालिन**

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में इजरायली हवाई हमलों और गोलीबारी में 65,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने गाजा को 'कब्रिस्तान' बताते हुए इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी पर आपत्ति जताई थी।

## छत्तीसगढ़ की संपत्ति को कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सौंपने की रची जा रही साजिश : सचिन पायलट

**राजनांदगांव/दुर्ग,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और महारैली के साथ भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने गुरुवार को राजनांदगांव में 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान के तहत महारैली में हिस्सा लिया। राजनांदगांव के जय स्तंभ चौक में आयोजित रैली में सचिन पायलट ने भाजपा और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के इशारे पर प्रदेश में शासन चल रहा है और छत्तीसगढ़ की संपत्ति को कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सौंपने की साजिश रची जा रही है। सचिन पायलट ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के प्रमाण दिए गए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले 11 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है, लेकिन निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सवालों के घेरे में हैं। रैली में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के अधिकारों का हनन किया है।



## नासा में भी दिल रहा हिंदुस्तानी : सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरिक्ष की दुनिया का जब जिक्र होता है, तो भारत के कदमों की छाप हर उस जगह मिलती है, जहां बड़े-बड़े देशों के लिए पहुंचना आज भी नामुमकिन-सा है। नए भारत की उड़ान और भारत के इन सपनों को पूरा करने में अंतरिक्ष यात्रियों का सबसे बड़ा योगदान है। जैसे हाल ही के मिशन में शुभांशु शुक्ला जैसे नायकों ने भारत का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही, भारत की मिट्टी से जुड़े कई ऐसे अंतरिक्ष यात्री हैं, जो भले ही शारीरिक रूप से दूर हों, पर उनके दिल में हिंदुस्तान बसता है। इनमें सुनीता विलियम्स का नाम प्रमुख है, जिनका जन्म 19 सितंबर 1965 को अमेरिका के ओहायो में हुआ। सुनीता विलियम्स का जन्म भले ही भारत में नहीं हुआ, लेकिन उनके कर्मों और विचारों में भारतीय संस्कृति और संस्कार जीवंत हैं। अंतरिक्ष की अनंत ऊंचाइयों में भी उन्होंने इन संस्कारों को संजोए रखा। एक यादगार किस्सा उनकी 6 दिसंबर 2006 की अंतरिक्ष यात्रा का है, जब वे अपने साथ समोसे, भगवद्गीता और उपनिषद लेकर गई थीं।

सुनीता विलियम्स ने यह



- **धरती के बाहर दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक**
- **शुभांशु शुक्ला जैसे नायकों ने भारत का गौरव बढ़ाया**

## छावनी क्षेत्रों को आधुनिक शहरों की तरह विकसित किए जाने की जरूरत : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बदली परिस्थितयों में भारतीय रक्षा संपदा सेवा को रक्षा भूमि के प्रबंधन के साथ-साथ छावनी क्षेत्रों को स्मार्ट, हरित और सतत शहरी इकोसिस्टम के रूप में विकसित करना होगा जिससे इनमें रहने वाले लाखों लोगों के जीवन स्तर को उपर उठाया जा सके।

श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र की भूमि के प्रबंधन से संबंधित दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन2025' का उद्घाटन करने के बाद देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में रक्षा संपदा सेवा की भूमिका को अहम बताते हुए कहा, 'मुझे लगता है, कि इस संकल्प को पूरा करने में संपदा सेवा की भी अहम भूमिका होगी। हमें विकसित भारत के साथ तालमेल बैठाना होगा । 2047 तक हमें इन छावनियों को स्मार्ट, हरित और सतत शहरी इकोसिस्टम के रूप में विकसित करना होगा। यह केवल रक्षा भूमि की सुरक्षा और प्रबंधन तक सीमित नहीं होगा बल्कि यहाँ रहने वाले लाखों लोगों के जीवन स्तर को भी ऊँचा उठाएगा।' रक्षा मंत्री ने कहा कि बदलते समय के अनुसार अब ज़रूरी हो गया है कि छावनी क्षेत्रों को आधुनिक शहरों की तरह विकसित किया जाये और वहां लोगों को समय पर घर बैठे सभी सुविधाएं पारदर्शी तरीके से मिल सकें।रक्षा मंत्री ने छावनी क्षेत्रों में जीवन को आसान बनाने तथा व्यापार में सुगमता को बढावा देने पर बल देते हुए कहा कि ई छावनी 2.0 जैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को आगे बढाते हुए इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिकायत निवारण प्रणाली, बहुभाषी सेवाओं और स्मार्ट हैल्थ को शामिल करना होगा।



**2047 तक हमें इन छावनियों को स्मार्ट, हरित और सतत शहरी इकोसिस्टम के रूप में विकसित करना होगा। यह केवल रक्षा भूमि की सुरक्षा और प्रबंधन तक सीमित नहीं होगा बल्कि यहां रहने वाले लाखों लोगों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाएगा: राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

- **रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय सम्मेलन 'मंथन2025' का उद्घाटन किया**

### योजना | अब जम्मू से सीधे कश्मीर पहुंचिए रेल से

# जम्मू-श्रीनगर सीधी ट्रेन सर्दियों से पहले शुरू होगी!

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर की वादियों में जम्मू से सीधे श्रीनगर जाने के लिए उन उतावले पर्यटकों को अब और इंतजार करने की जरूरत नहीं है जो राजमार्ग की दुश्वारियों से लगातार दो चार होते आए हैं क्योंकि बहुप्रतीक्षित जम्मू-श्रीनगर सीधी ट्रेन सेवा अक्टूबर के अंत तक शुरु होने की संभावना है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार, यह सेवा, जो प्रतिष्ठित 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना का हिस्सा है।**

- **घाटी को रेल यात्रा के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम**
- **नई कनेक्टिविटी से जम्मू और कश्मीर में पर्यटन, व्यापार और बागवानी क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा**

घाटी को निर्बाध रेल यात्रा के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, जम्मू रेलवे स्टेशन पर लंबित कार्य पूरा होने के बाद यह सेवा शुरू होने की उम्मीद है। जम्मू रेलवे स्टेशन का विस्तार सितम्बर तक पूरा होना था। हालांकि, कई कारणों से काम की गति धीमी हो गई, जिससे समय सीमा लगभग तीन सप्ताह पीछे हो गई। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि जम्मू रेलवे डिवीजन में अंतिम कार्य अभी पूरा होना बाकी है, और परियोजना अपने अंतिम चरण में है। अधिकारी के बकौल, निर्माण गतिविधियां जारी हैं और शेष कार्यों को पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू स्टेशन पर लंबित विस्तार कार्य पूरा होने और मंज़ूरी मिलने के बाद, सीधी सेवा शुरू कर दी जाएगी। लक्ष्य इसे सर्दी शुरू होने से पहले चालू करना है।



यूएसबीआरएल परियोजना, जिसे 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया था, को कई इंजीनियरिंग और प्राकृतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसमें दुनिया के कुछ सबसे महत्वाकांक्षी रेलवे बुनियादी ढांचे शामिल हैं, जिनमें चिनाब रेल पुल, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, और कई लंबी सुरंगें शामिल हैं।

इस नई कनेक्टिविटी से जम्मू और कश्मीर में पर्यटन, व्यापार और बागवानी क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 19 सितम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी की दूसरी प्रेस कांफ्रेंस, कुछ नए सवाल

कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में फिर से वोट चोरी और चुनावी धांधली के नए सबूत पेश किए हैं। बुधवार शाम को जब सूचना आई कि श्री गांधी 18 सितंबर को सुबह प्रेस कांफ्रेंस करने वाले हैं, तो कयास लगने की लगी कि 1 सितंबर को जिस हाइड्रोजन बम का डर उन्होंने भाजपा को दिखाया था, वो फूटने वाला है। लेकिन प्रेस कांफ्रेंस शुरु होते ही राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया कि यह हाइड्रोजन बम नहीं है, हाइड्रोजन बम आने वाला है। यह इस देश के युवाओं को यह दिखाने और स्थापित करने में एक और मील का पत्थर है कि चुनावों में किस तरह धांधली की जा रही है।

गौर करने की बात है कि राहुल गांधी ने इस बार प्रेस कांफ्रेंस में युवाओं को संबोधित किया है, क्योंकि इस देश का लोकतंत्र अब युवाओं को ही संभालना है। इसलिए उन्हें न केवल चुनावी प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए, बल्कि ये भी पता होना चाहिए कि इसमें किस किस्म की गड़बड़ी की जा सकती है। अभी यह कहना मुश्किल है कि कितने युवाओं ने इस प्रेस कांफ्रेंस को देखा और राहुल गांधी की बात को समझा है। लेकिन देश का युवा राहुल गांधी के दिखाए सबूतों के आधार पर अगर मोदी सरकार से और चुनाव आयोग से सवाल करने लग जाए तो फिर ऐसी धांधलियों पर काफी हद तक रोक लग जाएगी।

गुरुवार की प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त को भी कड़ी चेतावनी दी है कि आप को पद संभालते वक्त ली जाने वाली शपथ याद रखनी चाहिए। राहुल गांधी ने दावा किया कि उनकी पार्टी के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास हुए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'लोकतंत्र की हत्या करने वालों' तथा 'वोट चोरों' की रक्षा कर रहे हैं। 'वोट चोरी' का काम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संरक्षण हो रहा है।

बता दें कि 7 अगस्त की प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने कर्नाटक की महादेवपुरा सीट पर कई नाम जोड़े जाने के सबूत पेश किए थे। लेकिन गुरुवार की प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बताया है कि कैसे मतदाता सूची से नाम काटे गए हैं और इसके लिए अलग-अलग राज्यों से फोन नंबर का इस्तेमाल हुआ है। राहुल गांधी प्रेस कांफ्रेंस में ऐसे लोगों को लेकर भी आए जिनके नाम से वोट काटे गए। इन्हीं में से एक शख्स ने बताया कि उनके नाम से 12 वोट काटे गए, जबकि उन्होंने कभी ऐसा किया ही नहीं। दो शख्स और आए, जिनमें एक का नाम सूची से काटा गया था और दूसरे ने नाम काटने की अर्जी दी थी। लेकिन असल में दोनों ही इस बात से अनजान थे कि उनके नाम पर ऐसा कुछ हुआ है। एक दिलचस्प उदाहरण भी राहुल गांधी ने दिया कि एक शख्स ने सुबह चार बजे उठकर दो अर्जियां दाखिल की और दोनों ही महज 36 सेकंड में दाखिल की गईं। यानी आधे मिनट में दो-दो आवेदन दिए गए वो भी सुबह 4 बजे, जिस पर एकबारगी यकीन नहीं किया जा सकता। लेकिन ऐसा हुआ है और इस सबके पीछे बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है।

राहुल गांधी के मुताबिक योजना बनाकर सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर वोटर लिस्ट से नाम काटा जा रहा है। जिस बूथ पर कांग्रेस वोटर ज्यादा हैं, वहीं वोट काटा जा रहा है। कर्नाटक की ही आलंद विधानसभा का प्रमाण देते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि आलंद में किसी ने 6,018 वोट हटाने की कोशिश की। हमें यह नहीं पता कि 2023 के चुनाव में कुल कितने वोट हटाए गए हैं, लेकिन इतना तय है कि यह संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा थी। राहुल ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब गलती से एक वोट डिलीट करने के दौरान गड़बड़ी पकड़ में आ गई। दरअसल, एक बूथ-लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। जब उसने जांच की कि यह वोट किसने डिलीट किया, तो पता चला कि उसका ही पड़ोसी जिम्मेदार दिखाया गया है। लेकिन जब उसने अपने पड़ोसी से बात की, तो उसने साफ कहा कि उसने ऐसा कुछ नहीं किया। यानी जिसने वोट हटाया और जिसका वोट हटा- दोनों ही इस बात से अनजान थे।

राहुल गांधी ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है। सीआईडी ने 18 महीने में 18 पत्र चुनाव आयोग को भेजे हैं और पूछा कि हमें डेस्टिनेशन आईपी दीजिए, डिवाइस डेस्टिनेशन के बारे में जानकारी दीजिए, इसके अलावा ओटीपी ट्रेल को भी देने के लिए कहा। कर्नाटक की सीआईडी ने कई बार इसकी मांग चुनाव आयोग से की। लेकिन उस पर चुनाव आयोग ने जवाब नहीं दिया। लेकिन गुरुवार की प्रेस कांफ्रेंस के कुछ देर बाद ही चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के दावों के स्क्रीन शॉट पर गलत का ठप्पा लगा दिया और कहा कि आरोप गलत और निराधार हैं। आयोग ने अपने बचाव में कहा कि किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी के भी द्वारा नहीं हटाया जा सकता, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी वोट नहीं हटाया जा सकता।

लेकिन आयोग के इन दावों की व्यावहारिक हकीकत देश जानता है। कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जब किसी को जानकारी दिए बिना, या उसकी सुनवाई के बिना ही वोटर लिस्ट से नाम काटा गया है। बहरहाल चुनाव आयोग ने ये भी कहा कि 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जाँच के लिए, चुनाव आयोग के प्राधिकारी द्वारा स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लेकिन चुनाव आयोग ने अब भी ये नहीं बताया कि सीआईडी कर्नाटक ने 18 अलग-अलग मौकों पर जो जानकारी मांगी, वो क्यों नहीं दी गई। इसी तरह प्रेस कांफ्रेंस में कुछ खास लोगों ने यह दावा कैसे किया कि उनके नाम का दुरुपयोग करके नाम हटाए गए, और उन्हें पता ही नहीं चला। क्या चुनाव आयोग यह मानता है कि राहुल गांधी के साथ-साथ उन लोगों ने भी गलत जानकारी दी। अगर ऐसा है तो क्या कोई कार्रवाई की जाएगी। और सबसे आखिरी सवाल जब बार-बार चुनाव आयोग पर उंगली उठ रही है, तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि ज्ञानेश कुमार इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए खुद आगे आएं। बार-बार भाजपा उनके बचाव में क्यों खड़ी रही है।

# संघ का नया चुनावी युद्धघोष-घुसपैठियों का खतरा!

आने वाले चुनावी सीजन के लिए, भाजपा-आरएसएस ने विपक्ष के खिलाफ अपना मुख्य नैरेटिव तय कर लिया लगता है। पहले, असम में दारंग जिले के मंगलडोई में और उसके अगले ही दिन, बिहार में पूर्णिया में प्रधानमंत्री मोदी ने ''विकास'' के अपने दावों के अलावा, जो राजनीतिक संदेश दिया, वह इसी का संकेत करता है। असम में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि देश के सीमावर्ती इलाकों में, आबादी का गठन बदलने का षडयंत्र रचा जा रहा है। और प्रधानमंत्री के अनुसार इस षडयंत्र को ''घुसपैठियों'' के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। अगले ही दिन, पूर्णिया में अपनी सभा में प्रधानमंत्री ने ''घुसपैठियों'' के खतरे का अपना आख्यान दोहराया। यही नहीं यहां प्रधानमंत्री ने असम तथा बिहार के साथ, बंगाल के लिए भी इसे गंभीर खतरा बता दिया। और इस खतरे में भावनात्मक छौंक लगाते हुए, उन्होंने ''बहन-बेटियों की सुरक्षा'' के लिए खतरे की दुहाई दे डाली। याद दिला दें कि कथित घुसपैठियों से बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरे की ठीक ऐसी दुहाई का, प्रधानमंत्री मोदी ने ही बिहार की तरह ही बंगाल से ही लगती हुई सीमा वाले एक और राज्य, झारखंड में विधानसभाई चुनाव में पूरा जोर लगाकर इस्तेमाल किया था। यह दूसरी बात है कि उसके बावजूद जनता ने एक बार फिर भाजपा को राज्य में सत्ता से बाहर ही रखने का जनादेश दिया था।

जाहिर है कि संघ-भाजपा का यह चुनावी नैरेटिव उतना कथित ''घुसपैठियों'' के खिलाफ नहीं है, जितना कि भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ है। इसलिए, अपने असली निशाने के संबंध में किसी संदेह या दुविधा की गुंजाइश न छोड़ते हुए, प्रधानमंत्री ने असम में अपने भाषण में कहा कि वास्तव में सीमावर्ती इलाकों में यह षड्यंत्र वे लोग चला रहे थे, जो घुसपैठियों को शरण देने पर आमादा थे। यहां से एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने असम में अपनी मुख्य राजनीतिक विरोधी, कांग्रेस पर और पहले की कांग्रेसी सरकारों पर, इन घुसपैठियों को बचाने तथा उनकी हिमायत करने का आरोप जड़ दिया। प्रधानमंत्री ने आगे यह भी कहा कि, ''कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बने रहें और उसका भविष्य तय करें।'' यानी खतरा इतना बड़ा है कि देश भविष्य ही घुसपैठिये तय करने लग जाएंगे।

''राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे'' के लबादे में, वास्तव में चुनावी द्वंद्व की अपनी इस प्रस्तुति में, प्रधानमंत्री मोदी अति-नाटकीयता का छोंक लगाना भी नहीं भूले। उन्होंने कहा, ''मैं (विरोधी) राजनीतिज्ञों से कहना चाहता हूं कि मैंने उनकी चुनौती स्वीकार कर ली है...लिखकर रख लीजिए। मैं देखूंगा कि कैसे तुम घुसपैठियों को बचाने के लिए अपनी ताकत लगाते हो और कैसे हम उन्हें निकालने के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगाते हैं। हो जाए मुकाबला। घुसपैठियों को बचाने वाले हार जाएंगे और मेरी बात लिखकर रख लीजिए, देश उन्हें माफ नहीं करेगा!'' इसके बाद तो सिर्फ भाजपा के लिए वोट मांगना ही बाकी रह जाता था।

उधर बिहार में पूर्णिया में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने स्वाभाविक रूप से घुसपैठियों की हिफाजत करने के दोषियों का अपना दायरा बढ़ा दिया और कांग्रेस के साथ ही राष्ट्रीय जनता दल को घुसपैठियों को ''लंबे समय से'' संरक्षण दे रहे होने का दोषी ठहरा दिया। उन्होंने चुनौती की मुद्रा में कहा, ''लेकिन, उन्हें बाहर निकालना एनडीए की जिम्मेदारी है'' और यह भी जोड़ा कि ''घुसपैठियों का संरक्षण देने वाले नेता कान खोलकर सुन लें, हम उन्हें बाहर भेजना जारी रखेंगे। हमने जनसांख्यिकीय आयोग के गठन का एलान कर दिया है।'' इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी यह कहकर इस खतरे को अखिल भारतीय खतरा बनाने की कोशिश करना नहीं भूले कि, ''बिहार, बंगाल, असम के लोग अपनी बहन-बेटियों की सलामती और सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।''


राजेंद्र शर्मा

> ''राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे'' के लबादे में, वास्तव में चुनावी द्वंद्व की अपनी इस प्रस्तुति में, प्रधानमंत्री मोदी अति-नाटकीयता का छोंक लगाना भी नहीं भूले। उन्होंने कहा, ''मैं (विरोधी) राजनीतिज्ञों से कहना चाहता हूं कि मैंने उनकी चुनौती स्वीकार कर ली है...लिखकर रख लीजिए। मैं देखूंगा कि कैसे तुम घुसपैठियों को बचाने के लिए अपनी ताकत लगाते हो और कैसे हम उन्हें निकालने के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगाते हैं।

जाहिर है कि आने वाले दिनों में हमें प. बंगाल में भी घुसपैठियों के खतरे की यह कहानी बार-बार सुनने को मिलेगी। हां! प. बंगाल में इसे कुछ अलग ढंग से जरूर पेश किया जा रहा होगा। आखिरकार, प. बंगाल में बांग्लादेश से समय-समय पर आए ऐसे हिंदू प्रवासियों की भी बहुत बड़ी संख्या है, जिनकी नागरिकता का मुद्दा, आम राजनीतिक सर्वानुमति होने के बावजूद, तरह-तरह के तकनीकी कारणों से लटका रहा है। प. बंगाल में घुसपैठियों के खतरे का शोर मचाने में, उन्हें इन हिंदू प्रवासियों को बचाने का खास ध्यान रखना होगा।

वर्ना ''बांग्लादेशी घुसपैठियों'' के खतरे के नाम पर गोलबंदी, तो संघ-भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से उल्टी ही पड़ जाएगी। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कुख्यात रूप से जिस ''क्रोनोलॉजी'' पर जोर दिया था, वह इसी पैंतरे को साधने की कोशिश का हिस्सा था।

ऐसा लगता है कि संघ-भाजपा को अपनी मुस्लिम विरोधी गोलबंदी और उसके आधार पर ध्रुवीकरण की मुहिम के लिए एक और नारा मिल गया है। जाहिर है कि इस सिलसिले में तो वे कभी किसी भ्रम की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं कि जब वे घुसपैठ की बात करते हैं, घुसपैठ के जरिए आबादी का गठन बदले जाने की बात करते हैं और इस तरह घुसपैठ से सामाजिक ताने-बाने से लेकर, राष्ट्र की सुरक्षा तक खतरे में पड़ जाने की बात करते हैं, तो वे सिर्फ और सिर्फ अल्पसंख्यकों की और उसमें भी खासतौर पर मुसलमानों की आबादी बढ़ने की ही बात कर रहे होते हैं। इस संबंध में अगर कोई अस्पष्टता रही भी होगी तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) बनाए तथा लागू किए जाने के बाद दूर हो चुकी है, जो कानूनी तौर पर बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि, पड़ौसी देशों से अवैध रूप से आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को छांटकर उनके लिए नागरिकता का रास्ता खोलता है। इस कानून से संबंधित नियमों में ताजातरीन संशोधनों के जरिए, अब 2024 के अंत में आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों तक के लिए नागरिकता का यह रास्ता खोल दिया गया है। यह ''घुसपैठिया'' शब्द को मुस्लिम प्रवासी का समानार्थी ही बना देता है। आबादी के गठन में ठीक ऐसी ही घुसपैठ से होने वाले बदलाव को वे हिंदुओं के लिए ही नहीं, राष्ट्र के लिए भी खतरे की तरह पेश करते हैं। जनसांख्यिकीय आयोग के गठन का मोदी सरकार का एलान, खतरे के ठीक इसी दावे को देश की सरकार की नीति और कदमों के स्तर तक पहुंचा देता है।

उक्त आयोग चूंकि सबसे बढ़कर, बदले हुए नाम से मुस्लिम खतरे के प्रोपेगंडा का ही औजार है, इसलिए हैरानी की बात नहीं है कि 15 अगस्त के लालकिले से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के इस आयोग का गठन की घोषणा करने के बाद गुजरे महीने भर में, इस संबंध में आगे कुछ किए जाने की कोई खबर नहीं आयी है। न इस आयोग की संरचना के बारे में, न उसकी कार्यप्रणाली या कार्य क्षेत्र के बारे में, देश को कुछ भी बताया गया है। बस प्रधानमंत्री की औपचारिक-अनौपचारिक चुनावी सभाओं में, इस आयोग के गठन की बात को दोहराया जा रहा है। फिलहाल इस आयोग के नाम का इस्तेमाल इस धारणा की पुष्टि के लिए किया जा रहा है कि राष्ट्र के लिए, यह कोई वास्तविक खतरा खड़ा हो गया है। दूसरे, इसके नाम का इस्तेमाल इस धारणा से प्रभावितों यानी हिंदुत्व समर्थकों को इसका भरोसा दिलाने के लिए किया जा रहा है कि मोदी सरकार, इस खतरे से निपटने के लिए सक्रिय तरीके से काम कर रही है।

इस पूरे मामले का सबसे बेढ़ब पहलू यह है कि यह सब कोरे प्रोपेगंडा से बनी और लगातार बनायी जा रही धारणाओं का मामला है। बेशक, यह प्रोपेगंडा इतना ज्यादा सघन और तीव्र है कि बढ़ती संख्या में लोग इन धारणाओं के शिकार होते गए हैं। लेकिन, यह प्रोपेगंडा तथ्यों के मामले में करीब पूरी तरह से अंधेरे में ही संचालित किया जाता रहा है। वास्तव में इसके कोई तथ्यात्मक साक्ष्य हैं ही नहीं कि सीमावर्ती इलाकों में, आबादी के सामुदायिक अनुपात में कोई असामान्य बदलाव आए हैं। लेकिन, यह प्रचार बदस्तूर जारी है और जैसा कि हमने पीछे कहा, अब देश की सरकार की नीति और कदमों के स्तर पर भी पहुंच गया है।

''घुसपैठियों के खतरे'' के नारे के इस तरह सरकार की नीति के स्तर तक पहुंचने की यह यात्रा भी काफी शिक्षाप्रद है। हमारे देश में बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक प्रचार में यह धारणा तो बहुत पहले से चली आ रही थी कि मुसलमान बहुत ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। शिक्षित, सवर्ण, संपन्न हिंदू, यह तुलना करते हुए, इस मामले अन्य गैर-मुस्लिम अशिक्षित, गरीबों की स्थिति की ओर से आसानी से आंखें मूंद लेते थे और इस तरह ज्यादा संतानें पैदा करने का संबंध, अशिक्षा और गरीबी से काटकर, आधे-अधूरे तरीके से धर्म से जोड़ देते थे। यह इसके बावजूद था कि जनगणना के आंकड़े, आबादी के बारे में कुछ और कहानी कह रहे थे। इस कहानी का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि भारत में शिक्षा के प्रसार के साथ आबादी में वृद्धि की रफ्तार सभी समुदायों के लिए तेजी से घटती जा रही है और मुसलमानों के मामले में हिंदुओं से भी तेजी से घट रही है।

इसके अकाट्य साक्ष्यों के सामने, सांप्रदायिक प्रोपेगंडा में थोड़ा बदलाव कर अब इसे आम तौर पर आबादी बढ़ने से खतरे के बजाए, खासतौर पर ''घुसपैठ से मुस्लिम आबादी बढ़ने के खतरे'' में तब्दील कर दिया गया है। यह दिखाता है कि सांप्रदायिक प्रोपेगंडा, सिर्फ प्रचार और पूर्वाग्रहों के बल पर, अपने लक्ष्य समुदाय के लिए हवा में से खतरे का भूत खड़ा कर सकता है।

हाल के दौर में संघ-भाजपा के इस प्रोपेगंडा को नये चरण में पहुंचाते हुए, देश के विभिन्न हिस्सों में खासतौर बंगाली मुस्लिम मजदूरों पर हमलों से लेकर उनकी पकड़-धकड़ तथा जबरन बांग्लादेश में धकेले जाने तक की कार्रवाइयां शुरू कर दी गयीं।

उसके बाद, प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने भाषण में आबादी के गठन में बदलाव के खतरे का मुद्दा उठा दिया और डेमोग्राफी आयोग के गठन का एलान कर दिया। उसके बाद आरएसएस ने जोधपुर में हुई अपने आनुषांगिक संगठनों की सालाना बैठक में, घुसपैठ के खतरे को सांप्रदायिक प्रचार का मुख्य नारा बनाने की पुष्टि कर दी। अब प्रधानमंत्री ने इसे युद्धघोष के रूप में चला दिया है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लुभाने के लिए ब्रिटिश शाही तामझाम

■ अंजन रॉय

ब्रिटेन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्वागत और उन्हें लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। ट्रंप वर्तमान में राजा चार्ल्स के निमंत्रण पर राजकीय अतिथि के रूप में ब्रिटेन के दौरे पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत विंडसर किले स्थित 900 साल पुराने शाही घर में किया जा रहा है, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे।

शुरू से ही, ब्रिटिश सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति को प्रभावित करने के लिए अपने रविवार के सर्वश्रेष्ठ परिधान पहनने की कोशिश कर रही थी। प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर ने ओवल ऑफिस में प्रेस की मौजूदगी में निमंत्रण पत्र सौंपा, जिसमें कहा गया था कि यह ब्रिटिश राजा का पत्र है।

राजा के निमंत्रण से लेकर अतिथि गणमान्य अतिथि के स्वागत तक, ब्रिटेन ट्रंप को प्रभावित करने, उन्हें अपने साथ कुछ व्यापारिक समझौते करने के लिए राजी करने और उस बात को मज़बूत करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है जिस पर ब्रिटेन ज़ोर देते हुए कभी नहीं थकता -वह है इंग्लैंड और अमेरिका के बीच 'विशेष संबंध'।

> यह निश्चित रूप से शर्मनाक होगा कि एक राजदूत को उस संबंध के लिए बेरहमी से अपमानित किया गया और वापस बुलाया गया, जिसके बारे में यह साबित हो चुका है कि राष्ट्रपति भी उससे जुड़े थे। यात्रा के अंत में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एपस्टीन प्रकरण पर कुछ सवाल शाही स्वागत के पूरे आकर्षण को बिगाड़ सकते हैं और इसे और भी उलझा सकते हैं। चंचल ट्रम्प बिल्कुल अलग मूड में हैं।

युद्धकालीन प्रधानमंत्री विंस्टनचर्चिल ने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र देशों की सेना के एक प्रमुख सदस्य के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिनरूज़वेल्ट को शामिल करने के लिए इसका भरपूर इस्तेमाल किया था। रूज़वेल्ट थोड़े उदासीन थे और चर्चिल की विभिन्न हरकतों के प्रति ज़्यादा उदार नहीं थे।

अब, जब यूरोप में स्थिति गंभीर होती जा रही है और पूरा पश्चिमी यूरोप रूसी सैन्य बल की तपिश महसूस कर रहा है, ब्रिटेन डोनाल्ड ट्रंप को रूस के साथ अपने रिश्ते को और भी सक्रिय बनाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। इसके अलावा, ब्रिटेन अब वह आर्थिक शक्ति नहीं रहा जो वह पहले हुआ करता था और अब अपने आर्थिक कायाकल्प के लिए अमेरिका के साथ संबंध बनाने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि, ये बातें बाद में होंगी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ब्रिटिश प्रधानमंत्री के कंट्री हाउस, द चेकर्स का दौरा करेंगे, जहां दोनों देशों के बीच कुछ व्यापारिक समझौतों और तकनीकी सहयोग पर चर्चा होनी है। इस अमेरिकी उदारता का आधार विंडसर पैलेस और उसके प्रांगण में ब्रिटिशों द्वारा की जाने वाली कुछ भव्यता और दिखावटी शान-शौकत की पेशकश करके तैयार किया जा रहा है।

लेकिन जैसे ही अमेरिकी राष्ट्रपति महल के प्रांगण में उतरेंगे, डोनाल्ड ट्रम्प एक घोड़े से खींची जाने वाली राजकीय गाड़ी में सवार होंगे और तोपों की सलामी होगी और एक घुड़सवार उन्हें महल के प्रवेश द्वार तक ले जाएगा जहां वेल्स के राजकुमार और राजकुमारी उनका स्वागत करेंगे। उनकी इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान, शाही बैंड स्कॉटिशहाइलैंड लेडी और अन्य धुनें बजाते रहेंगे।

यह पूरा तामझाम ट्रम्प के स्कॉटिश वंश को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया है। जहां तक उनकी स्मृतियों का सवाल है, ट्रम्प ने याद किया था कि कैसे उनकी मां महारानी एलिजाबेथ के राज्याभिषेक को मंत्रमुग्ध होकर देख रही थीं और उनके पिता ने उनसे बार-बार उनके लिए यह उबाऊ शो बंद करने के लिए कहा था। हालांकि, जब से डोनाल्ड ने अपनी मां से प्रेरणा ली है, तब से वह ब्रिटिश शाही परिवार और उनके तौर-तरीकों से हमेशा मोहित रहे हैं।

राजपरिवार अपने कला संग्रह की कुछ वस्तुओं का प्रदर्शन करेगा, और संभवतः औपनिवेशिक लूटपाट के दौरान भारत और अन्य देशों से चुराई गई कई वस्तुओं का भी। गौरतलब है कि जब रॉबर्ट क्लाइव इंग्लैंड लौटे थे, तो उनके धन के प्रदर्शन ने ब्रिटिश लॉर्ड्स को निराश कर दिया था।

दुर्व्यवहार के लिए बाद में उन पर महाभियोग लगाया गया जिस दौरान क्लाइव ने कथित तौर पर कहा था कि बंगाल के खजाने में देखे गए अपार खजाने को देखते हुए, वह चोरी में 'अपनी संयमशीलता पर आश्चर्यचकित' थे। उच्च सदन के लॉर्ड्स इस उत्तर से इतने प्रभावित हुए कि क्लाइव को लॉर्डशिप का पद दिया गया और बाद में उन्हें 'भारत का लॉर्ड रॉबर्ट क्लाइव' कहा गया।

उन खजानों में से कई विंडसर कैसल और अन्य जगहों के शाही संग्रहालयों में रखे गए होंगे, जहां उसे अक्सर आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को दिखाया जाता था।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समय में, वेल्स के राजकुमार रहते हुए, वर्षों पहले अपने स्वर्णिम रिसॉर्ट मार-ए-लागो में वर्तमान राजा और वेल्स की प्रिंसेज का स्वागत किया था। हालांकि, उस समय राजकुमार चार्ल्स ने शाही परिवार के घोड़ों के प्रति प्रेम को देखते हुए, गोल्ड क्लब की बजाय पास के एक घुड़दौड़ फार्म में रात बिताना पसंद किया था।

बेशक, ट्रंप को महल के प्रांगण में घुड़सवारी का वह आनंद नहीं मिलेगा जैसा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति (रोनाल्डरीगन) को ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान महारानी एलिजाबेथ के साथ मिला था।

फिर भी, राष्ट्रपति का वर्तमान दौरा भी भटक सकता है। बाल यौन शोषण मामले में, बेहद चर्चित एपस्टीन के साथ घनिष्ठ संबंधों के कारण, अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत लॉर्ड पीटर मैंडेलसन को अचानक बर्खास्त किए जाने से पहले ही माहौल खराब हो चुका था। लॉर्ड मैंडेलसन ने ही सबसे पहले ट्रंप की दूसरी राजकीय यात्रा का प्रस्ताव रखा था ताकि उन्हें ब्रिटेन का समर्थन करने के लिए राजी किया जा सके।

यह निश्चित रूप से शर्मनाक होगा कि एक राजदूत को उस संबंध के लिए बेरहमी से अपमानित किया गया और वापस बुलाया गया, जिसके बारे में यह साबित हो चुका है कि राष्ट्रपति भी उससे जुड़े थे। यात्रा के अंत में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एपस्टीन प्रकरण पर कुछ सवाल शाही स्वागत के पूरे आकर्षण को बिगाड़ सकते हैं और इसे और भी उलझा सकते हैं। चंचल ट्रम्प बिल्कुल अलग मूड में हैं।

ब्रिटिश लोग ट्रम्प के दिखावे और ब्रिटिश शाही परिवार के शौक़ को जानते हैं। वे उसी का फ़ायदा उठा रहे हैं। इसका सबसे सटीक उदाहरण होगा उड़ाया गया गुब्बारा जब वह पिछली बार वह ब्रिटेन आए थे,जिसमें ट्रम्प को डायपर पहने दिखाया गया था।

## आपके पत्र

### टिटहरी: प्रकृति की मौन चेतावनी

भारत का ग्रामीण जीवन सदियों से प्रकृति के साथ गहरे संवाद में रहा है। खेत, मौसम और जीव-जंतु मिलकर किसान की दिनचर्या और भविष्य दोनों को प्रभावित करते हैं। इन सबके बीच टिटहरी एक ऐसा छोटा-सा पक्षी है, जो सामान्य आंखों से मामूली दिखता है, लेकिन किसानों और लोकजीवन की स्मृतियों में यह मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने वाला प्रहरी माना जाता है। यह केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि धरती और आकाश के बीच संवाद का माध्यम है, एक मौन दूत है जो संकट और समृद्धि दोनों की आहट पहले ही दे देता है।

ग्रामीण अनुभव बताते हैं कि टिटहरी का व्यवहार मौसम और कृषि की दिशा तय करने में अहम संकेत देता है। यदि वह चार अंडे देती है तो चार महीने अच्छी वर्षा होने का विश्वास किया जाता है। जब वह ऊंचाई पर अंडे देती है, तो लोग मानते हैं कि सामान्य से अधिक वर्षा होगी। यदि कभी वह मजबूरी में छत या पेड़ पर अंडे दे, तो यह भीषण बाढ़ का संकेत माना जाता है। वहीं, यदि वह अंडे न दे तो यह सबसे डरावनी स्थिति होती है, क्योंकि लोग इसे अकाल का दूत मानते हैं। किसान कहते हैं कि जिस खेत में टिटहरी अंडे देती है, वह खेत खाली नहीं रहता। वहां फसल ज़रूर होती है। इस तरह यह पक्षी न केवल वर्षा और मौसम से जुड़े संकेत देता है बल्कि उपजाऊपन और अकाल जैसी चरम स्थितियों की चेतावनी भी बन जाता है।

लोकजीवन में एक और मान्यता है कि टिटहरी का मृत शरीर कुरुक्षेत्र के अलावा कहीं दिखाई नहीं देता। चाहे यह तथ्य हो या प्रतीकात्मक कल्पना, लेकिन यह विश्वास उसे जीवन और अस्तित्व की रक्षा का प्रतीक बना देता है। टिटहरी को देखने वाला किसान समझ जाता है कि यह पक्षी उसकी मिट्टी, फसल और भविष्य का पहरेदार है। यही कारण है कि ग्रामीण लोकगीतों और कहावतों में भी टिटहरी का उल्लेख मिलता है। यह उन जीवों में से है जिनकी गतिविधियों पर पीढ़ियां भरोसा करती रही हैं।

अब सवाल उठता है कि जब विज्ञान मौसम की भविष्यवाणी के लिए उपग्रह, राडार और कंप्यूटर मॉडल जैसे अत्याधुनिक साधन लेकर आया है, तब टिटहरी जैसे पक्षियों की भूमिका क्या रह जाती है। वास्तव में इसका उत्तर यही है कि विज्ञान और लोकअनुभव एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधी नहीं। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो टिटहरी जैसे पक्षी पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। हवा की नमी, तापमान का उतार-चढ़ाव, भूमि की नमी, जल स्तर का बढ़ना या घटना – इन सबका असर उनके व्यवहार पर पड़ता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक भाषा में इन्हें 'इकोसिस्टम इंडिकेटर' कहा जाता है। यानी ऐसे जीव जो अपने आचरण के माध्यम से हमें पर्यावरणीय बदलावों की समय रहते जानकारी दे देते हैं।

टिटहरी के बारे में यह भी कहा जाता है कि यह पक्षी खेत को कभी खाली नहीं छोड़ता। उसका वहां अंडे देना किसानों के लिए आश्वासन का प्रतीक है। यह विश्वास अपने आप में गहरा संदेश है कि प्रकृति मनुष्य को निराश नहीं करती, बशर्ते हम उसका सम्मान करें। लेकिन जब हम प्रकृति के नियम तोड़ते हैं, उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं, तब उसके प्रहरी पक्षी भी अपने संकेत बदलने को मजबूर हो जाते हैं। यही वजह है कि कई बार बाढ़ या अकाल जैसी स्थिति का पूर्वाभास हमें टिटहरी के व्यवहार से पहले ही मिल जाता है।

निष्कर्ष यही है कि जहां विज्ञान आंकड़ों और मशीनों पर भरोसा करता है, वहीं टिटहरी जैसी पक्षियां सहज चेतावनी देती हैं। विज्ञान देर से अलर्ट करता है, लेकिन टिटहरी पहले से सावधान कर देती है। हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम इस मौन संवाद को सुनें और उसके अनुसार कदम उठाएं। यदि हमने इस आवाज़ को नज़रअंदाज़ किया, तो आने वाले समय में न केवल टिटहरी गायब हो जाएगी, बल्कि उसका दिया हुआ संदेश भी हमारे जीवन से खो जाएगा।

**– डॉ. सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### भगवत रावत की कविताये

*एक बड़ी मंचसिद्ध कलाकार महाभारत की पुनर्रचना कर रही है, लेकिन कवि धीरे से कहता है कि इसके बाद भी कुछ नहीं बदला और अदृश्य चौपड़ पर खेल अभी भी जारी है। यहीं भगवत रावत के व्यक्तित्व का एक और पहलू स्पष्ट होता है। एक तरफ कवि है, एक तरफ गायिका। वे दो कलाकारों के बीच एक आत्मीय संबंध जोड़ते हैं और उस अधिकार से तीजन बाई को इन पंक्तियों में सलाह देते हैं-*

*तुम दुनिया-जहान में घूम आना*
*गुंजा आना जगह-जगह अपना छत्तीसगढ़ी गाना*
*लेकिन उनके बीच जाना मत छोड़ना*
*जो तुम्हारा एक-एक बोल सच मानते हैं*
*जो न्याय और अन्याय*
*तुम्हारी ही बोली में*
*पहचानते हैं।*

**(अक्षर पर्व सितम्बर 2015 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/09/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### व्यवहार की उत्प्रेरक हैं भावनाएं

भावना के अनुरूप ही दृष्टिकोण उपजता है और जैसा दृष्टिकोण बन जाता है, कालांतर में वैसी ही भावनाएं जन्मने लगती हैं। भावनाएं और दृष्टिकोण एक दूसरे के कारक भी हैं और परिणाम भी। दोनों एक दूसरे पर आश्रित हैं। एक ही वस्तु के प्रति लोगों के भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण हो सकते हैं। भावनात्मक अस्थिरता से ही मनोविकृति पनपती है।

आजकल भावनाओं का उतार-चढ़ाव सुर्खियों में है। खासतौर पर घृणा, द्वेष, कुंठा जैसी भावनाएं और उनसे उपजती हिंसा चारों ओर उथल-पुथल मचाती नजर आ रही है। बच्चे से लेकर प्रौढ़ व्यक्ति तक अपने लिए हिंसा को संतुष्टि पाने का एक पक्का, सीधा और सरल तरीका मानकर अपनाते जा रहे हैं।

पहले अनैतिक घटनाएं कम घटती थीं, पर अब इनकी भरमार है और तो और धर्म का नाम लांछित करते हुए सारी शरम-हया छोड़ अनेक चतुर-चालाक लोग धर्म के संस्थागत रूप की आड़ में भावनाओं से खेलते हुए दु:खी, कठिनाई में पड़े व सुख की चाह रखने वाले लोगों का गिरोह बनाकर शोषण करते रहते हैं।

इन सब घटनाओं से जुड़े आंकड़ों पर विचार करें तो स्पष्ट हो जाता है कि इन सबमें अपने सुख के लिए 'दूसरों' को शारीरिक-मानसिक रूप से पीड़ा और हानि पहुंचाई जाती है। कोशिश यही रहती है कि किसी तरह अपने को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संतुष्ट किया जाए। इच्छाओं की इस छटपटाहट के लिए हमारे आस-पास का परिवेश उत्तेजना के अवसर भी खूब दे रहा है।

मीडिया और विज्ञान नित नए आकर्षणों के साथ असंतुष्टि और अतृप्ति के मनोभावों को सतत प्रसारित एवं प्रचारित करते रहते हैं। प्रभावशाली ढंग से बतलाते रहते हैं कि अमुक चीजों के अभाव में हम कुछ कमतर मनुष्य हैं, अधूरे हैं। ऐसे में हमारी परिस्थितियां खंडित या अपर्याप्त हैं, यह भाव हममें से अधिकांश के जीवन का स्थायी भाव बनता जा रहा है। पात्र हों या अपात्र इच्छा पूरी न हो तो सबमें कुंठा पैदा होती है। तब जिम्मेदार स्रोत के पति आक्रोश की तात्कालिक प्रतिक्रिया होती है।

हिंसा, लोभ, आसक्ति और भावनाओं के जोड़-तोड़ से सामाजिक जीवन में इस तरह की प्रवृत्ति बढ़ रही है। तीव्र भावनाएं हमारे निर्णय की क्षमता या विवेक को प्रभावित करती हैं। मुख्य रूप से भावनाओं या संवेगों को सकारात्मक और नकारात्मक, दो श्रेणियों में रखा जाता है। ये हमारे दैनिक जीवन में कई तरह के रंग भरते रहते हैं। संवेग कभी तटस्थ नहीं होते हैं।

दिन-प्रतिदिन का आकलन करें तो पता चलता है कोई व्यक्ति अपेक्षाकृत अधिक सकारात्मक या नकारात्मक दशाओं का अनुभव करता है। मानवीय संवेगों की अनुभूति घटनाओं की समझ या व्याख्या पर निर्भर करती है। परिस्थिति के आकलन के आधार पर ही भिन्न-भिन्न संवेगों का अनुभव किया जाता है। सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टि से विचार करें तो आचारों से जुड़े नैतिक संवेग अधिक महत्तव पूर्ण होते हैं।

नैतिक संवेगों को हम बचपन से सीखते हैं, और वे सहजात जैसे हो जाते हैं। अपनी संस्कृति के अनुरूप हम परिस्थितियों के नैतिक पक्षक का मूल्यांकन करते हैं। जब नैतिक आत्मचेतना विकसित होती है, तो व्यक्ति स्वयं अपने व्यवहार को दंडित या पुरस्कृत करता है।

**-अखण्ड ज्योति**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5
बिलासपुर
शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025

उल्टा पुल्टा

संता बैठा मूंगफली खा रहा था कि
तभी उसकी गर्लफ्रेंड आ गई.
गर्लफ्रेंड - क्या कर रहे हो?
संता- मूंगफली खा रहा हूं..
गर्लफ्रेंड - अच्छा, अकेले-अकेले?
संता- अब 1 रुपये की मूंगफली में
तेरे पूरे खानदान को खिला दूं।

# जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान है स्वच्छता-राजेश सूर्यवंशी

### बेलपान मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

### कलेक्टर ने ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

### मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम लगाए गए पौधे





**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन ऐतिहासिक ग्राम बेलपान (तखतपुर )में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अभियान में हाथ बटाया। उन्होंने मंदिर परिसर में ग्रामीणों और स्वच्छता तथा बिहान दीदियों की बैठक लेकर वर्ष 2047 में विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने की कार्ययोजना समझाई। महिलाओं को स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। स्वच्छता को आदत में शामिल करने की शपथ दिलाई गई। परिसर में एक पेड़ मां के नाम धार्मिक महत्व के आमला, बेल के पौधे भी लगाए गए। नर्मदा कुंड और परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद पंचायत तखतपुर के अध्यक्ष डॉक्टर माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, एसडीएम अरुण खलखो सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रथम कार्यकाल में वर्ष 2014 में स्वच्छता अभियान की जोरदार शुरुआत हुई । उस समय मुख्य रूप से शौचालय निर्माण पर जोर था । इसकी सफलता को लेकर कई लोगों ने शंका जाहिर की थी। बावजूद यह योजना सफल हुई। अब के समय में ज्यादा जोर संपूर्ण पर्यावरण की स्वच्छता पर है। लोगों में स्वच्छता के प्रति शुरुआती दौर में हिचकिचाहट थी लेकिन इसे लोग स्वेच्छा से अपना रहे हैं । उन्होंने कहा कि 2047 तक समृद्ध छत्तीसगढ़ तब बनेगा जब हम स्वच्छता को अपने जीवन का एक हिस्सा बना लें। जीवन में अनेक समस्याओं का समाधान स्वच्छता ही है ।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की प्रधानमंत्री के आह्वान पर संपूर्ण देश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता एवं सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता को एक सीमित समय में बांधा नहीं जा सकता। ये संपूर्ण जीवनकाल तक चलने वाला एक आदत है। लेकिन अभियान के दौरान इसे जीवन में अपनाने का संकल्प ले सकते हैं।उन्होंने कहा की स्वच्छता अभियान को लेकर हम क्या छोटी-छोटी चीज कर सकते हैं, इस पर विचार करना चाहिए । उन्होंने कहा की गंदगी हम स्वयं करते हैं, इसे कैसे कम कर सकें इस पर चर्चा किया जाए । उन्होंने कहा कि सड़क पर से मवेशी बैठने की समस्या से कैसे निदान पाएं । ग्रामवासी मिलजुल कर इसका समाधान निकालसकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस समस्या को ग्रामवासी अपनी समस्या मानकर सामूहिक जिम्मेदारी लें तो निदान संभव है। कलेक्टर की अपील पर ग्रामीणों ने स्वच्छता दीदियों को सेवा शुल्क देने पर सहमति जताई। उन्होंने दीदियों की सराहना करते हुए कहा वे हमारे घर से कचरा नहीं बल्कि बीमारी उठा ले जाते हैं। हमें उनकी भूमिका को सकारात्मक रूप से समझना चाहिए।

कलेक्टर ने लोगों को नशा पान से भी दूर रहने का सुझाव दिया। नशे का पैसा यदि बाल बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर लगे तो इससे बढ़िया कोई हो नहीं सकता । सीपत क्षेत्र में महिलाएं नशे के खिलाफ अभियान छेड़ी हुई हैं जो की बहुत ही प्रशंसनीय है। इस तरह के प्रयास बेलपान क्षेत्र में भी महिलाओं को उठाना चाहिए । उन्होंने सभी महिलाओं को अपने बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी में अनिवार्य रूप से भेजने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं आंगनबाड़ी चलाने के लिए सरकार बहुत खर्च करती है। उन्होंने स्वस्थ नारी एवं स्वस्थ परिवार योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धूर हैं । यदि वे स्वस्थ रहें तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता ह। उन्होंने अभियान के दौरान अपने निकट स्वास्थ्य केंद्रों में संपूर्ण स्वास्थ्य जांच करने की अपील की। उन्होंने कहा की बीमारी पहले से पता चल जाए तो इसका इलाज आसानी से हो सकता है। कलेक्टर ने बिहार समूह की महिलाओं और कृषि सखियों से भी मुलाकात की और उनके कामकाज की जानकारी ली। बैठक को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता कश्यप, जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

## संपादकीय

## नशे में होते अपराध

छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में से एक है जहां अत्यधिक शराबखोरी होती है। चूंकि यह सरकार की आय के प्रमुख साधनों में से एक है, राज्य सरकार भी इसके निर्माण तथा बिक्री को अच्छा-खासा प्रोत्साहन देती है। छग देश के उन बहुत चुनिंदा राज्यों में से है जहां सरकार स्वयं ही शराब व्यवसाय को चलाती है। भूपेश बघेल के नेतृत्व में पांच साल चली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार घोषणा के बावजूद इसे बन्द नहीं करा पाई जबकि उसने चुनाव प्रचार के दौरान वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह राज्य में शराबबन्दी लाएगी। उसके पहले 15 वर्ष तक चली भारतीय जनता पार्टी की डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में चली सरकार द्वारा भी शराब पर प्रतिबन्ध की कई बार घोषणाएं तो हुईं लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उल्टे, उसी सरकार ने खुद ही शराब बेचनी शुरू कर दी। उसकी खपत प्रदेश में उत्तरोत्तर बढ़ती चली गयी है। पार्टी की पहले से जारी नीति के अनुरूप वर्तमान भाजपा सरकार इसे जारी रखे हुए है।

बहरहाल, यह मान लेना चाहिये कि शराबबन्दी प्रदेश में सम्भव नहीं है। राजनीतिक दल चाहे जो कहें, सरकारें ऐसा कतई नहीं करने जा रही हैं। इसके विपरीत विभिन्न पार्टियां, विशेषकर विपक्ष गुणवत्तायुक्त शराब उपलब्ध कराने तथा इसमें मिलावट व बगैर होलोग्राम वाली शराब को रोकने की मांग करता है। पड़ोसी राज्यों से होने वाली तस्करी की शराब को रोकने पर भी वह जोर देती है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है क्योंकि राजनीतिक दल तथा जनप्रतिनिधि समाज के उन वर्गों की भी नुमाइंदगी करते हैं, जो शराब का सेवन करते हैं। बेशक, यह उनका नागरिक अधिकार है जिससे उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद एक अन्य पक्ष है जिस पर ध्यान दिया जाना होगा। इसका सम्बन्ध शराबखोरी से है- वह है कानून-व्यवस्था का सवाल। शराब पीने से अपराध एवं दुर्घटनाएं बढ़ती हैं।

शराब के नशे में वाहन चलाने के कारण हर रोज बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं। कई लोग ज़ख्मी होते हैं तो कई विकलांग और न जाने कितने लोग जान गंवाते हैं। शराब के नशे में लड़ाई-झगड़े, खून-खराबा, दंगे-फसाद तो होते ही हैं, नशे में डूबे लोग अपने ही मित्रों, परिजनों एवं रिश्तेदारों को तक घायल कर देते हैं अथवा मार डालते हैं। छत्तीसगढ़ में अनेक ऐसे व्यक्ति मिलते हैं जो पूरे वक्त शराब के नशे में धुत्त मिलेंगे। इनमें सभी वर्गों व समुदाय के लोग होते हैं। ऐसे लोगों के कारण घर कर्ज में डूबे रहते हैं तथा अशांति बनी रहती है। अंबिकापुर के करजी गांव में एक नशेड़ी ने अपने 2 वर्षीय बेटे को जमीन पर पटककर मार डाला। गरियाबन्द में शराबी ने मां को इसलिये मार डाला क्योंकि उसने उसके कहने पर भी मछली नहीं पकाई थी। सरकार को नशा मुक्ति केन्द्रों को असरकारक बनाना चाहिये।

## अग्रसेन जयंती पर कल निकलेगी शोभा यात्रा

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। 20 सितंबर को अग्रवाल समाज की भव्य शोभायात्रा लखीराम ऑडिटोरियम से निकलेगी । शोभा यात्रा में तमिल में सामाजिक संदेश देते हुए अग्रवाल समाज के युवा महिलाएं बच्चे पुरुष एकरूपता में दिखाई देंगे। गाजे बाजे के तथा आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग सदर बाजार, गोल बाजार ,तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड अग्रसेन मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक पहुंचेगी। जगह-जगह शोभा यात्रा के स्वागत की तैयारी की जा रही है।

## सार-संक्षेप



### बार्क के वैज्ञानिकों ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि विज्ञान केंद्र के फार्म में लगे धान और अन्य चीजों के निरीक्षण में पहुंची टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों से चर्चा करके किसानों और उससे संबंधित खेती को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की।

दरअसल मुंबई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉक्टर बीके दास ने कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ गीत शर्मा के मार्गदर्शन में फार्म में लगे धान विक्रम टीसीआर के बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। विक्रम-टीसीआर धान की एक ऐसी किस्म है जिसे 2020 में छत्तीसगढ़ के लिए खास तौर पर जारी किया गया था। इसे सफारी 17 और इंदिरा एरोबिक से मिलकर बनाया है। इस किस्म का नाम स्वर्गीय डॉ. विक्रम साराभाई जो परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे, के सम्मान में रखा गया है।

एक सफरी-17 और इंदिरा ऐरोबीक का उत्परिवर्ती किस्म है। यह किस्म ना सिर्फ ज्यादा पैदावार देती है बल्कि सूखा रोगों के खिलाफ भी मजबूत है। यह एक कम अवधि में तैयार होने वाली किस्म है जो 110 से 120 दिन में तैयार हो जाती है। इस किस्म को थरहा देने के बाद 20-25 दिन के अन्दर रोपाई करना जरूरी है। सीधी बुआई के लिए भी यह किस्म बहुत अच्छी है। कम अवधि में तैयार होने के कारण किसानों को रबी की फसल समय से लगान का फायदा किसानों को मिल जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा इस किस्म का बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जा रहा है, जिसका अवलोकन बार्क के वैज्ञानिक डॉ. दास ने किया और उन्होंने पाया की फसल की स्थिति बहुत ही अच्छी है, जिसे देख कर डॉ. दास ने जिले के किसानों हेतु अवलोकनार्थ प्रक्षेत्र दिवस आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलासपुर के वैज्ञानिकों डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ. अमित शुक्ला, जयंत साहू, डॉ.एकता ताम्रकार, इंजी. पंकज मिंज, डॉ निवेदिता पाठक, हेमकांति बंजारे, डॉ. चंचला रानी पटेल, सुशीला ओहदार एवं डॉ. स्वाति शर्मा से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. संजय वर्मा भी उपस्थित थे।

### दगौरी एवं जोंधरा शराब दुकान में अहाता संचालन के लिए आवेदन आज से

**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 के लिए देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता दगौरी एवं जोंधरा से संलग्न मदिरा अहाता के लिए पुनः ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किये गये है। ऑनलाईन आवेदन 19 सितम्बर को सवेरे 10.30 से प्रारंभ होगी, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी सातों दिन अनवरत जारी रहेगी। ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। लाइसेंस का आबंटन छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं इसके अधीन बनाए गए छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2018 (संशोधित) के अंतर्गत किया जाएगा। यह प्रक्रिया ऑनलाईन के माध्यम से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निष्पादित की जाएगी। अनुज्ञप्तियों की वैधता वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि एवं वर्ष 2026-27 तक होगी।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान शिविर

**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चकरभाठा के सेक्टर नयापारा के नगर पालिका परिषद बोदरी के वार्ड क्रमांक 8 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकरभाठा में आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कृष्णा कुमार कौशिक अध्यक्ष अनुराग विद्या मंदिर द्वारा किया गया शिवर में एच बी 310, शुगर के 6, बी पी के 6, सिकल जांच 5 आंख जांच 20 मेंटल हेल्थ जांच 3, जांच किया गया साथ ही स्कूल के आस ,पास से भी लोग आए थे उनका गर्भवती जांच, शुगर लेवल जांच, बी पी जांच भी किया गया ।




इस अवसर पर शिवर में सभी उपस्थित लोगों को कृष्ण कुमार कौशिक, श्रीमती अलका गांगुली ,डॉ श्रीमती लक्ष्मी आहूजा ने फलों का वितरण किया। शिविर में सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ नितेश साहू ,प्राचार्य श्रीमती अलका गांगुली, ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती लक्ष्मी आहुजा,नेत्र सहायक अधिकारी श्री मनघोघर , पर्यवेक्षक सुरेश बंजारे, श्रीमती लता देवी सिंह , फार्मासिस्ट ग्रेड 2 चन्द्र प्रकाश कोशले, मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट राहुल कौशिक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला सुश्री सविता वर्मा, श्रीमती सरिता वर्मा, श्रीमती एन प्रशांति, श्रीमती योगेश्वरी तिवारी,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष रोहित मनहर, धीरेन्द्र कुमार कौशिक प्रतिक तिवारी युवराज साहू, प्रेमप्रकाश कौशिक,अजय कुमार कौशिक, रामानंद कौशिक, प्रदीप कुमार केरकेट्टा राजकुमार वर्मा, पुष्पा भारती, संध्या तिवारी, भूमिका साहू, प्रिया श्रीवास शांता बंजारे, जया कौशिक, सुनीता कौशिक, किरण कौशिक, शारदा धुरी, सोनी धुरी रूपा यादव मनहर, धीरेन्द्र कौशिक,प्रतिक तिवारी, उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने हाई स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

### प्राचार्य एवं शिक्षक नदारद, शो-कॉज नोटिस के निर्देश

### कलेक्टर बने गणित के शिक्षक, पढ़ाया पाईथागोरस के नियम



**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता एवं सेवा अभियान के तहत तखतपुर विकासखण्ड के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज हाई स्कूल हरदी का अचानक दौरा किया। जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल भी दौरे में साथ थे। बिना अवकाश स्वीकृति के प्रभारी प्राचार्य रमेश साहू एवं शिक्षक निर्मल शर्मा नदारद पाये गये। उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्कूल के अंदर और बाहर गंदगी का आलम देख कलेक्टर बेहद नाराज हुए। उन्होंने विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर संपूर्ण परिसर को साफ-सफाई करने की सख्त लहजे में हिदायत दी। कलेक्टर ने बच्चों की कक्षा में पहुंचकर शिक्षा गुणवत्ता का भी परीक्षण किया। कक्षा नवमीं में सामान्य अंग्रेजी और दसवीं में गणित की पढ़ाई हो रही थी। पूछताछ में सामान्य से सवालों के जवाब बच्चे नहीं दे पाए। अंग्रेजी की लाईनें ठीक से पढ़ने एवं हिज्जे में उन्हें दिक्कतें हो रही थीं। कक्षा दसवीं में बच्चों को कलेक्टर ने पाईथागोरम नियम की सरल व्याख्या कर समझाए। कलेक्टर ने बच्चों से उनके भावी केरियर की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर उसे प्राप्त करने में लग जाइए। सफलता जरूर हाथ लगेगी। देश एवं समाज में जितने भी बड़े लोग हुए हैं, सबने जीवन की शुरूआत में ही सपने देखे और उसे प्राप्त करने के लिए जी-तोड़ मेहनत किया। स्कूल के अलावा घर में भी पाठ को दुहराने की सलाह कलेक्टर ने दी। कलेक्टर ने पढ़ाई के साथ शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल कूद के साथ भी जीवन में संतुलन बनाने की जरूरत बताई।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत श्रम विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 1072 श्रमिकों की हुई जांच, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और कलेक्टर हुए शामिल

### नुक्कड़ नाटक से दिया सुरक्षा का संदेश

**बिलासपुर**, 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा निःशुल्क श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जय दुर्गा ऑयल प्रा.लि., से बी इंडस्ट्रियल एरिया, सिरगिट्टी में संपन्न हुआ शिविर में कुल 1072 श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें बीपी, शुगर, आंख, मुख एवं दंत जांच, स्त्रीरोग जांच तथा जनरल हेल्थ चेकअप शामिल रहा। स्वास्थ्य सेवाएं जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) एवंअपोलो अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रदान की गई। आवश्यकतानुसार दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया।



इस स्वास्थ्य शिविर में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक श्रमायुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा, तथा उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विजय कुमार सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण कर श्रमिकों से संवाद भी किया और उनकी समस्याएं जानी। बिलासपुर क्षेत्र के विभिन्न कारखानों से आए महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने इस शिविर में भाग लिया। शिविर की व्यवस्था और संचालन में श्रम विभाग का सहयोग सराहनीय रहा।

कार्यक्रम के दौरान बी.ई.सी. फर्टिलाइज़र, सिरगिट्टी एवं एन.टी.पी.सी., सीपत द्वारा औद्योगिक सुरक्षा विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित श्रमिकों और अधिकारियों ने खूब सराहा। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षा नियमों की महत्ता को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

## सिख धर्म के नवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर की शहादत शताब्दी पर शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का आगमन

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत शताब्दी के उपलक्ष्य में असम से प्रारंभ हुई शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का छत्तीसगढ़ में भव्य स्वागत की तैयारियाँ जोरों पर हैं। यह शहीदी यात्रा 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ की धरती पर प्रवेश करेगी। सुबह 10 बजे यह यात्रा कवर्धा और बेमेतरा होते हुए बिलासपुर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा।

18 सितंबर को यह यात्रा बिलासपुर से आरंभ होकर पाली और कटघोरा मार्ग से होते हुए रात को कोरबा में ठहरेगी। 17 सितंबर को कवर्धा बेमेतरा होते हुए मार्ग दयालबंद गुरुद्वारा विश्राम बिलासपुर करी । बिलासपुर सदर बाजार करोना चौक में पास इस ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बिलासपुर दयालबंद गुरुद्वारा के विश्राम करके 18 सितंबर को नगर भ्रमण करते हुए पाली कटघोरा का के लिए निकली।

### नवंबर में विशेष आयोजन

इस शताब्दी वर्ष के अंतर्गत नवंबर माह में बड़े पैमाने पर विशेष आयोजन प्रस्तावित हैं। इनमें जिला व प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों से 9वीं से 12वीं तक के लगभग 20,000 विद्यार्थी भाग लेंगे। 18 सितंबर को बिलासपुर गुरबानी कीर्तन भव्य स्वागत किया गया समागम आयोजित होगा। इसमें विशेष रूप से एक जैसे परिधान में बच्चे गुरबानी कीर्तन प्रस्तुत करते रहे, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। गुरुद्वारा प्रबंधक महिला अध्यक्ष श्रीमती मीना सलूजा एवं समाजसेवी चंचल सलूजा के नेतृत्व ऐतिहासिक यात्रा का भव्य स्वागत किया गया सदर बाजार करोना चौक में किया गया निर्मलजीत छाबड़ा, इंद्रजीत सलूजा, किरण अरोड़ा, रिंकी सलूजा सुदेश सलूजा लवली लूथरा लवली लवली, राजा उपवेजा बलवीर सिंह सलूजा सुरजीत सलूजा प्रीतम सिंह सलूजा बंटी लोगनि चीकू दुआसमितियों के अध्यक्षों सहित विभिन्न सिख संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी तथा के विभिन्न गुरुद्वारों और संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। गौरतलब है कि गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस शहीदी शताब्दी पर आयोजित हो रही नगर कीर्तन यात्रा और कार्यक्रमों का उद्देश्य आने वाली पीढ़ियों को उनके बलिदान और शिक्षाओं से अवगत कराना है। छत्तीसगढ़ की धरती पर होने जा रहा यह आयोजन न केवल सिख समाज बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का अवसर है।



# रुपए दो तभी संकुल अनुदान, बीआरसी के खिलाफ जांच के आदेश

## बीईओ करतला को दी जिम्मेदारी




कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा विभाग को लेकर लगातार खबरें आ रही है। विभाग के अधिकारी मामलों को ठीक करने की कोशिश करते हैं तो नए मामले सामने आ जाते है। अबकी बार कई संकुल समन्वयकों ने पोड़ी-उपरोड़ा के बीआरसी को निशाने पर लिया है। उन पर कई कार्यों के लिए रुपयों की अवैध मांग करने व धमकाने का आरोप है। इस मामले की जांच के लिए बीईओ करतला को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में स्त्रोत समन्वयक के पद पर गुलाबदास महंत लंबे समय से बने हुए है। संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने उन पर आरोप लगाया कि वे लगातार पैसों की अवैध मांग करते हैं और धमकाते है। आरोप है कि बीआरसीसी द्वारा फोन कर संकुल अनुदान की राशि मांगी जाती है। पैसा नहीं देने पर भौतिक सत्यापन की धमकी दी जाती है। कहा गया कि इससे पहले सत्र 2022-23 और 2023-24 में उगाही की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा को संकुल शैक्षिक समन्वयकों की ओर से की गई शिकायत में कहा गया कि मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण (सत्र 2022-23) के दौरान प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत राशि का गबन किया गया। समन्वयकों और शिक्षकों को राशि दिए बिना ही उनसे बिल और वाउचर ले लिए गए। इसके अलावा मरम्मत कार्य, शिविर आयोजन और अन्य कार्यक्रमों में भी प्रधान पाठकों व समन्वयकों से पैसे वसूलने का आरोप लगाया गया है। यह भी जानकारी दी गई कि स्कूलों के लिए खनिज न्यास से स्वीकृत गैस चूल्हों की राशि भी फर्म को नहीं दी गई और इसे वसूल करने का प्रयास किया गया। कुछ प्रधान पाठकों से एक वेंडर को 5-5 हजार रुपये जमा करने के लिए दबाव बनाया गया।

### कटघोरा बीआरसी कब हटेंगे

खबर यह भी है कि कोरबा जिले के कटघोरा में बीआरसी के पद पर प्रहलाद साहू को काम करते लंबा अरसा हो चुका है। बीआरसी की नियुक्ति और स्थानांतरण को लेकर वहीं नियम लागू होते हैं जो दूसरे मामलों में है। सबसे खास बात यह है कि सरकार के लगभग सभी विभागों में सरकार की तबादला नीति प्रभावशील है लेकिन ऐसा लगता है कि कटघोरा का बीआरसी पद इस सरकारी व्यवस्था से सबसे अलग है।

### मामले को लिया है गंभीरता से

जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने बताया कि शैक्षिक समन्वयकों ने संयुक्त रूप से बीआरसी के कार्यों और उनके व्यवहार को लेकर शिकायत की है। इस बारे में कोई प्रमाण नहीं आए है। मामले को हमने गंभीरता से लिया है। इसके लिए जांच टीम बना दी गई है। टीम इस मामले में अपनी कार्यवाही करेगी।

# सरकारी चावल की चोरी, दो कारोबारी पुलिस की पकड़ में

कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। समय से पहले धनपति बनने के चक्कर में छोटे कारोबारी कुछ भी करने को उतारू है। कटघोरा के 2 किराना कारोबारी लटोरी पुलिस के कब्जे में आए है। खबर है कि तीन स्थानों पर संचालित पीडीएस दुकानों से चोरी हुए चावल को इन्होंने अपने स्तर पर खपा दिया। पुलिस ने सूचना पर चोरी गए चावल के साथ वाहन को जप्त किया है। आगे जांच की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि सूरजपुर जिले में एक स्व सहायता समूह के द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर 50 बोरी अर्थात 25 क्विंटल सरकारी चावल की चोरी की गई। ग्रामीणों ने पीडीएस दुकान के पास मौजूद संदिग्ध पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीपी 9689 में चावल की बोरियां लोड कर भागते वक्त पकड़ने के लिए दौड़ाया लेकिन पिकअप सहित चालक फरार हो गया। इस मामले में रिपोर्ट पीडीएस दुकान संचालक स्व सहायता समूह के द्वारा दर्ज कराई गई। अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। उक्त पिकअप वाहन के बारे में पतासाजी करते हुए पुलिस टीम कटघोरा पहुंची। बताया जा रहा है कि बुधवार को कटघोरा निवासी और किराना व्यवसायी पवन तथा उसके पुत्र को पुलिस ने हिरासत में ले कर इनकी निशानदेही पर चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन तथा सरकारी चावल की जप्ती की है। देर शाम सूरजपुर पुलिस की कटघोरा थाना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई से खलबली मची है। चोरी का सरकारी चावल खपाने के मामले में अभी और गिरफ्तारियां शेष हैं जिसमें कुछ राइस मिलरों के नाम भी सामने आ रहे हैं। बताया गया कि पुलिस की जांच इस तरफ बढ़ रही है। चावल का खेल लंबे समय से चल रहा है और कई लोग पुलिस के राडार पर हैं। लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने बताया कि तीन स्थान पर इस प्रकार के मामले सामने आए हैं। इस पर हमने संज्ञान लिया है और कार्यवाही जारी रखी है।

## सार-संक्षेप

### मलयाली समाज की प्रतिभाओं का कौशल दिखा ओणम उत्सव में



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा यूथ मलयाली एसोसिएशन ने दो दिवसीय ओणम समारोह का आयोजन दशहरा मैदान आरपी नगर में किया। कई प्रतियोगिताएं यहां पर रखी गई जिनमें समाज की प्रतिभाओं ने अपना कौशल दिखाया। मंत्री लखनलाल देवांगन, मेयर संजूदेवी राजपूत व पार्षद अशोक चावलानी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

ओणम समारोह में कोरबा और उपनगरीय क्षेत्रों में निवासरत मलयाली परिवारों की भागीदारी रही। उनके लिए फूलों की रंगोली से लेकर मनोरंजक प्रतियोगिताएं यहां रखी गई। बच्चों से लेकर युवाओं, युवतियों और अन्य वर्ग ने इनमें उत्साह के साथ हिस्सा लिया। राजा बली और भगवान विष्णु के अवतार व वरदान पर आधारित कार्यक्रम भी किए गए। एकल नृत्य में प्रथम स्थान भाग्यलक्ष्मी एवं द्वितीय स्थान हरिप्रत्यक्ष ने हासिल किया। एकल गीत में जॉयसन जोसेफ प्रथम रहे। महिलाओं ने तिरुवतिरा नृत्य का प्रदर्शन किया। अय्यप्पा सेवा समिति के अध्यक्ष सी.एस.राजेश एवं अय्यप्पा सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष रमेश पिल्लई उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### वाहन चालक संघ ने किया कार्यक्रम



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कार ड्राइवर सेवा संघ ने पुराना बस स्टैण्ड में भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन मेयर संजूदेवी राजपूत के आतिथ्य में किया गया। सदस्यों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने के साथ प्रधानमंत्री के दीर्घ और निरोगी जीवन के लिए ईश्वर से कामना की। आसपास के लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर समिति के प्रमुख राजेश चौरसिया, विजेंद्र कांबले, राजू राजपूत, पूर्व पार्षद दीपक यादव सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### ओजोन परत संरक्षण दिवस पर केएन कॉलेज में आयोजन



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस पर एनवायरोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन केएन कॉलेज में किया गया। अपने यूनिक आइडिया देकर छात्रा निधि रत्नाकर, सबा अंजुम और साक्षी गुप्ता ने पुरस्कार जीते। जूलॉजी की सहायक प्राध्यापक निधि सिंह ने बताया कि छात्राओं ने पिकनिक के लिए आने वाले पर्यटकों के जाने के बाद रह जाने वाले प्लास्टिक के कचरे को नष्ट करने के तरीके बताए। उन्हें मंडल ने पुरस्कृत किया। छात्राओं की सफलता पर कमला नेहरु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### भरत की अगुवाई में पायलट का स्वागत



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। एनएसयूआई जिला महासचिव भरत मिश्रा की अगुवाई में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, टीएस सिंहदेव सहित अन्य नेताओं का स्वागत कटघोरा में किया गया। बेलतरा जाने के दौरान यह संक्षिप्त कार्यक्रम किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तनवीर अहमद, लोकेश राठौर, रहमान खान, बालेंद्र सिंह, अफजल अली, सोनू गुप्ता, सद्दाम शेख, रामकुमार श्रीवास, शत्रुघ्न पटेल व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का जल्द दिलाएं पानी

## पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया प्रशासन ने



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले के ऐसे गांव जहां पर जल जीवन मिशन का काम पूरा कर लिया गया है। उसके जरिए ग्रामीणों को शुद्ध और स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का काम शीघ्र होना चाहिए। ऐसे मामलों में सत्यापन की भी जरूरत है। इसके अलावा जो काम अधूरे पड़े है, उन्हें भी मिशन मोड में पूरा किया जाए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को प्रशासन ने इस बारे में निर्देश दिए गए है। कहा गया कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत ऐसे काम हाथ में लिए गए हैं। इसलिए इनका क्रियान्वयन प्राथमिकता से होना चाहिए। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल ग्राम और समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा की और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत एतमानगर मल्टीविलेज जल आपूर्ति योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने को कहा। सोलर पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजना की जानकारी लेते हुए स्रोत निर्माण के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने, पानी टंकी निर्माण, सोलर डयूल पंपो की स्थापना सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मां मड़वारानी मंदिर एवं मां मातिनदाई मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु पाइपलाइन बिछाने के लिए पीएचई को कहा।

# जीवन के हर क्षेत्र में अपनाएं सफाई को

## नगर निगम ने किया स्वच्छता उत्सव




कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। सुलभ इंटरनेशनल नगर पालिक निगम के द्वारा आयोजित स्वच्छोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद उद्यान के समीप की गई। मुख्य अतिथि मेयर संजूदेवी राजपूत ने यहां कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफाई आवश्यक है। इसे एक चरणबद्ध अभियान के रूप में शामिल किया जाए। इससे वातावरण साफ रहेगा और लोग बीमारियों से दूर रहेंगे।

मेयर ने संस्था के प्रतिनिधियों को कहा कि निगम क्षेत्र में समस्त सार्वजनिक शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों को अपनाए। उन्होंने उपस्थितजनों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई तथा शहर को साफ-सुथरा रखने, साफ-सफाई कार्यों में अपनी-अपनी सहभागिता देने का आव्हान किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ओपन थियेटर मैदान, मंच, घंटाघर आदि क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। क्लीन पब्लिक स्पेस अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई के कार्य करते हुए कचरे का संग्रहण व परिवहन का कार्य किया गया। उक्त अभियान में नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने सफाई कार्य कर स्वच्छता कार्यों में अपनी सहभागिता दी, इसी क्रम में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा वहाँ पर स्थित सार्वजनिक शौचालय की विशेष साफ-सफाई की गई। इस मौके पर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के साथ स्वच्छता मित्र और क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति रही।

## सीएचसी में स्वस्थ नारी की थीम पर आयोजन



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। सीएचसी पाली में स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित क्षेत्र की महिलाएं यहां उपस्थित थी। विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ने कहा कि नारी जननी है और एक मकान को घर बनाने वाली है। बच्चों में संस्कार डालकर उसे समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने वाली है इस लिए माताओं को स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। नपं अध्यक्ष अजय जायसवाल ने कहा कि नारी सदैव वंदनीय है, एक महिला का मूल्य अनंत है उसका सम्मान करें। इस अभियान से निश्चित ही लाभ मिलेगा, ज्ञात हो कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ पोषण माहवारी स्वच्छता और मातृत्व से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम सिंह मरकाम, कुलदीप सिंह मरकाम, दीपक शर्मा, शंकर दिवान, डॉ. अनिल सराफ, डॉ. सुखचैन कश्यप, डॉ. जयंत भगत,आशा साहू, सुब्रत शर्मा उपस्थित थे।

## गड़बड़ी की शिकायत पर नोनबिर्रा सोसायटी निलंबित

कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य विभाग ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत नोनबिर्रा में संचालित सोसायटी को निलंबित कर दिया है। यहां गंभीर स्तर पर गड़बड़ी होने की शिकायत की जांच कराई गई। फूड इंस्पेक्टर ने मौके का निरीक्षण किया। जिसमें शिकायतें सही पाई गई। मालूम चला कि भौतिक सत्यापन में उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के चावल- 26.10 क्विंटल, नमक 10.27 क्विंटल एवं शक्कर 0.51 क्विंटल कमी पाई गई। इस बारे में अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट ऊपर प्रेषित की। इसमें कहा गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी 552004062 के संचालक संस्था ग्राम पंचायत नोनबिर्रा के संचालक/ विक्रेता प्रेमलाल कंवर के द्वारा माह जून से अगस्त 2025 का एकमुश्त 03 माह के चावल वितरण हेतु कुछ राशनकार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर 02 माह जून एवं जुलाई 2025 का चावल वितरण किया गया है। उक्तानुसार एसडीएम पाली को रिपोर्ट दी गई है।

## रामअवतार बोले-हर छात्र तैयार करें पौधे



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य वनसंरक्षक (कार्य योजना) रामावतार दुबे ने कहा है कि हर विद्यार्थी को पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे तैयार करने होंगे और संरक्षण करना होगा। यह आज की आवश्यकता है। जन जागरूकता के लिए भी यह आवश्यक विषय है।

उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालय मदनपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस बात को कहा और आह्वान किया कि पर्यावरण के लिए जो गतिविधियां चल रही है उसमें सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने पौधारोपण के महत्व को भी दर्शाया।

शुरूआत में दीप प्रज्वलित किया गया और अतिथियों का स्वागत प्राचार्य राजीव जोगी, रेंजर दिनेश कुर्रे एवं यशवंत आडील परिक्षेत्र सहायक ने किया। इस अवसर दिलहरण कश्यप जनपद उपाध्यक्ष, सरवन मरावी सरपंच, कृष्णा यदु अध्यक्ष एस एमडीसी, हेमलाल अहीर उपसरपंच ,आनंद शुक्ला उपस्थित थे। विद्यार्थियों को पांच-पांच के समूह मे विभाजित कर प्रत्येक ग्रुप के साथ स्वयं एक-एक पौधे का विद्यालय परिसर में रोपण किया। ग्रुप के सदस्यों को इसकी सुरक्षा एवं ऊँचाई मोटाई के ग्रोथ का मासिक अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल में बीज,उर्वरक,मिट्टी ,पॉलिथीन प्रदान कर अगले वर्ष के लिए स्कूल गार्डन में 1000 पौधे तैयार करने का लक्ष्य दिया। संचालन विनोद जायसवाल व आभार दिनेश कुर्रे ने किया। कार्यक्रम में कुमुदिनी राम, कल्पना कुजूर सहित शिक्षक, वनकर्मी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भरता के लिए महिलाएं बढ़ा रही कदम- सीईओ



कोरबा-कटघोरा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने जननी महिला केन्द्र धंवईपुर नवापारा में दीदी के गोठ श्रवण कार्यक्रम में शामिल होकर कहा कि महिलाएं जो रेजा का काम कर रही हैं, वे राजमिस्त्री का प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिदिन 400 से 500 रुपये अर्जित कर सकती हैं। आत्मनिर्भरता की ओर यह एक अच्छा कदम होगा।

सीईओ ने कहा कि आकाशवाणी के माध्यम से जो कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं, वे लोगों के सामाजिक जीवन और आर्थिक मजबूती पर केन्द्रित है। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं लोन लेकर सेटरिंग प्लेट भी किराये पर देकर लाभ अर्जित कर सकती है। यह पहल महिलाओं को नई ऊर्जा देगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की राह में और मजबूत बनाएगी। कार्यक्रम में सीईओ जनपद कटघोरा यशपाल सिंह, अतिरिक्त सीईओ खगेश निर्मलकर, बीपीएम एनआरएलएम डॉ. अमर नाथ तारम, क्षेत्रीय समन्वयक फूल कुमारी, पीआरपी संतोषी निषाद, एफएलसीआरपी संतोषी यादव, बैंक मित्र मनीता कंवर सहित महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# क्वांर नवरात्र- सिद्धिदात्री के हिंगलाजगढ़ में प्रज्वलित होगी शक्तिपीठों की ज्योति

## सभी ज्योति 19 को कोरबा में, 20 को सप्तदेव मंदिर में होंगे दर्शन



कोरबा, 18 सितंबर (देशबन्धु)। गौमुखी सेवाधाम देवपहरी के सिद्धिदात्री दरबार परिसर स्थित निर्माणाधीन हिंगलाजगढ़ में आश्विन नवरात्र पर माता कालिका देवी, कामाख्या देवी, माता कामाख्या देवी, माता वैष्णो देवी और मां शारदा भवानी मैहर और सिद्धिदात्री के साथ प्रतिकात्मक रूप में माता हिंगलाज देवी की अखंड ज्योति स्थापित की जाएगी। वे यहां अनवरत प्रज्वलित होंगी। 19 सितंबर तक सभी ज्योति कोरबा में पहुंचने पर 20 सितंबर को ये सप्तदेव मंदिर में होंगी जहां इनका पूजन-स्वागत होगा। इसके लिए भव्य तैयारी की जा रही है।

समाज के सहयोग से सिद्धिदात्री दरबार में हिंगलाजगढ़ को शक्ति संपन्न बनाने के लिए कार्य जारी है। योजना के तहत सितंबर के दूसरे पखवाड़े में देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित पांच शक्तिपीठों से अखंड ज्योति लेने के लिए श्रद्धालुओं ने प्रस्थान किया। ज्योति लेने के साथ उनकी कोरबा वापसी हो रही है। बताया गया कि कामाक्षी मंदिर की ज्योति बालाजी मंदिर बैगिनडभार, कामाख्या देवी की ज्योति राम मंदिर बालको, माता कालिका देवी की ज्योति जलाराम मंदिर, माता शारदा भवानी की ज्योति साडा मंदिर सरदार पटेल नगर दर्री, माता वैष्णोदेवी की ज्योति कुसमुंडा में भक्तों के दर्शन के लिए स्थापित की जाएंगी। इसके पश्चात अगले कार्यक्रम के अंतर्गत ये सभी सप्तदेव मंदिर में जाएंगी। 20 सितंबर को रात्रि विश्राम के पश्चात अगले दिवस 21 सितंबर को देवपहरी के लिए इनकी यात्रा शुरू होगी। उक्तानुसार सुबह 10 बजे यात्रा गढ़ उपरोड़ा के लिए प्रस्थान होगी। ढोढ़ीपारा, कोहड़िया, रूमगरा, सोनपुरी, चुइया, अजगरबहार, गढ़कटरा, सतरेंगा होते हुए गढ़-उपरोड़ा में रात्रि विश्राम होगा। 22 सितंबर को प्रातः 6 बजे यहां से पदयात्रा शुरू होगी। इसके अंतर्गत गढ़ उपरोड़ा, हरदीमौहा, डिंडासराई, देवपहरी गांव के बाद यात्रा सिद्धिदात्री मंदिर पहुंचेगी। यहां पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ अखंड ज्योति स्थापित की जाएगी। जानकारी दी गई कि अखंड ज्योति आने से पहले मंदिर परिसर में सभी ज्योति घट स्थापित किए जाएंगे। व्यवस्था के अनुसार मंदिर में ज्योति लाने वालों का तिलक आरती कर स्वागत सभी उपस्थितों ज्योति का मंदिर में पूजन-अर्चन होगा। तत्पश्चात सभी ज्योति गर्भगृह में रखी जायेगी। मंदिर में माता सिद्धिदात्री का आह्वान कर उनकी अखण्ड ज्योति प्रज्वलित होंगी। संपूर्ण कार्यक्रम में मंदिर के पुरोहित और यजमान सपत्नीक शामिल होंगे।

### स्वागत के लिए दिया दायित्व

रविवार 21 सितंबर को शक्तिपीठों की अखंड ज्योति के स्वागत कार्यक्रम के लिए स्थान व प्रभारी तय किए गए है। जामबहार चौक में उपन, लक्ष्मण महंत, सोनपुरी में शंकर, चिरंजीव, चुइया में कुंती चंद्रा, करम सिंह, अजगरबहार में रितेश गुप्ता, ठाकुर लवभूषण, कृष्णा महंत प्रभारी है। माखुरपानी में अमर सिंह, विजय यादव, गढ़कटरा में बहोरन सिंह, सतरेंगा में थान सिंह, धन सिंह कंवर, कदमझरिया में कौशल्या कंवर और गढ़-उपरोड़ा में जितेन्द्र देवांगन, अंशुमन प्रभारी है। हरदीमहुआ में पूरन सिंह, बलराम देवांगन और डिंडापाठ में जगदेव सिंह, बंधन सिंह को दायित्व दिया गया है। इन सभी की अगुवाई में प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार, रंगोली और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हिन्दू समाज करेगा।

## सार-संक्षेप

### शासकीय सेवक ई-केवाईसी कार्य 30 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें- कलेक्टर



**एमसीबी,** 18 सितबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने निर्देश दिए हैं कि जिले के समस्त शासकीय सेवकों का द्ध-चड्ढष्ट कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। कोषालय शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश के तहत सभी शासकीय सेवकों को इसके लिए विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्रक्क) भी जारी की गई है। निर्देश में कहा गया है कि जिन शासकीय सेवकों का पहले से किया जा चुका है, उनका विवरण आधार एवं समग्र पोर्टल से द्वारा सत्यापित किया जाएगा, वहीं जिनका द्ध-चड्ढष्ट लंबित है, उन्हें तत्काल यह प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि 30 सितम्बर 2025 तक हर हाल में यह कार्य अनिवार्य रूप से किया जाए, अन्यथा भविष्य में वेतन भुगतान सहित अन्य प्रशासनिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी मनबोध राम यादव को भी निर्देशित किया गया है कि प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी शासकीय सेवकों का कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण हो।

### एनसीसी, स्काउट एवं छात्र-छात्राओं को मिली अग्निवीर एवं सेना भर्ती की विभिन्न जानकारी

**एमसीबी,** 18 सितबर (देशबन्धु)। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर से आए भर्ती अधिकारी रुबेस कुमार और श्रवण सिंह ने विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड तथा विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं को भारतीय सेना में भर्ती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिकारियों ने अग्निवीर, जूनियर कमीशन ऑफिसर एवं अन्य रैंकों पर भर्ती की प्रक्रिया को समझाते हुए छात्रों को जागरूक किया। उन्होंने शारीरिक मापदंड, शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक परीक्षण और चयन की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख किया। साथ ही बोनस अंकों की व्यवस्था, चयन के विभिन्न चरण, वेतन सुविधा और भविष्य में मिलने वाले अवसरों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। भर्ती प्रक्रिया को लेकर प्रचलित भ्रांतियों का निराकरण किया गया और छात्रों को यह विश्वास दिलाया गया कि मेहनत और अनुशासन से वे सेना में स्थान बना सकते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। उन्होंने भर्ती से संबंधित शंकाओं को स्पष्ट करने में गहरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम से उन्हें सही दिशा और नई प्रेरणा मिली।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री संजीव कुमार, व्याख्याता टी. विजय गोपाल राव, खेल एवं युवा कल्याण जिला नोडल अधिकारी विनोद जायसवाल, एनसीसी प्रभारी शिवनारायण, जिला स्काउट सचिव अशोक साहू, स्कूल शिक्षा खेल नोडल अधिकारी रणधीर ठाकुर, तथा शिक्षक सुमित जायसवाल और खेमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 33 परिवारों को प्रदान किया गया पूर्णतः आवास प्रमाण पत्र




### 15 नए आवासों को मिली मंजूरी अंगीकार अभियान के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा व योजनाओं की जानकारी प्रदान

**कोरिया,** 18 सितबर (देशबन्धु)। अंगीकार अभियान के तहत आज नगर पालिका परिषद शिवपुर चर्चा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मेला आयोजित हुआ। इस अवसर पर 33 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कार्यक्रम में कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 15 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति व भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। अधिकारियों ने हितग्राहियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया। अन्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को केंद्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना शामिल रहीं। हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### खरसिया विधायक के पैरों के नीचे अशोक चक्र का अपमान

**रायगढ,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी राजनीतिक रैली में राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक अशोक चक्र का घोर अपमान किया गया है।



गाड़ियों पर लगे राष्ट्रीय प्रतीक पर बैठकर तथा उसे पैरों तले रौंदते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और खरसिया विधायक उमेश पटेल ने न केवल संविधान और राष्ट्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है बल्कि देश की अस्मिता का भी अपमान किया है। जिस वक्त विधायक उमेश पटेल अपने जूते के नीचे अशोक चक्र की महिमा को तार तार कर रहे थे उस वक्त उस खुली जीप में छत्तीसगढ़ के प्रभारी और राष्ट्रीय नेता सचिन पायलट खुद सवार थे। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो चुका है। मुँह में राम, बगल में छुरी और हाथ में संविधान का नारा लगाने वाले लोग, असलियत में उसी संविधान के प्रतीक अशोक चक्र को पैरों तले रौंद रहे हैं। यह कृत्य अक्षम्य अपराध है।

# जनहित के हर पैसे का हो सही उपयोग, काम हो गुणवत्तापूर्ण- सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत

### दिशा समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को दिए निर्देश




**कोरिया,** 18 सितबर (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। सांसद महंत ने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी अधिकारियों की होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक-एक रुपये का सही उपयोग हो तथा सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ हों, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**ग्रामीण समस्याओं के समाधान पर जोर**

सांसद महंत ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से रखें। स्कूल, राशन दुकान, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र आदि का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं की सूची बनाकर सम्बंधित अधिकारियों व कलेक्टर को दें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंच सके।

**जल जीवन मिशन पर असंतोष**

बैठक में उन्होंने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कहा कि यदि इसी तरह की कार्यशैली रही तो समय पर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना कठिन होगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

सांसद श्रीमती महंत ने गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक लड्डू वितरण की पहल की सराहना की और कहा कि इससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। उन्होंने इसे उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया।

**अनिवार्य हेलमेट और पेट्रोल पंप नियम**

सांसद श्रीमती महंत ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे को निर्देश दिया कि जिले में दोपहिया चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंपों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि बिना हेलमेट के किसी चालक को पेट्रोल न दिया जाए।

**प्रशासन ने दी योजनाओं की जानकारी**

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने सांसद को जिले में चल रहे अभियानों व नवाचारों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के लिए शिविर व डोर टू डोर अभियान चलाकर करीब 25 योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र वैद्य, डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## चेंबर आफ कामर्स ने धूमधाम से मनाया मोदी का जन्मदिन



**खरसिया,** 18 सितबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के वरिष्ठ नेता चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक और चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल दीपक ट्रेडर्स की अगुवाई में प्रदेश चैंबर के आव्हान पर छाया विधायक महेश साहू, नगर मण्डल अध्यक्ष विजय शर्मा की विशेष उपस्थिति में वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उत्साह के साथ सभी ने केक काटकर मोदी जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व पटल में मजबूती के साथ खड़ा है और देश आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ साथ विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम प्रधानमंत्री मोदी के हमेशा स्वस्थ रहने और दीर्घायु जीवन की ईश्वर से प्रार्थना करते हुए हुए उन्हें जन्म दिवस की बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते है। इस अवसर पर खरसिया चेंबर के पदाधिकारी और व्यापारी गण जनपद उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल जिला पंचायत सदस्य बलदेव कुर्रे, विनोद कबूलपुरिया, आनंद अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, कान्हा अग्रवाल, चीनू शर्मा पार्षद, तरुण अग्रवाल एवं अन्य व्यापारियों सहित भाजपा जिला मंत्री चैम्बर की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष गायत्री केसरवानी नगर वासियों के विशेष उपस्थिति रही संरक्षक गिरधर गुप्ता के हाथों केक काटने के दौरान सभी आए हुए व्यापारियों एवं चेंबर के पदाधिकारी ने एक दूसरे को केक खिलाकर श्री मोदी का जन्मदिन की बधाई दी।

## जिले में एक दिन, एक घंटा, एक साथ जगह-जगह किया जाएगा श्रमदान 25 को

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छोत्सव अभियान, जिलेभर में दिखेगा श्रमदान स्वच्छता का उत्साह

**एमसीबी,** 18 सितबर (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम शर्मा की उपस्थिति में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वच्छता ही सेवा 2025 तथा स्वच्छोत्सव अभियान के सुचारू क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई और जनप्रतिनिधियों तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर परसगढ़ी स्थित प्लास्टिक प्रबंधन इकाई को चनवारीडांड में स्थापित करने और ग्रामीण एवं शहरी एसआरसीएम सेंटर्स के समन्वय से संचालन कराने के निर्देश दिए गए। चैनपुर में स्थापित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रभावी संचालन के लिए शहरी निकायों के डी-स्लज वाहनों की व्यवस्था करने और समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने की बात कही गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत सामुदायिक शौचालयों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई और महतारी सदन के पास स्वीकृत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य को नियमित रूप से संचालित करने, सात स्वच्छाग्रहियों को 15वें वित्त से मानसिक स्वच्छता मानदेय उपलब्ध कराने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध को लागू करने के लिए मांडल ग्राम पंचायत का चयन कर ठोस क्रियान्वयन करने पर बल दिया गया। इस दौरान बताया गया कि वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाई जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों की सोच में बदलाव लाते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और ग्राम स्वच्छता में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष भी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छोत्सव थीम पर अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 25 सितम्बर 2025 को प्रातः 8 बजे जिलेभर में एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी शासकीय कार्यालयों, हाट बाजारों और पर्यटन स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में पूजा समितियों के साथ चर्चा कर पंडालों में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, आसपास सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त कूड़ेदान की व्यवस्था करने और सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि जिले के 50 हाट बाजार स्थलों और प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे अमृतधारा, सिद्धबाबा मंदिर, चांगदेवी मंदिर, कैलाश मंदिर भरतपुर, हरचोका (सीतामढ़ी), महामाया मंदिर, रमदहा वॉटरफाल एवं अन्य स्थलों पर सामुदायिक सहभागिता के साथ श्रमदान कराया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अभियान का समापन 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में किया जाएगा और इसके लिए संलग्न पत्रानुसार सभी विभाग आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।



## हर दिन-हर घर आयुर्वेद शिविर का सफल आयोजन



**एमसीबी,** 18 सितबर (देशबन्धु)। / छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं संचालनालय आयुष विभाग के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क हर दिन-हर घर आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 17 सितम्बर , दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक मनेंद्रगढ़ में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि पूजन के साथ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, विधायक प्रतिनिधि सजू यादव, पार्षदगण जमील शाह, दयाशंकर यादव, ओम प्रकाश, सपन महतो, मिस्थर जायसवाल, श्रीमती माया सोनकर, पप्पू हुसैन, मुकेश अग्रवाल, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

मुख्य अतिथि ने शिविर में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहना चाहिए जिससे आमजन को घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

**1108 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार व दवाइयाँ**

शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग पद्धतियों द्वारा सर्दी, खांसी, बुखार, खून की कमी, शरीर एवं हाथ-पैरों के दर्द, पेट संबंधी विकार, चर्म रोग, कमजोरी तथा विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों को होने वाली बीमारियों का निःशुल्क उपचार एवं औषधि वितरण किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा रोगानुसार आसन एवं प्राणायाम सिखाए गए 280 लोगों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुष काढ़ा वितरित, 35 मरीजों को संधिवात एवं वात रोगों के लिए कपिंग थेरेपी दी गई।

**स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा यादव एवं पार्षद श्रीमती माया सोनकर, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा द्वारा उपस्थित महिलाओं को आयुर्वेदिक दवाई किट देकर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में विभिन्न महिला स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के रूप में चलेगा।

## भरतपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की पूर्ति प्रक्रिया जारी

**एमसीबी,** 18 सितबर (देशबन्धु)। जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना भरतपुर अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र 12 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक आवेदिकाएं कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। प्रवेक्षक परिक्षेत्र खमरौध, कोटाडोल, बड़गांवकला, बहरासी, कंजिया, माड़ीसरई, देवगढ़, जनकपुर, भगवानपुर, कमर्जी, रामगढ़ और कुँवारपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की नियुक्ति की जाएगी। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या उससे अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता एवं सहायिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवास प्रमाण हेतु ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची या नगरीय क्षेत्र में संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। वहीं शैक्षणिक योग्यता के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण और सहायिका हेतु 8वीं उत्तीर्ण अनिवार्य है। उपयुक्त आवेदिका उपलब्ध न होने पर कार्यकर्ता के लिए 10वीं, 8वीं अथवा 5वीं उत्तीर्ण तथा सहायिका के लिए कम शैक्षणिक योग्यता वाली आवेदिकाओं पर भी विचार किया जा सकेगा।

गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिला, अनुसूचित जाति/जनजाति की महिला, विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिला को प्राथमिकता एवं अतिरिक्त अंक प्रदान किये जाएंगे। अनुभव धारी कार्यकर्ता या सहायिका को एक वर्ष या अधिक का अनुभव होने पर अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे। सभी दस्तावेजों का स्व-प्रमाणित होना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 सितम्बर निर्धारित है। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े की शुरुआत

### रक्तदान शिविर और विशाल स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ



**चिरमिरी,** 18 सितबर (देशबन्धु) देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितंबर) के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत आज चिरमिरी में हुई। 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस पखवाड़े का शुभारंभ जिला अस्पताल में ब्लड डोनेट और स्वास्थ्य शिविर से की गई। इसके बाद चिरमिरी के स्थानीय मंगल भवन पोड़ी में अनुभूति और प्रदर्शनी कार्यक्रम भी आयोजित रहा। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में तथा भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

**रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह**

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मोत्सव पर जिला अस्पताल चिरमिरी में रक्तदान शिविर एवं विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। उन्होंने रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदान कर रहे युवाओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दोपहर 12 बजे तक 10 यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका था। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है और रक्तदान का कार्य लगातार जारी है,और इस एम सी बी जिला अस्पताल के हेल्थ शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम - आई है सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती तक स्वास्थ्य सेवा एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। इसकी शुरुआत आज चिरमिरी से हुई है। इस विशाल स्वास्थ्य शिविर में रायपुर से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गंभीर बीमारियों की जाँच और उपचार उपलब्ध करा रही है। इस स्वास्थ्य शिविर से जिलेभर के आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, मंडल अध्यक्ष चिरमिरी पुरुषोत्तम सोनकर, सभापति संतोष सिंह, पूर्व सभापति,विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, जिला महामंत्री भाजपा द्वारिका जायसवाल,भाजपा जिला, मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-महामंत्री, शक्ति केंद्रों के प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं समितियाँ, जनप्रतिनिधिगण, महापौर, सभापति, पार्षद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रेक्टर पेड़ से टकराया, चालक की मौत

### रेत खाली करके घर लौटते समय हुआ हादसा

**रायगढ,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। बीती रात तेज रफ्तार ट्रेक्टर पेड़ में टकरा जाने की घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेरम निवासी दीपक राठिया पिता बगस राठिया 24 साल बीती रात 10 बजे के आसपास ट्रेक्टर में सवार होकर रेत लेने कंचनपुर घाट गया हुआ था। बताया जा रहा है कि रायकेरा में रेत खाली करके वापस घर लौटते समय जब व कोटरीमाल के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पेड से जा टकराई। इस घटना में दीपक राठिया के सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।



बहरहाल सड़क हादसे में युवक की मौत की खबर मिलते ही घरघोड़ा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# रेत माफिया से पामगढ़ कांग्रेस विधायक की डीलिंग का कथित ऑडियो वायरल

## कलेक्टर एसडीएम के नाम पर पैसे वसूलने का आरोप



जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पामगढ़ विधानसभा की कांग्रेस विधायक शेषराज हरबंश कथित वायरल ऑडियो को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक ऑडियो क्लिप ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। वायरल ऑडियो में विधायक हरबंश को रेत माफियाओं से महीने के लाखों रुपए की डील करते हुए सुना जा सकता है। ऑडियो में कलेक्टर और एसडीएम के नाम पर भी रकम तय करने की बातें सामने आई हैं। हालांकि विधायक ने इसे एडिटेड और साजिश करार दिया है।

वायरल ऑडियो दिसंबर 2024 का बताया जा रहा है। इसमें पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश एक व्यक्ति से बातचीत में खुद के लिए तीन लाख रुपए, एसडीएम के लिए दो लाख, और कलेक्टर के लिए दो लाख रुपए तय करती सुनाई दे रही हैं। ऑडियो के एक हिस्से में एक राघवेंद्र नाम के व्यक्ति के लिए एक लाख रुपए तय किए जाने की बात भी सामने आई है।

विधायक कहती हैं तीन लाख मेरा करवा दो, दो लाख एसडीएम का रहेगा। वरना अड़ंगा लग जाएगा। कलेक्टर को मैं अपने में से दे दूंगी। एक अन्य हिस्से में विधायक कहती हैं राघवेंद्र को एक लाख दे देना, मेरा नाम मत लेना।

बातचीत में एक व्यक्ति कहता है कि गाड़ी थाने से छुड़ाकर रखवा दी है, आपकी अनुमति के बाद ही घाट में उतारेंगे।

### विधायक शेषराज हरबंश ने आरोपों को पूरी तरह खारिज किया

विधायक शेषराज हरबंश ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उनका कहना है कि यह ऑडियो 9 महीने पुराना है और भू-माफिया द्वारा एडिट कर वायरल किया गया है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सिर्फ फाइन की वसूली की बात की थी, और संबंधित चालान व रसीद की कॉपी भी उनके पास मौजूद है। उनका कहना है, मैंने भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है, जिससे तिलमिलाकर अब यह ऑडियो सामने लाया गया है। मेरी विधानसभा में सरकारी ज़मीन की अवैध बिक्री रोकने के बाद, यह दबाव बनाने की कोशिश है।

विधायक ने सीधे तौर पर राजेश भारद्वाज, रोशन भारद्वाज और संजू रत्नाकर पर आरोप लगाया है कि ये लोग सरकारी जमीन बेचकर करोड़ों का खेल कर रहे हैं, और अब उन्हें डराने के लिए यह ऑडियो वायरल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन माफियाओं ने जमीन पर लोन लेकर बैंक से 35 लाख रुपये भी उठाया है।

### राजनीतिक हलकों में हलचल

इस ऑडियो के वायरल होते ही प्रदेश की राजनीति में खलबली मच गई है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और कांग्रेस पार्टी के रुख पर हैं कि इस मामले में कोई आंतरिक जांच होगी या नहीं, और क्या इस पर कोई विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सत्यता की अब तक पुष्टि नहीं

वायरल ऑडियो की सत्यता की अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है। विधायक की ओर से इसे फर्जी और एडिटेड करार दिया गया है। प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# सार-संक्षेप

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्या दूर करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




**सारंगढ़,** 18 सितबर (देशबन्धु)। किसानों की गम्भीर समस्याओं के संबंध में आज भारतीय किसान संघ जिला इकाई सारंगढ़ ने जिला मुख्यालय के साथ ही साथ अन्य तहसीलों में भी ज्ञापन सौंपा जिसमे उल्लेख किया गया है कि

किसान आज प्रदेश में खाद, बिजली, पानी की समस्या को लेकर बहुत व्यथित है। प्रदेश में ये तीनों समस्याएं विकराल रुप धारण करते जा रही हैं। खाद के लिए प्रदेश में मारामारी हो रही है. किसान खाद महंगे दामों में लेने हेतु विवश हो गया है। बिजली कटौती से किसान त्रस्त है। नहरों का पानी अंतिम गांवों तक पहुंच नहीं पाया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ का किसान खेती कैसे कर पायेगा? ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है और इसे रोक पाना असंभव दिखाई देता है

मुख्यमंत्री से प्रदेश के शोषित, पीड़ित किसानों की मांग है कि किसानों के इस प्रदेश में किसानों का शोषण बंद होना चाहिए एवं उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण होना चाहिए। यदि किसानों को तत्काल राहत नहीं मिली तो भारतीय किसान संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।ज्ञापन में प्रमुख मांगे

खाद की कालाबाजारी बंद हो एवं सहकारी समितियों में भंडारण सुनिश्चित हो। बिजली कटौती पूर्णतः बंद हो तथा घरेलू बिजली पर पुनः हाफ बिजली बिल योजना लागू की जाए। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया जाए तथा नहरों का पानी अंतिम गांव तक पहुंचे इत्यादि प्रमुख मांगे हैं।

## भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ऑडिटोरियम में प्रदर्शनी का आयोजन



**सारंगढ़,** 18 सितबर (देशबन्धु)।भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार तथा प्रदेश भाजपा के मंशानुरूप जिला भाजपा सारंगढ़ में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के ऑडिटोरियम में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति लाल पटेल जी, सेवा पखवाड़ा के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ खुटे , जिला महामंत्री अमित तिवारी, जिला प्रवक्ता भुवन लाल मिश्रा, प्रदेश मंत्री हरिनाथ खुटे, मंडल अध्यक्ष जय बानी, वरिष्ठ नेता दुर्गा ठाकुर, जिला महामंत्री किसान मोर्चा अवधेश ठेठवार, मंडल महामंत्री सतीश शर्मा युवा मोर्चा नेता राहुल केसरवानी, युवा नेता ईशान शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

## नगर पालिका सारंगढ़ ने मनाया आवास दिवस,कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति




**सारंगढ़,** 18 सितबर (देशबन्धु)। आज सुबह स्थानीय मंडी प्रांगण में शहरी क्षेत्रों का आवास दिवस मनाया गया जिसमे 70 लोगो को पूर्णता प्रमाण,20 को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र,30 लोगो का नवीन डी पी आर दावा आपत्ति प्रदाय किया गया इस दौरान कलेक्टर संजय कन्नौज अपर कलेक्टर एसके टंडन निर्मल सिन्हा ज्योति पटेल सुभाष जालान अमित अग्रवाल दुर्गा ठाकुर अरुण गुड्डू यादव सत्येंद्र बारगाह सतीश शर्मा सीएमओ कुलमित्र अन्य अधिकारी कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव पॉलीटेक्निक कॉलेज जांजगीर में सेमिनार का आयोजन




जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर डॉ. जीपी नायक ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा एवं आगामी 25 वर्षों के संकल्प और चुनौतियाँ विषय पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र, शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर प्रोफेसर सुरेश कुमार पटेल, प्रशांत सिंह ठाकुर, प्राचार्य डॉ. जीपी नायक सहित संस्था के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सेमिनार का संचालन व्याख्याता गणित डॉ. गोपी साव ने किया।

# बिहान की दीदियों की गूंज

## आकाशवाणी रायपुर से दीदी के गोठ द्वितीय एपिसोड का प्रसारण



जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में शुरू की गई नई पहल दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम लगातार महिलाओं को प्रेरणा दे रहा है। जिसमें जिले की सभी ग्राम पंचायत में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना।

दीदी के गोठ कार्यक्रम का उद्देश्य स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की कहानियों को उनकी जुबानी सुनाकर समाज में आत्मविश्वास और सामूहिक प्रयास का संदेश फैलाना है। महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का दूसरा एपिसोड आज प्रसारित हुआ। इस एपिसोड में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित जानकारी और लाभार्थियों की कहानियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत मेऊ में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी की उपस्थिति में दीदी के गोठ कार्यक्रम को सुना गया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की।

# फरार निगरानी एवं गुंडा बदमाश गिरफ्तार नगर में निकाला गया जुलूस

जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना जांजगीर पुलिस ने प्राणघातक हमले के मामले में फरार चल रहे दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आदतन अपराधियों को गिरफ्तारी के बाद नगर में जुलूस निकालते हुए कड़ा संदेश दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एक निगरानी बदमाश और दूसरा गुंडा बदमाश शामिल है। प्रकरण से संबंधित तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

घटना का संक्षिप्त विवरण 09 सितम्बर की रात्रि को, ग्राम देवरहा निवासी प्रार्थी लक्ष्मी प्रसाद यादव उर्फ नवधा के साथ गंभीर घटना घटी। प्रार्थी के अनुसार, कोटाडबरी चांपा निवासी राजेंद्र पटेल ने उसे फोन कर रेत-गिट्टी के कारोबार में कमीशन मांगा। प्रार्थी द्वारा इंकार करने पर, आरोपी अपने 20-25 साथियों के साथ लाठी, डंडा, तलवार और चाकू से लैस होकर प्रार्थी के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। गांव वालों की आवाजाही के कारण सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर थाना जांजगीर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। गिरफ्तार आरोपी सतीश यादव उर्फ बाटा पिता धनसाय यादव उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 20, राधाकृष्ण मंदिर, जांजगीर व प्रांजल यादव उर्फ बली उर्फ दादू पिता संतोष यादव उम्र 24 वर्ष निवासी हसदेव विहार, दोनों बदमाशों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा। पूछताछ में उन्होंने घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी मनीष हंसेलिया, उमाशंकर यादव, रामकेवट तीनों निवासी जांजगीर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। कानूनी कार्यवाही आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(1), 191(3), 308(2), 296, 351(2), 109(1) के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में निरीक्षक मणिकांत पांडे उप निरीक्षक सत्यम चौहान अन्य पुलिस स्टाफ की तत्परता व टीमवर्क से यह गिरफ्तारी संभव हो सकी।




# सड़क में धंसे माजदा वाहन से अवैध रूप से ले जाए जा रहे लोहे के पाइप जब्त

## थाना सारागांव पुलिस कर रही वाहन चालक और माल मालिक से पूछताछ



जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना सारागांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनियापाठ में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाए जा रहे लोहे के स्क्रैप पाइप से भरे माजदा वाहन को जब्त किया है। उक्त वाहन सड़क में धंस गया था, जिसे निकालने के प्रयास के दौरान यह मामला प्रकाश में आया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 सितम्बर को सूचना मिली थी कि माजदा वाहन सड़क में फंस गया है और जेसीबी, हाइड्रा व ट्रैक्टर की सहायता से उसे बाहर निकाला जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन चालक सूरज साहू, निवासी डुमरपारा, थाना बाराद्वार से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वाहन को लखनलाल डडसेना ने किराए पर लिया था और उसमें सीमेंट युक्त लोहे का स्क्रैप पाइप लोड किया गया था। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जब्त माल का वजन 14,490 किलोग्राम एवं अनुमानित मूल्य 1,10,890.50 बताया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि उक्त माल को गुजरात से लाकर ग्राम कोनियापाठ में अनलोड किया गया था, जिसे बाराद्वार की ओर ले जाया जा रहा था। पुलिस को इस माल की चोरी अथवा किसी अन्य अपराध में प्रयुक्त होने का संदेह है। लिहाजा, धारा 106 बीएनएसएस के तहत माजदा वाहन व स्क्रैप पाइप को जप्त कर थाना सारागांव में सुरक्षा हेतु रखा गया है। मालिक लखनलाल डडसेना, निवासी बम्हनीडीह (वर्तमान पता कोनियापाठ) को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। मामले की जांच जारी है तथा संबंधित विभागों को पत्राचार कर वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक सुभाष चौबे, सउनि के.के. कोसले, प्र.आर. अर्जुन जांगड़े, आरक्षक शंकर जय किशन खुटे एवं गोवर्धन टाइगर की विशेष भूमिका रही।

# भारतीय स्टेट बैंक जांजगीर में एसएचजी सह कृषि व्यवसाय किसान शिविर का सफल आयोजन



जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक जांजगीर शाखा द्वारा मंगलवार को एसएचजी सह कृषि व्यवसाय किसान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं एवं किसानों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं तथा कृषि व्यवसाय से संबंधित सुविधाओं की जानकारी देना रहा।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम आलोक रंजन, रीजनल मैनेजर कोरबा आदर्श श्रीवास्तव एवं सीएम क्रेडिट निलेश कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित हुए। शिविर में स्टेशन रोड जांजगीर, चांपा एवं अकलतरा शाखाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस आयोजन का संचालन एवं सफल क्रियान्वयन जांजगीर शाखा की मुख्य प्रबंधक श्रीमती ज्योत्सना सिंह द्वारा किया गया। शिविर में 250 से अधिक किसान एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। उन्हें बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि व्यवसाय ऋण, स्वरोजगार योजनाएं एवं महिला उद्यमिता से जुड़ी सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बैंक अधिकारियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में एसएचजी और किसानों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए, जिससे उन्हें सीधे योजनाओं का लाभ मिल सके। उपस्थित अधिकारियों ने किसानों और महिला समूहों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना तथा उन्हें बैंक की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का हुआ शुभारंभ

## विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और नागरिकों को किया गया सम्मानित




जांजगीर, 18 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय स्मृति समारोह का सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जर्वे (च) में आयोजन किया जा रहा है।

आज सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में स्मृति समारोह के शुभारंभ के अवसर पर विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह व सुपुत्री श्रीमती रत्नावली सिंह, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक, कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ विभिन्न विधाओं में प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, किसानों और नागरिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर-चांपा जिला बनने के बाद जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला और बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का यह आयोजन सबसे महत्वपूर्ण रहे हैं। इस समारोह ने जिले को पहचान दिलाई है। उन्होंने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते श्रद्धांजलि दी एवं उनके योगदान को स्मरण किया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवक, राष्ट्र सेवक थे, उन्होंने हर वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य किया है। विधायक अकलतरा राघवेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं स्वयं बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के परिवार से हूँ, इसलिए उनके जीवन की अनेक कहानियाँ और प्रसंग मुझे बचपन से ही सुनने को मिलते रहे हैं। बैरिस्टर साहब ने समाज के सभी वर्गों को लोगों को उनका अधिकार दिलाया। उन्होंने बहुत से सामाजिक सुधार और समानता के प्रयासों के कार्य किए है। बैरिस्टर साहब वकालत करके बहुत सहज जीवन जी सकते थे, लेकिन उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिये। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल हमारे जांजगीर के गौरव हैं। उनका योगदान केवल हमारे क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान निर्माण में अद्वितीय रहा है। पूर्व विधायक नारायण चंदेल ने कहा बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के माध्यम से उन महापुरुषों को स्मरण कर सकें, जिन्होंने आज़ादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महापुरुष भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच न रहें, लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग हमेशा समाज और देश के भीतर जीवित रहते हैं। बैरिस्टर साहब का संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता संग्राम और देशप्रेम की ज्वाला को प्रज्वलित करने में समर्पित रहा।

पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का योगदान अविस्मरणीय रहा। उसके पश्चात उन्होंने संविधान सभा में देश की सेवा की। इस आयोजन के माध्यम से हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों और नागरिकों को सम्मानित किया जा रहा है। प्रशासन और शासन द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित ही समाज को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करेंगे।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि आज हम यहाँ एक विराट व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में एकत्र हुए हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का व्यक्तित्व बहुआयामी और समावेशी था। वे एक समृद्ध जमींदार परिवार से थे, किंतु उन्होंने वैभव और सुविधा का जीवन छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम की कठिन राह चुनी। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध लड़ाई में उन्होंने इस अंचल ही नहीं, पूरे देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्र विजय प्रताप सिंह ने कहा कि समाज में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो क्षेत्रीय या सामाजिक सीमाओं से ऊपर उठकर सबके लिए प्रेरणा बन जाते हैं। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल का जीवन इसी का प्रतीक है। अधिकांश लोग उनके योगदान और विचारों से प्रभावित रहे हैं, क्योंकि उनका आचरण और व्यवहार सदैव उत्कृष्ट और प्रेरक रहा है।

मैं विद्यार्थियों से कहना चाहता हूँ कि वे खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें और समाज के लिए कुछ न कुछ अवश्य करें। यही बैरिस्टर साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल के सुपुत्री रत्नावली सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, गुलाब सिंह चंदेल, दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, परस शर्मा, रवि सिसोदिया, नवागढ़ जनपद अध्यक्ष श्रीमती कान्ता मोहन कश्यप, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

# देश विदेश

## द. कोरिया ने अमेरिकी वीजा प्रणाली को समझने के लिए टास्क फोर्स का किया गठन

**सोल,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरियाई सरकार ने गुरुवार को एक अंतर-एजेंसी टास्क फोर्स का गठन किया है, ताकि दक्षिण कोरियाई कंपनियों को अमेरिकी वीजा प्रणाली को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सके। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में अमेरिका के आव्रजन छापे में 300 से अधिक दक्षिण कोरियाई लोगों को हिरासत में लेने और रिहा करने के बाद यह कदम उठाया गया है। विदेश मंत्रालय, उद्योग, व्यापार और ऊर्जा मंत्रालय, लघु एवं मध्यम उद्यम और स्टार्टअप मंत्रालय समेत अन्य के साथ मिलकर गठित यह टास्कफोर्स, काम के लिए अमेरिका आने से जुड़ी कठिनाइयों या समस्याओं के बारे में विभिन्न उद्योगों से राय एकत्र करेगा और उनके समाधान खोजने का प्रयास करेगा।

# उत्तरी गाजा के अस्पताल ढहने की कगार पर : डब्ल्यूएचओ

■ **डब्ल्यूएचओ ने युद्धविराम का किया आह्वान**

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी गाजा पर इजरायल की ओर से हो रहे हमलों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने फिक्र जताई है। उन्होंने वर्तमान हालात को मानवीय गरिमा के लिए अनुपयुक्त बताया है। डब्ल्यूएचओ चीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा कि सेना से घिरे गाजा शहर के अस्पताल ध्वस्त होने की कगार पर हैं, क्योंकि इजरायल का हालिया जमीनी आक्रमण अपने तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक ने कहा कि यह हमला विस्थापन के नए संकट को जन्म दे रहा है, जिससे पीड़ित परिवारों को लगातार सिकुड़ते हुए ऐसे क्षेत्र में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है जो मानवीय गरिमा के लिहाज से उपयुक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि घायल और दिव्यांग सुरक्षित स्थानों पर नहीं जा सकते, जिससे उनकी जान को खतरा है।

डब्ल्यूएचओ चीफ ने आगे कहा



**डब्ल्यूएचओ जरूरी सामग्री भी पीड़ित लोगों तक पहुंचा नहीं पा रहा है। हिंसा के कारण विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच मुश्किल हो गई है : टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस**

कि वर्तमान हालात की वजह से डब्ल्यूएचओ जरूरी सामग्री भी पीड़ित लोगों तक पहुंचा नहीं पा रहा है। हिंसा के कारण विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंच मुश्किल हो गई है। हम इन अमानवीय परिस्थितियों को तत्काल समाप्त करने की अपील करते हैं। युद्धविराम का आह्वान करते हैं।

टेक्स्ट के साथ टेड्रोस ने एक वीडियो क्लिप भी शेयर की है जो 12 सितंबर की है। इसमें दिख रहे लोग अचानक हुए विस्थापन का दर्द साझा कर रहे हैं। कह रहे हैं कि जैसे ही हम व्यवस्थित होने लगते हैं, वैसे ही वहां से हटने का आदेश आ जाता है। हमास को जड़ से खत्म करने और गाजा सिटी पर कब्जा करने के इरादे का ऐलान आईडीएफ ने अगस्त में ही कर दिया था। अपनी मंशा को पूरा करने के लिए हाल ही में सैन्य अभियान चलाया। गाजावासियों के निकलने के लिए एक अस्थायी रूट को भी खोला गया था, जिससे वे अपनी जान बचा कर इलाके से भाग सकें।

## इजरायल की लगातार बमबारी फिलिस्तीनियों पर पड़ रही भारी

**संयुक्त राष्ट।** संरा के मानवीय सहायताकर्ताओं ने कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इज़रायली बमबारी और जमीनी कार्रवाई फिलिस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया। इस अस्पताल में 80 मरीज़ थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे। आधे मरीज़ और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इज़रायली सैन्य अभियान के कारण महिलाएं बिना अस्पतालों, डॉक्टरों या साफ़ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं। इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएं बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं। ओसीएचए ने कहा कि उसके मानवीय सहयोगियों ने बताया है कि मार्च में युद्धविराम टूटने के बाद से, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान करने वाले 80 चिकित्सा केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 65 सेवा से बाहर हैं।

**गाजा में महिलाएं बिना अस्पतालों, डॉक्टरों या साफ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं : यूएनएफपीए**

## भारत-चिली ने संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और चिली ने बहुआयामी रिश्तों को और गहरा करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने नई दिल्ली में आयोजित चिली के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने चिली के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक की हालिया मुलाकातों में तय रोडमैप के अनुरूप भारत-चिली साझेदारी को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।



जुलाई में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात की थी। पीएम मोदी ने उस समय एक्स पर लिखा था कि चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। भारत-चिली दोस्ती और मजबूत होती जा रही है। इससे पहले अप्रैल में राष्ट्रपति बोरिक ने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की राजकीय यात्रा की थी। इसमें मंत्री, सांसद, वरिष्ठ अधिकारी, कारोबारी संगठनों के प्रतिनिधि, मीडिया और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख लोग शामिल थे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 1949 में स्थापित हुए राजनयिक संबंधों के 76 वर्ष पूरे होने का प्रतीक रही।

## सुडोकू 7039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | | | 7 | 6 | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| 6 | | | | 8 | | | 2 | |
| | | 4 | | 3 | | | | 9 |
| | | | 5 | | 7 | | | |
| 2 | | | | 6 | | 5 | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 7 |
| 1 | 3 | | | | | | | |
| 7 | 8 | 6 | | | 5 | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7039

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | ■ | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. महत्ता (उर्दू)
४. अंत, समाप्ति, मृत्यु
६. बहरा
७. शुरुआत
८. धनी (उर्दू)
१०. घर
११. हृदय, मन
१३. अग्नि
१४. शक्ति, अलौकिक शक्ति, ऐश्वर्य
१५ जंगलों में विचरण करने वाला
१७. पानीयुक्त, भीगा हुआ, अश्रुपूर्ण
१९. रहित
२१. पराजित, हारा हुआ
२२. गौतम बुद्ध की पत्नी, श्रावण मास की चौथी रात
२४. मूर्ख, अविवेकी(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अर्थ, मतलब
२. सांठ-गांठ
३. मुस्कुराहट (उर्दू)
४. अभिलाषा, कामना (उर्दू)
५. किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाला, वादक (उर्दू)
९. किसी इमारत-व्यक्ति आदि की रक्षा करने वाले व्यक्तियों का दल
११. कमल
१२. पवन, वायु, हवा
१३. वर्षा ऋतु
१४. सीता
१५. जंगल की पैदावार
१६. गाय, चार स्तनों वाली
१८. पैदायशी अंधा
१९. ठहराव, अंत. विश्राम
२०. नीति, नम्रता, व्यवहार
२३. मार्ग, पथ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-7038

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | क्र | २ पा | णि | ■ | ■ | ३ खु | ले | ४ आ | म |
| म | ■ | र | ■ | ५ आ | गो | श | ■ | तं | ■ |
| ६ क | पा | ल | ■ | ग | ■ | ७ हा | नि | क | ८ र |
| ना | ■ | ग | ■ | ९ ज | ली | ल | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० आ | ना | ११ का | नी | ■ | ■ | १२ भा | स्क | र |
| ■ | ख्या | ■ | म | ■ | १३ नु | पू | र | ■ | खा |
| १४ अ | न | १५ म | ना | ■ | त | ■ | १६ त | १७ ना | व |
| द्धां | ■ | हा | ■ | १८ ज | न | १९ क | ■ | स्ति | ■ |
| २० गि | र | वी | ■ | ता | ■ | २१ स | म | क | २२ क्ष |
| नी | ■ | २३ र | ण | ना | य | क | ■ | ■ | ति |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 19 सितम्बर , 2025 आश्विन कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। व्यापार और नौकरी में आज संभलकर रहें।

वृषभ - आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। दोपहर के बाद झगड़े का वातावरण बना रहेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा। शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिढ़चिढ़े रहेंगे।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों के लिए धन खर्च कर सकते हैं। प्रवास या पर्यटन भी होगा।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहन सुख प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ मिलेगा।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें। दोपहर के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# अमेरिका में यूनुस व शहबाज करेंगे मुलाकात

**ढाका,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस 22 सितंबर को न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात करेंगे।

यूनुस और शरीफ संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क में होंगे। यह बैठक पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद से ढाका और इस्लामाबाद के बीच बढ़ती नजदीकियों के बीच हो रही है।

ढाका स्थित विदेश सेवा अकादमी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने ऐलान किया कि 26 सितंबर को यूनुस सत्र को संबोधित करेंगे। गुरुवार को स्थानीय मीडिया ने हुसैन के हवाले से ही बताया कि यूनुस यूएनजीए सत्र के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, फिनलैंड के राष्ट्रपति, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री, संयुक्त राष्ट्र महासचिव और कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे।

देश के प्रमुख बंगाली दैनिक, जुगंतोर की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान, मुख्य सलाहकार के साथ तीन प्रमुख राजनीतिक दलों - बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) के चार वरिष्ठ नेता भी होंगे।



■ **संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क में होंगे यूनुस व शरीफ**
■ **26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करेंगे यूनुस**

बता दें, बांग्लादेश में युद्ध अपराधों के मुकदमों और व्यापक क्षेत्रीय राजनीति जैसे मुद्दों के कारण पूर्व अवामी लीग सरकार के 15 साल के शासन के दौरान ढाका और इस्लामाबाद के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे थे। बांग्लादेश-पाकिस्तान संबंधों में प्रमुख मुद्दों में हमेशा 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान हुए नरसंहार में पाकिस्तान की भूमिका, फंसे हुए संसाधनों की वापसी और मुआवजा शामिल रहे हैं।

हालांकि, अगस्त 2024 में यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के गठन के बाद से हालात काफी बदल गए हैं। पिछले महीने, पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने ढाका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा की थी, जो 13 वर्षों में किसी भी पाकिस्तानी अधिकारी की बांग्लादेश की पहली राज्य-स्तरीय यात्रा थी।

## पाकिस्तानी हमलों में तीन बलूच की मौत, पांच घायल

**क्वेटा।** एक प्रमुख बलूच मानवाधिकार संगठन ने गुरुवार को बताया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से बलूचिस्तान के जेहरी क्षेत्र में आवासीय घरों को निशाना बनाकर बमबारी की गई। इस हमले में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार वर्षीय बच्चे सहित पांच अन्य घायल हो गए। बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने बुधवार देर रात खुजदार जिले के जेहरी स्थित तेरासानी (काजिब) इलाके में हवाई और ड्रोन हमला किया, जिसमें तीन नागरिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। आम नागरिकों के खिलाफ जेट लड़ाकू विमानों और ड्रोन का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून का गंभीर उल्लंघन है। यह कोई अकेला मामला नहीं है।

## अमेरिका में फायरिंग से तीन पुलिस अधिकारियों की मौत, दो घायल

**पेन्सिल्वेनिया,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया के कोडोरस टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में स्टेट पुलिस कमिश्नर क्रिस्टोफर पेरिस के हवाले से बताया गया कि बुधवार दोपहर (अमेरिकी समयानुसार) हुई इस घटना के दौरान हमलावर भी मारा गया।



उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा कि वे एक जांच की निगरानी के लिए वहां मौजूद थे। उन्होंने जांच की प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे के कुछ ही समय बाद मैरीलैंड सीमा के पास फिलाडेल्फिया से लगभग 115 मील पश्चिम स्थित नॉर्थ कोडोरस टाउनशिप में हुई।

# शेख हसीना व उनके परिवार का वोटर कार्ड ब्लॉक

**ढाका,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के कई सदस्य अगले साल होने वाले चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। उनके राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग (ईसी) के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि जिन लोगों का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) ब्लॉक है, वे विदेश से वोट नहीं डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मुकदमों या अन्य कारणों से देश छोड़ा है, वे वोट डाल सकते हैं, बशर्ते उनका एनआईडी ब्लॉक न हो। उन्होंने कहा कि विदेश से वोट देने के लिए एनआईडी नंबर के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। पासपोर्ट से यह काम नहीं होगा। अगर किसी का एनआईडी ब्लॉक है, तो वे रजिस्टर नहीं



■ **अगले चुनाव में वोटिंग पर रोक**
■ **विदेश से वोट देने के लिए एनआईडी नंबर के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन जरूरी**

कर सकते और वोट नहीं डाल पाएंगे। केवल एनआईडी के साथ रजिस्टर करने वालों को ही यह मौका मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या शेख हसीना वोट दे पाएंगी, तो उन्होंने कहा कि वह वोट नहीं दे पाएंगी।

## आज का इतिहास

1755- ग्रेट ब्रिटेन और रूस सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1846- दो फ्रांसीसी चरवाहे बच्चे, मेलेनिया कैल्वट और मैक्सिमिनगिरॉड, ने फ्रांस के लाला सालेट के पास एक पर्वतारोहण पर एक मैरियन की स्थिति का अनुभव किया, जिसे अब हमारी लेडी ऑफ ला सालेट के रूप में जाना जाता है।
1863- चिकमूगा की लड़ाई उत्तर पश्चिमी जॉर्जिया में शुरू हुई और अमेरिकी नागरिक युद्ध के पश्चिमी रंगमंच में सबसे महत्वपूर्ण संघ की हार का अंत हुआ।
1865- अटलांटा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी।
1870-फ्रेंको-प्रुशियन युद्ध में पेरिस की घेराबंदी शुरू हुई।
1876 - ओटावा में एक फुटबॉल क्लब की स्थापना की गयी।
1888- विश्व की प्रथम सौंदर्य प्रतियोगिता बेल्जियम में शुरू की गयी।
1893- केट शेपर्ड के नेतृत्व में महिला मताधिकार आंदोलन के बाद न्यूजीलैंड सार्वभौमिकता का परिचय देने वाला पहला देश बन गया।
1893- न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
1918- जॉर्डन घाटी में तीसरे ट्रांसजेर्डन हमले की शुरुआत हुई।
1940- पोलिश प्रतिरोध के सदस्य विटोल्ड पिल्की ने खुद को जर्मन सेनाओं से हटा दिया और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए औशविट्ज़ एकाग्रता कैंपिन के आदेश पर भेजा।
1944- फिनलैंड और सोवियत संघ ने निरंतरता युद्ध को समाप्त करने के लिए मॉस्को आर्मिस्टिस पर हस्ताक्षर किए।
1952- चार्ली चैपलिन को हॉलीवुड में अपने घर लौटने के लिए प्रवेश से मना कर दिया गया है जब तक कि उनकी पूरी जांच नहीं की गई है।

**मामला** *भारत ने की अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील, कहा*

# नामित संगठन को अफगान क्षेत्र का उपयोग नहीं करने दें

**संयुक्त राष्ट्र,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अन्य आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान की धरती का दुरुपयोग न कर सकें। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद को बताया कि भारत अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा नामित संगठन और व्यक्ति, जैसे इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा और उनके सहयोगी लश्कर-ए-तैयबा व जैश-ए-मोहम्मद, उनके समर्थक, अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए न करें।

■ **चरमपंथी समूहों की उपस्थिति अफगानिस्तान के लिए बड़ी समस्या**

हरीश ने आगे कहा कि भारत, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में किए गए आतंकी हमले की कड़ी निंदा का स्वागत करता है, जिसमें 26 नागरिकों को उनके धर्म के आधार पर मारा गया था।

अफगानिस्तान के लिए महासचिव की विशेष प्रतिनिधि रोजा ओटुनबायेवा, जिन्होंने अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) पर परिषद की चर्चा के दौरान पहले बात की थी, ने चेतावनी दी कि बड़े पैमाने पर सशस्त्र संघर्ष और हिंसा में उल्लेखनीय



गिरावट के बावजूद चरमपंथी समूहों की उपस्थिति अफगानिस्तान के लिए एक समस्या है। 2021 में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र और भारत सहित ज्यादातर देशों ने इसे मान्यता नहीं दी है।

हालांकि, हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के प्रति एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के बाद की स्थिति से निपटने के लिए किसी भी सुसंगत नीति में सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने और हानिकारक कार्यों को हतोत्साहित करने का संयोजन होना चाहिए। केवल दंडात्मक उपायों पर ध्यान केंद्रित करने से वांछित परिणाम प्राप्त होने की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने संघर्ष के बाद के अन्य संदर्भों में अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाया है और कहा कि इसी तरह अफगानिस्तान को अपने लोगों की सहायता के लिए अब तक अप्रयुक्त नीतिगत साधनों के साथ एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिन्हें अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यथास्थिति बनाए रखना अफगानिस्तान के लिए अच्छा नहीं है। इससे अफगानिस्तान के लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाएं पूरी होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत सभी संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत जारी रखेगा।


## सुडोकू 7039 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 5 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 2 |

## दुनिया को जानें

### सबसे बड़े मंदिर की राफ्ट नींव का विश्व रिकॉर्ड बनाया अडाणी सीमेंट

**अहमदाबाद,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अडाणी सीमेंट ने ग्रुप की अन्य सहयोगी कंपनी पीएसपी इंफ्रा के साथ मिलकर गुरुवार को कहा कि उसने उमिया धाम में दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मंदिर की राफ्ट नींव की ढलाई पूरी कर ली है। 450 फीट × 400 फीट × 8 फीट आकार के इस आगामी विश्व के सबसे ऊंचे मंदिर की राफ्ट नींव, 504 फीट ऊंचे जगत जननी मां उमिया मंदिर के 1,551 धर्म स्तंभों को सहारा देगी।



इस मंदिर की परिकल्पना जसपुर में एक विशाल सामाजिक और सांस्कृतिक परिसर के आध्यात्मिक केंद्र के रूप में की गई है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि 24,100 घन मीटर (एम3) इकोमैक्स एम45 ग्रेड के निम्न-कार्बन कंक्रीट का उपयोग करके 54 घंटे के निर्बाध संचालन में हासिल की गई। यह कंक्रीट, अडाणी सीमेंट द्वारा विकसित एक स्वामित्वपूर्ण टिकाऊ मिश्रण है, जो नए मानक स्थापित कर रहा है। सीईओ विनोद बाहेती ने कहा कि उमिया धाम 60 एकड़ में फैला एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक स्थल बनने के लिए तैयार है।

# खेल जगत

## खेल में जाति या उम्र के आधार पर आरक्षण नहीं मिलता : शशांक

**नई दिल्ली।** आईपीएल की पंजाब किंग्स के विस्फोटक बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा है कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। शशांक आखिरी बार आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए दिखे थे। शशांक ने कहा कि मेरे करियर में माता-पिता, बहन, सभी कोचों और कई अन्य लोगों का अहम योगदान रहा है। मैं, जो कुछ भी हूं, उसका श्रेय सभी को जाता है। शशांक ने अपने करियर पर नजर डालते हुए कहा कि यह एक लंबा सफर रहा है, जिसमें कई उतार-चढ़ान देखने को मिले हैं। मैंने मध्य प्रदेश के लिए खेलना शुरू किया, फिर हम बॉम्बे चले गए और बाद में मैं छत्तीसगढ़ लौट आया। आईपीएल से मुझे पहचान मिली। मेरा मानना है कि सभी बाधाओं को पार करते हुए इस समय सही दिशा में हूं।



# भारत आखिरी ग्रुप मैच में ओमान से भिड़ेगा

## बुमराह को आराम दे भारत क्या अर्शदीप को एकादश में देगा जगह?

■ भारत की ओमान पर इकतरफा जीत की पूरी उम्मीद

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



एशिया कप

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (देशबन्धु)। विस्फोटक बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव की अगुआई में विजयरथ पर सवार भारत दुबई में यूएई को नौ और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हरा ग्रुप ए में लगातार दो जीत के साथ टी 20 क्रिकेट एशिया कप के सुपर 4 में स्थान पक्का कर चुका है। भारत शुरू के अपने दोनों मैच हार बाहर हो चुके ओमान को अबू धाबी में शुक्रवार को तीसरे और अंतिम लीग में भी हरा जीत की हैट्रिक लगा ग्रुप ए में अपना अभियान शीर्ष पर अजेय रह समाप्त करने उतरेगा। भारत के लिए ओमान के खिलाफ शुक्रवार को जीत महज औपचारिकता ही है। ओमान पहले मैच में पाकिस्तान से 93 और दूसरे मैच में यूएई से 42 रन से हार गया था। ओमान के लिए शुरू के दो मैचों में बाएं हाथ के स्पिनर आमिर कलीम और शाह फैजल नशतीन तीनन और जितेन रामनेकी ने तीन तीन विकट चटकाए हैं जबकि उसका एक भी बल्लेबाज अर्द्धशतक तक नहीं जड़ पाया है। भारत और ओमान के बीच शुक्रवार का मुकाबला एकदम बेमेल होने की ही उम्मीद है। भारत की ओमान पर इकतरफा जीत की पूरी उम्मीद है। भारत अगले साल होने वाले आईसीसी टी 20 क्रिकेट विश्व कप से पहले भारत के चीफ कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्य कुमार यादव बुमराह से शुरू के पहले पॉवरप्ले में दो की जगह तीन ओवर फिंकवाने और नई गेंद से हार्दिक पांडया से गेद करा रहे हैं। भारत के चीफ कोच गंभीर का जोर खालिस बल्लेबाज अथवा गेंदबाज की जगह ऑलराउंडर को एकादश में उतारने पर है। कप्तान सूर्य कुमार यादव और चीफ कोच गंभीर इसीलिए आखिर के मारधाड़ वाले ओवर के लिए अगले टी 20 क्रिकेट विश्व कप के मद्देनजर सभी तरह के प्रयोग मसलन पॉवरप्ले में शुरु के तीन ओवर बुमराह से करा रहे हैं। बड़ा सवाल यह रहेगा कि क्या भारत टी 20 विश्व कप में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ आखिर के ओवर हार्दिक पांडया और शिवम दुबे से कराने का बड़ा दांव खेल सकता है। भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव साफ कर चुके हैं कि एकादश में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी का बल्लेबाजी क्रम तय है इन दोनों के बाद आठवें नंबर पर कोई भी किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने उतर सकता है। भारत को 21 सितंबर को एक बार फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और 24 और 26 सितंबर ग्रुप बी में पहले और दूसरे स्थान पह रहने वाली टीमों को तीन अहम सुपर 4 मैच खेलेगा और उनमें उसे जसप्रीत बुमराह की रफ्तार के साथ धार की जरूरत होगी।

### आईसीसी के सख्त रुख के कारण पीसीबी घुटने टेकने को मजबूर

भारत के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने अपनी टीम की पाकिस्तान पर बीते रविवार को सात विकेट से जीत के बाद उसके कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाने के बाद इसे पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों और सशस्त्र बलों को समर्पित किया। पाकिस्तान टीम ने इसकी शिकायत मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट से की लेकिन इस बाबत कोई कानून न होने के चलते उन्होंने भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बौखला कर इसकी शिकायत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से कर पायक्रॉफ्ट को मैच रेफरी पद से हटाने को कहा, जिससे आईसीसी ने साफ इनकार कर दिया। पीसीबी ने बुधवार सुबह से यूएई के खिलाफ मैच के बायकॉट का नाटक किया लेकिन आईसीसी के सख्त रुख कारण उसे घुटने टेक अपना फैसला वापस लेना पड़ा। आईसीसी ने पीसीबी की कोई मांग नहीं मानी और इसके बाद पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी, पूर्व अध्यक्ष नज्म सेठी और रमीज राजा के साथ बैठक की। जब नकवी की समझ में मैच का बायकॉट करना न तो पीसीबी और न ही पाकिस्तान टीम के हित में होगा। दरअसल पाकिस्तान अगर यूएई के खिलाफ मैच के बायकॉट का फैसल करता तो उसे 140 करोड़ भारतीय रुपये का नुकसान होता। भारत अब पाकिस्तान के खिलाफ 21 सितंबर को सुपर 4 में और दोनों टीमें यदि दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती तो उसके खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने पर काबिज रहेंगे।

### ओमान का प्रदर्शन खास नहीं रहा

**दुबई।** एशिया कप में अपने आखिरी लीग मुकाबले में भारतीय टीम शुक्रवार को ओमान का सामना करेगी। ओमान का अभी तक इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन खास नहीं रहा है, जबकि भारत ने अपने दोनों मुकाबलों में बड़ी जीत दर्ज की हैं। तो चलिए इस मैच की संभावित एकादश और पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं। पहले दो मुकाबलों में मिली शानदार जीत के कारण भारतीय टीम अपनी प्लेइंग इलेवन में ज्यादा बदलाव नहीं करना चाहेगी। वर्कलोड मैनजमेंट को देखते हुए जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले से आराम दिया जा सकता है। उनकी जगह अर्शदीप सिंह खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारत की संभावित टीम : अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

### भारत के खिलाफ हमें बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी : अली

**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने 21 सितंबर को भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप सुपर फोर मुकाबले से पहले अपनी टीम से मिडिल ओवर में बल्लेबाजी को और मजबूत करने की अपील की है। उनका यह बयान यूएई के खिलाफ 41 रनों की जीत के बाद आया है। इस जीत के साथ ही पाकिस्तानी टीम टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंच गई, लेकिन टीम की बल्लेबाजी की कमजोरियां छुप नहीं पाईं। मैच के बाद आगा ने कहा कि हमने काम तो पूरा किया, लेकिन मिडिल ओवर में हमें बेहतर बल्लेबाजी करनी थी। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम अभी अपनी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं। अगर हम अच्छा खेलते, तो 170-180 रन बना सकते थे। शाहीन एक मैच विनर हैं, उनकी बल्लेबाजी में सुधार हुआ है। अबरार शानदार रहे हैं, वह हमें खेल में वापस ला रहे हैं। हम किसी भी चुनौती के लिए तैयार हैं। अगर हम अच्छा क्रिकेट खेलें, तो किसी भी टीम के खिलाफ मजबूत हो सकते हैं।

# नीरज, अरशद विश्व एथलेटिक्स से बाहर

## सचिन को चौथा स्थान, वाल्कॉट ने जीता स्वर्ण



**टोक्यो,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। गत चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के भाला फेंक फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया। 84.03 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ वह आठवें स्थान पर रहे। सचिन यादव 86.27 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद चौथे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का प्रदर्शन भी उतना ही खराब रहा, उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.75 मीटर रहा और वह 10वें स्थान पर रहे। इससे पहले, चोपड़ा, जिन्होंने इस सीजन में पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था, ने क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान 84.85 मीटर के एक थ्रो के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। चोपड़ा का क्वालीफिकेशन प्रदर्शन लगातार पांचवां ऐसा मौका है जब उन्हें फाइनल में पहुंचने के लिए सिर्फ एक प्रयास की जरूरत पड़ी। इससे पहले उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक, 2022 और 2023 विश्व चैंपियनशिप, और 2024 पेरिस ओलंपिक में एकल-थ्रो के साथ क्वालीफाई किया था।जर्मनी के जूलियन वेबर भी अपने दूसरे प्रयास में स्वत : योग्यता अंक प्राप्त करके फाइनल में पहुंच गए। वेबर ने 82.29 मीटर थ्रो से शुरुआत की और फिर 87.21 मीटर तक पहुंच गए। भारत के सचिन यादव और पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यादव ने तनावपूर्ण प्रतीक्षा के बाद बमुश्किल फाइनल में जगह बनाई, जबकि नदीम ने अपने अंतिम प्रयास में अपना स्थान पक्का किया। पेरिस 2024 में नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक जीता। लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में दोनों के लिए स्थिति निराशाजनक रही। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोन वाल्कॉट का 83.00 मीटर के अपने अंतिम प्रयास से पहले ही विश्व चैंपियन बनना तय हो गया। 2012 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता वाल्कोट 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चैंपियन हैं, जो उनके सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता।यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। उनके और अमेरिकी एथलेटिक्स के लिए यह एक बड़ा क्षण है क्योंकि इससे एक दशक से भी ज्यादा पुराना सूखा खत्म हुआ। वालकॉट ने नीरज चोपड़ा, अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर जैसे स्टार खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। 32 वर्षीय वाल्कॉट ने अपने चौथे प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय की, जिससे वह शीर्ष पर रहे। पिछली बार के चैंपियन भारत के नीरज चोपड़ा 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे, जबकि पाकिस्तान के नदीम 82.75 मीटर की दूरी के साथ फाइनल में दसवें स्थान पर रहे. भारत के सचिन यादव ने 86.27 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया, जिससे वे चौथे स्थान पर रहे. 2019 और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 87.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

■ जर्मनी के जूलियन वेबर भी अपने दूसरे प्रयास में स्वत : योग्यता अंक प्राप्त करके फाइनल में पहुंचे

# ध्रुव जुरेल और देवदत्त पड़िक्कल ने भारतीय पारी को संभाला



■ जुरेल ने 132 गेंद पर 4 छक्के और 10 चौके की मदद से 113 रन बनाकर नाबाद

**लखनऊ,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। इकाना स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेले जा रहे अनाधिकारिक टेस्ट में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय ए टीम ने तीसरे दिन की समाप्ति पर 4 विकेट के नुकसान पर 403 रन बना लिए हैं। भारतीय 'ए' टीम की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने प्रभावित किया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जुरेल ने आक्रामक बल्लेबाजी की। वह 132 गेंद पर 4 छक्के और 10 चौके की मदद से 113 रन बनाकर नाबाद हैं। जुरेल ने देवदत्त पड्डिकल के साथ 181 रन की साझेदारी कर ली है। पड्डिकल भी शतक के करीब हैं और 178 गेंद पर 8 चौके की मदद से 86 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले नारायण जगदीसन 113 गेंद पर 1 छक्का और 7 चौके की मदद से 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 124 गेंद पर 10 चौके की मदद से 73 रन की पारी खेली। अभिमन्यु ईश्वरन खेल के दूसरे दिन 44 रन बनाकर आउट हुए थे। कप्तान श्रेयस अय्यर ने निराश किया। टेस्ट फॉर्मेट में वापसी की कोशिश में जुटे अय्यर से बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह 13 गेंद पर 8 रन बनाकर आउट हो गए। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए के स्कोर से अभी भी 129 रन पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 532 रन बनाकर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जोश फिलिप ने शतक लगाया। कोंस्टास ने 144 गेंद पर 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 109 रन की पारी खेली। फिलिप महज 87 गेंद पर 4 छक्के और 18 चौके की मदद से 123 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारतीय हॉकी के 1 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में जश्न की तैयारी



**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में सात नवंबर को विशेष समारोहों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए उलटी गिनती शुरु हो गई है। 1925 में पहली राष्ट्रीय खेल संस्था का गठन हुआ था। हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के तहत देश के हर जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच खेला जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी समारोह में 36 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है, और इस पहल का उद्देश्य देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाना है। हॉकी के योगदान के महत्व पर हॉकी सबसे बुजुर्ग जीवित दिग्गज गुरबक्स सिंह ने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने कहा कि भारत में आयोजित पहला हॉकी टूर्नामेंट 1895 में बेयटन कप था। राष्ट्रीय हॉकी संघ का गठन 1925 में हुआ और भारत ने इसके गठन के केवल तीन साल बाद 1928 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। उसके बाद भारत ने 1932 और 1936 में स्वर्ण पदक जीते और अगर द्वितीय विश्व युद्ध न होता, तो 1940 और 1944 में भी ये खेल आयोजित होते, तो हम दो और स्वर्ण पदक जीत सकते थे। वह ध्यानचंद का युग था और हमने पूरी दुनिया पर अपना दबदबा कायम कर लिया था। गुरबक्स ने बताया कि ब्रिटेन ने 'भारत से हारने' के डर से 1948 तक हॉकी टीम नहीं उतारी थी। हॉकी ने न केवल भारत के खेल इतिहास में, बल्कि

### सुरजीत हॉकी अकादमी में खेल जगत के दिग्गजों ने खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए

**जालंधर।** राउंड ग्लास हॉकी अकादमी के तकनीकी प्रमुख ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ), सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर की कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा और पंजाब हॉकी के महासचिव श्री अमरीक सिंह पवार ने गुरुवार संयुक्त रूप से सुरजीत हॉकी अकादमी का दौरा किया और वहाँ प्रशिक्षण ले रहे युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, उन्हें खेल की बारीकियां समझाईं, अपने अनुभव साझा किये और हॉकी के खेल से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिये। इस अवसर पर ओलंपियन राजिंदर सिंह (वरिष्ठ) ने खिलाड़ियों को हॉकी की विभिन्न तकनीकों, जैसे पासिंग, ड्रिब्लिंग, डिफेंस और गोल-शूटिंग के बारे में महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

## सार संक्षेप

### विश्व पैरा एथलेटिक्स के पदकों का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स के पदकों का शुक्रवार को यहां अनावरण किया गया। इस अवसर पर इन खेलों का थीम सांग भी जारी किया गया। भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 225 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इन खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह भारत की धरती पर अब तक का सबसे बड़ा पैरा स्पोर्ट्स इवेंट होगा। 14 देशों से 2,2 से ज्यादा पैरा-एथलीट्स और सपोर्ट स्टाफ 186 पदक स्पर्धाओं के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस अवसर पर कहा कि पदकों का अनावरण एक ऐतिहासिक सफर है यह न केवल जीत का प्रतीक है बल्कि संघर्ष और प्रयास की भी आवाज है।

### मौजूदा चैम्पियन हरियाणा स्टीलर्स ने पटना पाइरेट्स को 9 अंक से हराया

**जयपुर।** मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स ने अपने डिफेंस (18 अंक) की बदौलत सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में बुधवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 38वें मुकाबले में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 43-32 के अंतर से हरा दिया। यह छह मैचों में पटना की पांचवीं हार है जबकि हरियाणा को इतने ही मैचों में चौथी जीत मिली है। हरियाणा की जीत में डिफेंस के अलावा शिवम पटारे (15) हीरो बनकर उभरे। साथ ही कप्तान जयदीप और हरदीप ने हाई-5 लगाया। राहुल सेतपाल ने भी चार शिकार किए। पटना के लिए अयान ने सात अंक लिए लेकिन वह नौ बार आउट हुए। मिलन दहिया (5) ने चार अंक की एक रेड के साथ हरियाणा को आलआउट कर पटना की वापसी कराई थी लेकिन इसके बाद पटना हरियाणा को लीड बढ़ाने से नहीं रोक सकी।

### मिलानो कॉर्टिना 226 के लिए 85 प्रतिशत स्टेडियम तैयार : आईओसी

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति समन्वय आयोग ने कहा कि मिलानो कॉर्टिना 226 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालिंपिक के लिए 85 प्रतिशत आयोजन स्थल तैयार हैं। मिलान, कॉर्टिना, वाल्टेलिना, फिएमे घाटियों और वेरोना में शीतकालीन ओलंपिक छह से 22 फरवरी 226 तक होंगे, इसके बाद छह से 15 मार्च तक पैरालिंपिक का आयोजन होगा। समन्वय आयोग की अध्यक्ष क्रिस्टिन क्लोस्टर ने बुधवार को आयोग के छठे और अंतिम दौरे के बाद मिलान में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लगभग 85 प्रतिशत आयोजन स्थल पहले से ही मौजूद हैं। अगर हम आंकड़ों पर सटीक नजर डालें, तो ये खेल भी प्रभाव डाल रहे हैं।

# वेस्टइंडीज ने नेपाल दौरे के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगा,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने इस महीने शारजाह में नेपाल के साथ होने वाली तीन अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला के दौरान कैरेबियाई टीम ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है। इनमे कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स शामिल है। इस श्रृंखला में स्पिनर अकील होसेन कप्तान के रूप में टीम की अगुवाई करेंगे, जबकि नियमित खिलाड़ी फैबियन एलन, जेसन होल्डर और काइल मेयर्स 27 सितंबर से शुरू होने वाले तीन मैचों के दौरान टीम का समर्थन करेंगे। इस श्रृंखला के दौरान पांच खिलाड़ी बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की कतार में हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने टीम के चयन को लेकर कहा कि यह श्रृंखला टीम को अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले प्रभावित करने के अवसर प्रदान करेगी।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के पदकों का हुआ अनावरण





■ भारत में आयोजित अब तक का सबसे भव्य पैरा खेल समागम होगा

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के इतिहास के सबसे शानदार खेल आयोजनों में से एक की मेजबानी के लिए भारत की उल्टी गिनती ने उस समय ज़ोर पकड़ लिया जब भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शानदार पदकों का अनावरण किया। 27 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में 104 देशों के 2,200 से ज्यादा पैरा एथलीट और टीम स्टाफ 186 पदक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एकत्रित होंगे - जो भारत में आयोजित अब तक का सबसे भव्य पैरा खेल समागम होगा। पदक के सामने की ओर पारंपरिक भारतीय कला से प्रेरित जटिल आकृतियाँ हैं, जो चैंपियनशिप के नाम और पैरा एथलेटिक्स के प्रतीकों - एक व्हीलचेयर रेसर, एक डिस्कस थ्रोअर और कमल - भारत के राष्ट्रीय पुष्प - पर केंद्रित हैं। दूसरी ओर समावेशिता को दर्शाया गया है, जिसमें 'नई दिल्ली 2025' शिलालेख के ऊपर ब्रेल लिपि, कमल से प्रेरित पैटर्न और आधुनिक ज्यामितीय विवरण अंकित है। इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पदक अनावरण समारोह के दौरान रैप संगीत से युक्त गीत 'उड़ान भर' लॉन्च किया गया। पोलारिस प्रोडक्शन द्वारा पीसीआई के सहयोग से निर्मित इस वीडियो में भारतीय एथलीटों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है, जो पैरा खेलों के मूल में मौजूद लचीलेपन और प्रेरणा की भावना को दर्शाता है। पीसीआई अध्यक्ष श्री देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इन पदकों का अनावरण एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत है। ये पदक न केवल जीत का जश्न मनाते हैं, बल्कि प्रयास, समावेशिता और लचीलेपन के मूल सिद्धांतों का भी जश्न मनाते हैं।

# सिंधु, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में



**शेनझेन,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पी वी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भारतीय जोड़ी ने गुरूवार को केवल 33 मिनट में सीधे गेमों में चीनी ताइपे के चियु सियांग चीह और को 21-13, 21-12 से पराजित किया। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

पीवी सिंधु ने राउंड ऑफ 16 में वर्ल्ड नंबर 6 थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय स्टार ने शेनझेन एरिना, शेनझेन में 41 मिनट में 21-15, 21-15 से सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

# स्पेन 214 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर



फीफा क्लब विश्व कप

■ यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां) जून और जुलाई में पहले फीफा क्लब विश्व कप की शानदार सफलता के बाद एक अंतराल के बाद, पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता इस महीने की शुरुआत में अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में फीफा विश्व कप 26 क्वालीफायर की एक श्रृंखला के रूप में वैश्विक मंच पर धमाकेदार वापसी कर रही है।

फीफा/कोका-कोला पुरुष विश्व रैंकिंग के अंतिम बार अपडेट होने के बाद से, दुनिया भर में 200 से ज्यादा प्रासंगिक राष्ट्रीय टीमों के मैच खेले जा चुके हैं, जिनका रैंकिंग पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। सबसे बड़ा बदलाव शीर्ष पर हुआ है, जहां यूईएफए यूरो 2024 विजेता स्पेन एक स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गया है, यह एक ऐसा स्थान है जो उन्होंने जून 2014 के बाद से पुरुष वर्ग में हासिल नहीं किया था। इस प्रक्रिया में, उन्होंने लंबे समय से शीर्ष पर चल रहे अर्जेंटीना (तीसरे, 2 स्थान नीचे) को हटा दिया है, जो अप्रैल 2023 से इस स्थान पर था। मौजूदा विश्व चैंपियन को पछाड़ने में ऊंचे स्थान पर चल रहे स्पेन के साथ, वह टीम भी शामिल है जिसे अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल में हराया था, फ्रांस (दूसरे, 1 स्थान ऊपर)। थोड़ा और नीचे, पुर्तगाल, क्रोएशिया और इटली सभी एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः 5वें, 9वें और 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जिससे ब्राजील (छठे, 1 स्थान नीचे) और जर्मनी (12वें, 3 स्थान नीचे) को हुए नुकसान का पूरा फायदा उठाया जा रहा है। जर्मनी के लिए, फीफा विश्व कप 26 के अपने पहले क्वालीफायर में स्लोवाकिया से मिली हार से नुकसान हुआ है, और अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार वे शीर्ष 10 से बाहर हैं। मोरक्को (11वें स्थान पर, 1 अंक ऊपर) अब शीर्ष 10 से बाहर पीछा करने वाली टीमों में सबसे आगे है, जिसने जुलाई में रैंकिंग के पिछले संस्करण के बाद से अपने नौ में से आठ मैचों में जीत हासिल की है।

## एफसी गोवा को अल जवरा से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा

एएफसी चैम्पियंस लीग टू



**नई दिल्ली।** एफसी गोवा ने गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः इराक की अल जवरा एससी से 0-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा कि एफसी गोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंततः बुधवार, 17 सितंबर, 2025 को गोवा के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग टू 2025-26 ग्रुप डी मुकाबले में इराक की अल जवरा एससी के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। पीजेएन स्टेडियम में हुए इस मनोरंजक मुकाबले में गोलकीपरों के बीच काफी संघर्ष देखने को मिला, लेकिन अंत में रेजिक बनिहानी और निज़ार अलराशदान के गोलों की बदौलत अल जवरा ने गोल कर अंक हासिल किए। मैच पर प्रकाश डालते हुए, एआईएफएफ ने कहा कि शुरुआत में एकाग्रता में चूक एफसी गोवा को भारी पड़ गई क्योंकि महदी हुमैदान ने एक बैक पास को रोक लिया और बॉक्स में पहुंचकर मोहम्मद कासिम को क्रॉस दिया, जिसका ज़ोरदार प्रयास बार से टकरा गया। मेजबान टीम ने आठवें मिनट में पहला मौका बनाया, देजान ड्राज़िक को बाईं ओर से एक सटीक क्रॉस देने का मौका मिला, जिस पर जेवियर सिवेरियो ने अपना हेडर लगाया, लेकिन गेंद ऊपर से निकल गई।

देशबन्धु

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| इटरनल | 2.96 प्रतिशत |
| सनफार्मा | 1.77 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.13 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.05 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.84 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.13 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 1.04 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.83 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.63 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.60 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,10,260 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,29,600 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7965.22 |
| मसूर काली | 8170.57 |
| उड़द दाल | 10438.89 |
| मूंग दाल | 10095.60 |
| अरहर दाल | 10644.93 |

# [अर्थ जगत]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



# भारत पर बढ़ रहा विश्व का भरोसा : वैष्णव

■ मजबूत व परिवर्तनकारी बनी हुई है भारत की ग्रोथ स्टोरी

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि भारत में ग्लोबल कॉन्फिडेंस बढ़ रहा है और जीएसटी रेट कटौती और भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार जैसे नेक्स्ट जेनरेशन सुधार मजबूत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को सक्षम बना रहे हैं, जो 2047 तक विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए जरूरी हैं।

पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने विकसित हो रही मल्टीपोलर विश्व व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका और आकांक्षाओं पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी और भी अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। हम विकास के विश्वास अंतराल पर 95 प्रतिशत से 98 प्रतिशत की ओर बढ़ रहे हैं, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और 9-13 प्रतिशत की नॉमिनल विकास दर है।

उन्होंने कहा कि मेड इन इंडिया चिप्स के उत्पादन से लेकर विश्व स्तरीय 2 नैनोमीटर तकनीक के डिजाइन तक सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां हमारी क्षमताओं में वैश्विक विश्वास को दर्शाती हैं।

साथ ही, आयकर और जीएसटी में सुधार, मजबूत पूंजीगत व्यय और प्रतिभा विकास के साथ, उपभोग, निवेश और रोजगार के एक सकारात्मक चक्र को गति दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये आधार सुनिश्चित करते हैं कि भारत की ग्रोथ स्टोरी मजबूत और परिवर्तनकारी दोनों बनी हुई है। उन्होंने एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में भारत के निरंतर उदय पर प्रकाश डाला और इस गति का श्रेय विनियमन-मुक्ति, डिजिटलीकरण और निवेश सुविधा में व्यापक नीतिगत सुधारों को दिया। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि बहुत जल्द दो और सेमीकंडक्टर प्लांट काम शुरू कर देंगे, जिससे ग्लोबल चिप मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में भारत की स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने टेलीकॉम 100 लैब्स पहल और सेमीकंडक्टर टैलेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के विस्तार पर भी प्रकाश डाला।

इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने रेलवे में पूंजीगत व्यय के तीन प्रमुख क्षेत्रों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने सुरक्षा में महत्वपूर्ण सुधार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 34,000 करोड़ रुपए के वार्षिक निवेश से दुर्घटनाएं 170 से घटकर 31 प्रति वर्ष हो गई।



हम विकास के विश्वास अंतराल पर 95 से 98 प्रतिशत की ओर बढ़ रहे हैं, मुद्रास्फीति नियंत्रण में है : अश्विनी वैष्णव

## वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रहा भारत का दबदबा

**मुंबई।** वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का दबदबा तेजी से बढ़ता जा रहा है और 2035 तक ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 9 प्रतिशत हो जाएगी, जो कि 2024 में 6.5 प्रतिशत थी। यह बयान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में सचिव एम नागाराजू की ओर से गुरुवार को दिया गया। देश की आर्थिक राजधानी में नेशनल बैंक फॉर फाइनेंशियल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (एनएबीएफआईडी) की ओर से आयोजित किए गए एनुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव 2025 में लोगों को संबोधित करते हुए एम नागाराजू ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है।



■ 2035 तक 9 प्रतिशत पहुंच जाएगी ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में हिस्सेदारी

उन्होंने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बीते चार सालों से औसत 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही थी, जो कि पिछली पांच तिमाही में सबसे अधिक है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के मुताबिक, हमारा एक्सटर्नल सेक्टर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और पिछली तिमाही में चालू खाता घाटा जीडीपी का केवल 0.5 प्रतिशत रहा था।

## अमेरिका के साथ टैरिफ का मसला जल्दी हल होने की उम्मीद : नागेश्वरन

**कोलकाता,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि उन्हें लगता है कि अमेरिका में भारतीय सामानों पर भारी आयात शुल्क लगाए जाने का मसला आठ-दस सप्ताह में सुलझ जाएगा।



■ दोनों सरकारों के बीच पर्दे की पीछे चल रही बातचीत

श्री नागेश्वरन ने यहां उद्योग मंडल भारत चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित एक परिचर्चा में कहा कि दोनों सरकारों के बीच पर्दे की पीछे बात चल रही है। मुझे लगता है कि अगले आठ-दस सप्ताह में हमें भारतीय सामानों पर अमेरिका की ओर से लगाए गए आयात शुल्क का समाधान दिख जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर कोई सहमति नहीं बनने पर अगस्त के प्रारंभ में 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था। उसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने रूस से कच्चा तेल खरीदने को अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए भारत के खिलाफ शुल्क दोगुना कर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत कर दिया है। अमेरिका ने 25 अगस्त से चौथे सप्ताह में द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के छठे दौर के लिए आने वाले दल की यात्रा भी स्थगित कर दी थी। दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों में तनाव कम करने की दिशा में अमेरिका से किसी पूर्व घोषणा के बिना नई दिल्ली आए अधिकारियों के एक दल के साथ हुई बैठक में व्यापार समझौते की दिशा में प्रयास तेज करने पर सहमति बनी है। वार्ता को पटरी पर लाने के उद्देश्य से अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में आए अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के एक दल की यहां वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।

## चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों के दाम बढ़े

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में मंदी रही। चीनी और दालों के भाव बढ़ गये, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 41 रिंगिट टूटकर 4,434 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51.57 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत पांच रुपए बढ़कर 3,861.64 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं पांच रुपये टूटकर 2,860.16 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम 13 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही और यह 3,304.31 रुपए प्रति क्विंटल बिका।



खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 11 रुपए और सूरजमुखी तेल छह रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। पाम ऑयल में भी पांच रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 18 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 14 रुपए और वनस्पति 36 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ।

## जीएसटी सुधार से देश में नकली सामानों के व्यापार में कमी आएगी : अनिल राजपूत

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। जीएसटी सुधार से देश में बड़े स्तर पर सभी सेक्टर्स में टैक्स में कटौती हुई है। इससे नकली सामानों के व्यापार में कमी देखने को मिलेगी। यह बयान फिक्की कैस्केड के चेयरमैन अनिल राजपूत ने गुरुवार को दिया।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित फिक्की के एक कार्यक्रम में अनिल राजपूत ने कहा कि फिक्की कैस्केड की ओर से हर साल मैसकरेड को आयोजित किया जाता है। यह जो तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ एक आंदोलन है।

उन्होंने आगे कहा कि तस्करी और नकली सामानों का व्यापार अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है और हमें इसमें शामिल सभी लोगों को संवेदनशील बनाने की जरूरत है, चाहे वे नीति निर्माता हों, उद्योग या उपभोक्ता हों। जीएसटी 2.0 पर सवाल पूछे जाने पर राजपूत ने कहा कि यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला सुधार है। ज्यादातर नकली सामानों के व्यापार की एक वजह अधिक टैक्स का होना भी होता है। ऐसे में सरकार की ओर से टैक्स को घटाया गया है। इससे हमें कई सेक्टर्स में नकली सामानों के व्यापार में कमी आएगी। इस कार्यक्रम में फिक्की कैस्केड और थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीएआरआई) ने एक ज्वाइंट स्टडी भी पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी सुधारों के तहत 5 प्रतिशत कर वाली श्रेणियों की संख्या 54 से बढ़कर 149 हो गई, जिससे ग्रामीण परिवारों के लिए प्रभावी जीएसटी दर 6.03 प्रतिशत से घटकर 4.27 प्रतिशत और शहरी परिवारों के लिए 6.38 प्रतिशत से घटकर 4.38 प्रतिशत हो गई है।



■ अधिक टैक्स का होना है ज्यादातर नकली सामानों के व्यापार की वजह

रिपोर्ट में बताया गया कि व्यवसायों, विशेष रूप से एमएसएमई के लिए जीएसटी 2.0 युक्तिसंगत दरें प्रस्तुत करता है जो उल्टे शुल्क ढांचे के कारण उत्पन्न विकृतियों को दूर करती हैं।

## सार संक्षेप

### इंस्टामार्ट की मेगा सेल आज से

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन त्वरित डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट 19 सितम्बर से मेगा सेल शुरू कर रहा है, जिसमें 5 हजार से अधिक उत्पादों पर 9 प्रतिशत तक छूट की घोषणा की गई है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि क्विक इंडिया मूवमेंट सेल के तहत स्मार्टफोन, लैपटॉप, ईयरबड्स, स्मार्टवॉच, पावरबैंक और ऑडियो डिवाइस जैसी कैटेगरी में बंपर ऑफर मिलेंगे। साथ ही बैंक ऑफर्स, गोल्डन आवर डील और वोट-फॉर-योर-डील फीचर्स के जरिए खरीदारों को और भी बचत तथा शानदार अनुभव प्राप्त होगा। कंपनी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस सेल में कीमतों में आकर्षक कमी देखने को मिलेगी और सीमित अवधि की डील्स भी होंगी, जिससे उपभोक्ता उन गैजेट्स को पहले कहीं अधिक किफ़ायती कीमतों पर खरीद सकेंगे, जिन पर वे महीनों से नज़र टिकाये हुये हैं। खरीदार सभी एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड पर 1` रुपए तक की तत्काल 1 प्रतिशत छूट पा सकते हैं।

### गोयल ने यूएई के साथ की निवेश के विस्तार पर चर्चा

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर गए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वहां अबू धाबी निवेश प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक शेख हामिद बिन जायद अल नाहयान के साथ निवेश पर भारत-यूएई उच्च-स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 13वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में दोनों पक्षों में द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा की और समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्र में निवेश संबंध पर बातचीत की। श्री गोयल ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को कहा कि इस बैठक में, जिसमें यूएई के विदेश व्यापार मंत्री, डॉ थानी बिन अहमद अल जेयोऊदी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया की बैठक में भारत-यूएई व्यापारक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) की सफलता का और लाभ उठाने के उपायों पर चर्चा हुई, ताकि द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जा सके।

### गोदरेज फाइनेंस का मुथूट फिनकॉर्प के साथ करार

**मुंबई।** गोदरेज कैपिटल की सहायक कंपनी गोदरेज फाइनेंस ने मझौले और छोटे शहरों में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों तक ऋण पहुंच बढ़ाने के लिए मुथूट फिनकॉर्प के साथ एक साझेदारी की है, जिसमें दोनों मिलकर संपत्ति की गारंटी पर ऋण प्रदान करेंगे। गोदरेज फाइनेंस ने गुरुवार को बताया कि साझेदारी के तहत 1 लाख रुपए से 75 लाख रुपए तक एमएसएमई को ऋण प्रदान किया जाएगा, जिसकी औसत राशि 15 लाख रुपए होगी। इस साझेदारी का विस्तार जल्द ही गोल्ड लोन और हाउसिंग लोन जैसे अन्य उत्पादों को शामिल करने के लिए किया जाएगा। समझौते की शर्तों के तहत गोदरेज फाइनेंस 8 प्रतिशत जोखिम वहन करेगी, जबकि मुथूट फिनकॉर्प शेष 2 प्रतिशत जोखिम वहन करेगा। मुथूट फिनकॉर्प अंडरराइटिंग, संग्रह और ग्राहक सेवा की देखरेख की जिम्मेदारी उठाएगा।

# फेड के ब्याज दर घटाने से शेयर बाजारों में रौनक


■ सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर रहा

■ निफ्टी 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद

**मुंबई,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 415.21 अंक की बढ़त के साथ 83,108.92 अंक पर खुला और अंत में 320.25 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 83,141.21 अंक और नीचे 82,704.92 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 110.80 अंक की तेजी में 25,441.05 अंक पर खुला और अंत में 93.35 अंक चढ़कर 25,423.60 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 25,448.95 अंक निचला स्तर 25,329.75 अंक रहा।

फार्मा और आईटी सेक्टरों में सबसे ज्यादा तेजी रही जिनके कारोबार का बड़ा हिस्सा अमेरिका के जुड़ा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की। इसकी उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। इस कारण पिछले सप्ताह से ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में पूंजी निवेश बढ़ा दिया है। लिवाली के दम पर सेंसेक्स 10 जुलाई के बाद पहली बार 83,000 अंक के ऊपर बंद हुआ है। निफ्टी-50 भी 09 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर पर रहा।




एचडीएफसी बैंक, इटरनल, इंफोसिस, सनफार्मा, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 2.96 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और पावरग्रिड के शेयर भी मजबूत हुए।

सबसे अधिक 1.13 फीसदी की गिरावट टाटा मोटर्स में देखी गई। ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक भी नुकसान उठाने वाली सेंसेक्स की आठ कंपनियों में शामिल थीं।

चौतरफा लिवाली के बीच निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.37 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और फार्मा के अलावा एफएमसीजी, वित्तीय सेवा, धातु, निजी बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली रही। वहीं, सार्वजनिक बैंक, तेल एवं गैस और रियलिटी समूहों में बिकवाली का जोर रहा। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.15 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। हांगकांग के हैंगसेंग में 1.35 प्रतिशत और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.15 प्रतिशत की गिरावट रही।

## भारतीय दवा वर्ष 226 में 7-9 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि कर सकता है हासिल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय दवा क्षेत्र अमेरिकी बाजार में धीमी गति के बावजूद, मजबूत घरेलू और यूरोपीय मांग की वजह से वित्त वर्ष 2026 में 7-9 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि हासिल कर सकता है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

रेटिंग एजेंसी आईसीआईआरए ने एक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों और नियामक अनिश्चितताओं का अमेरिका में भारतीय दवा क्षेत्र के सबसे बड़े निर्यात बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन घरेलू बाजार में 8-10 प्रतिशत और यूरोप में 10-12 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2026 में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 24-25 प्रतिशत पर स्थिर रहने की उम्मीद है, जो मोटे तौर पर वित्त वर्ष 2025 के 24.6 प्रतिशत के अनुरूप है, जिसे अनुकूल कच्चे माल की कीमतों, बेहतर परिचालन क्षमता और विशेष उत्पादों की बढ़ती हिस्सेदारी से मदद मिली है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राजस्व में नरमी आने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2025 में सालाना आधार पर वृद्धि दर लगभग 10 प्रतिशत से घटकर 3-5 प्रतिशत रह जाएगी।

आईसीआईआरए की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं को-ग्रुप हेड किंजल शाह ने कहा कि क्रोनिक थैरेपी में बढ़ती बाजार हिस्सेदारी, नए प्रोडक्ट्स की शुरुआत और नियमित मूल्य वृद्धि के कारण आईसीआईआरए की सैंपल सेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। हालांकि ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की बिक्री में सुस्त वृद्धि आंशिक रूप से बढ़ते जेनेरिकीकरण के कारण हुई।

## भारत में प्रति वर्ष 33 करोड़ से अधिक मोबाइल फोन का हो रहा निर्माण

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों में ही स्मार्टफोन निर्यात 1 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 55 प्रतिशत की वृद्धि है। गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारत में प्रति वर्ष 33 करोड़ से अधिक मोबाइल फोन का निर्माण हो रहा है और औसतन लगभग एक अरब मोबाइल फोन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। 2025 की दूसरी तिमाही में, भारत चीन को पीछे छोड़कर संयुक्त राज्य अमेरिका को शीर्ष स्मार्टफोन निर्यातक बन गया।



■ 2025 की दूसरी तिमाही में अमेरिका को शीर्ष स्मार्टफोन निर्यातक बन गया भारत

आधिकारिक बयान के अनुसार समग्र तस्वीर भी उज्ज्वल है। उदाहरण के लिए भारत के मोबाइल फोन निर्माण क्षेत्र ने पिछले एक दशक में 12 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं, जिससे परिवारों का उत्थान हुआ है और भारत का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना मजबूत हुआ है।

भारत का स्मार्टफोन बाजार तेजी से विकसित हो रहा है और उपभोक्ताओं की प्राथमिकताएं 5जी अपनाने और प्रीमियम सुविधाओं की ओर बढ़ रही हैं। मार्केट रिसर्च के अनुसार, पिछले साल कुल शिपमेंट में 5जी स्मार्टफोन की शिपमेंट बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई, जो सालाना आधार पर 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

10,000 रुपए से 13,000 रुपए के बीच की कीमत वाले मध्यम श्रेणी के उपकरणों की मांग में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जिससे उच्च-प्रदर्शन वाले और किफायती स्मार्टफोन का आधार बढ़ रहा है। इसी दौरान, 25,000 रुपए से ऊपर प्रीमियम सेगमेंट में भी जबरदस्त वृद्धि देखी गई, जिसमें सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## आईटीआई को एआई-ड्रिवन ट्रेनिंग सेंटर में बदलने की योजना बना रही सरकार

**नई दिल्ली,** 18 सितम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार देश भर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को एआई-ड्रिवन ट्रेनिंग सेंटर में बदलने की योजना बना रही है। राष्ट्रीय राजधानी में इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) के एनुअल इवेंट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार पिछले दो-तीन वर्षों से स्किलिंग और अपस्किलिंग पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इसके लिए वार्षिक बजट में प्रावधान किए हैं।

उन्होंने कहा कि क्योंकि आईटीआई तेजी से बदलते प्रोडक्शन एनवायरमेंट में योगदान नहीं दे रहे थे, इसलिए केंद्र सरकार ने उन्हें अपग्रेड करने के लिए एक हब-एंड-स्पोक मॉडल लॉन्च किया।

वित्त मंत्री ने कहा कि अगर ये आईटीआई राज्य के भीतर हब-एंड-स्पोक मॉडल अडॉप्ट करते हैं तो हम उन्हें एआई-ड्रिवन ट्रेनिंग सेंटर में अपग्रेड करने के लिए आवश्यक पूरी धनराशि प्रदान कर पाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने एआई से जुड़े आरएंडडी और ट्रेनिंग के लिए इंस्टीट्यूशन ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए आईआईटी या भारतीय विज्ञान संस्थान जैसे कुछ उत्कृष्ट संस्थानों की पहचान की है। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बजट का उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि युवाओं को जमीनी स्तर पर एआई-ड्रिवन स्कील दी जाएं।



■ एआई से जुड़े स्किल को सीखने की चाहत रखने वाले प्रत्येक युवा को स्किल सिखाई जाएंगी : निर्मला सीतारमण

■ तेजी से बदलते प्रोडक्शन एनवायरमेंट में योगदान नहीं दे रहे थे आईटीआई

चाहे वे स्कूल ड्रॉपआउट हों या पासआउट हों, चाहे वे किसी प्रकार की योग्यता प्राप्त कर चुके हों और उनके पास कोई डिग्री हो। एआई से जुड़े स्किल को सीखने की चाहत रखने वाले प्रत्येक युवा को स्किल सिखाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी लोगों को आईटीआई-बेस्ड योजना में शामिल किया जाएगा। ये हब छात्रों को अपस्किल करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी की अपील की।

# सिम्स को मिला मल्टी यूटिलिटी वाहन स्वास्थ्य सेवाओं में होगी और मजबूती

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में शहर विधायक अमर अग्रवाल के द्वारा विधायक निधि से 12 लाख 57 हजार की लागत से छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) को मल्टी यूटिलिटी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन की चाबी विधायक अमर अग्रवाल ने सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को सौंपी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. भूपेंद्र कश्यप, डॉ. ए. आर. बेन, डॉ. अमित ठाकुर, डॉ मधुमिता मूर्ति डॉ सुपर्णा गांगुली डॉ संगीता रमन जोगी डॉ. समीर पैकरा सहित सिम्स के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



मल्टी यूटिलिटी वाहन की उपयोगिता अस्पताल में महत्वपूर्ण है। यह वाहन स्वास्थ्य सेवाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसके माध्यम से आपातकालीन सेवा के तहत मरीजों को अस्पताल से अन्य चिकित्सा केंद्रों या जांच सुविधाओं तक तुरंत पहुँचाने की सुविधा होगी। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर, टीकाकरण, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को पहुँचाने में सहयोग करेगा।

## परिवहन सुविधा

गंभीर मरीजों, वृद्धजनों और महिला रोगियों को सुरक्षित रूप से अस्पताल के विभिन्न विभागों तक ले जाने में सहायक होगा।

## दवाइयाँ और चिकित्सा सामग्री

रक्त, दवाइयाँ, ऑक्सीजन सिलेंडर व अन्य मेडिकल किट को तेज़ी और सुरक्षा के साथ पहुँचाया जा सकेगा।

आपदा प्रबंधन जैसे कि दुर्घटना, बाढ़, महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्य और मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण में सहायक होगा। विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, मातृ-शिशु सेवाएँ तथा टीबी, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के नियंत्रण कार्यक्रमों को गाँव-गाँव तक पहुँचाने में उपयोगी होगा। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह मल्टी यूटिलिटी वाहन अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, तेज़ और प्रभावी बनाएगा। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी और सिम्स की सेवा क्षमता और मजबूत होगी।

# मेडपार के ग्रामीणों ने 2 अक्टूबर को आत्मदाह करने की चेतावनी दी

### प्रस्तावित कोल डिपो और क्रेशर प्लांट का विरोध कर रहे

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। मेड़पार के ग्रामीणों ने 2 अक्टूबर को आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। गांव में खुल रहे कोलडिपो और क्रेशर प्लांट का वे विरोध कर रहे है। उनका कहना है डिपो खुलने से ग्रामीणों का जीवन नारकीय हो जाएगा। आसपास की सैकड़ों एकड़ कृषि जमीन बर्बाद हो जाएगी।



सकरी तहसील के ग्राम मेड़पार के ग्रामीण बड़ी संख्या में गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और गांव में खुलने वाले महाकाल कोल साइडिंग और क्रेश प्लांट के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा में कोल डिपो का विरोध किया गया है। इसके बाद भी राजनैतिक दबाव के कारण सरपंच ने डिपो और क्रेशर प्लांट खोलने की अनुमति दे दी है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित कोल डिपो कृषि भूमि, खेल मैदान और शासकीय जमीन के बीच खोला जा रहा है। जिससे न सिर्फ किसानों की फसलें बर्बाद होंगी बल्कि बच्चों की पढ़ाई ठप हो जाएगी और इसके प्रदूषण का असर ग्रामीणों के स्वास्थ पर भी पड़ेगा। इस डिपो के खुलने से वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण तो बढ़ेगा ही गांव की कृषि भूमि पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। बच्चों के हाथ से खेल मैदान निकल जाएगा या फिर कोल डस्ट के बीच खेलना बच्चों की मजबूरी हो जाएगी। नदी नाले और तलब का पानी भी प्रदूषित हो जाएगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से डिपो खोलने की अनुमति को तत्काल निरस्त करने की मांग की है साथ ही चेतावनी दी है कि ग्रामीणों के विरोध के बाद भी क्रेशर प्लांट और डिपो खोला गया तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। यही नहीं 2 अक्तूबर को आत्मदाह भी किया जाएगा। यदि ग्रामीण आत्मदाह जैसी आत्मघाती कदम उठाते है तो इसकी संपूर्ण जवादबारी शासन / प्रशासन / तहसीलदार सकरी की होगी। ग्रामीणों के इस चेतावनी से शासन प्रशासन सकते में आ गए है।

## सार-संक्षेप



### अग्रवाल नवयुवक समिति के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में 120 बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल नवयुवक समिति के द्वारा अग्रवाल समाज के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कनिष्ठ कनिष्ठ वर्ग में 100 से अधिक बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया तथा वरिष्ठ वर्ग में 20 से अधिक लोगों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में शामिल होकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समाज के प्रमुख मंगत राय अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल जयंती का कार्यक्रम जो धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। मुझे खुशी है की अग्रवाल समाज के जो कार्यक्रम हो रहे हैं बड़े शालीनता से हो रहे हैं बिना किसी आडंबर के कार्यक्रम हो रहे हैं। अध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा कि शोभा यात्रा में पूरे परिवार सहित शामिल होने की आरती अपील करते हुए अग्रवाल समाज की शक्ति को बढ़ाने की अपील की है। 20 सितंबर की शोभा यात्रा को सफल बनाना है।

जीरो से कक्षा चार तक कनिष्ठ वर्ग के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में पर्यावरण को बचाने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,नशा मुक्ति, सुरक्षा , देश भक्ति, पेड़ों को बचाने, धर्म एवं संस्कृति की रक्षा योग जीवन में जरूरी, सहित अनेक ज्वलंत मुद्दों पर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। फैंसी ड्रेस में छोटे बच्चों में स्पाइडर-मैन, सेना के जवान, कानून की देवी, संविधान की रक्षा, परिवार में समाज में महिलाओं की भूमिका, बच्चों की पढ़ाई में दबाव,बदलता हुआ समाज , समाज बदलेगा तो देश बदलेगा, पेड़ों को बचाने,का समाज को संदेश दिया। राणी सती दादी की वेशभूषा , भगवान कृष्ण तथा महादेव के रूप में, झांसी की रानी, जय जवान जय किसान, गणपति गणपति अन्य वेशभुषा में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### हितग्राहियों के खिले चेहरे खिले मिला पक्का आशियाना



**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आज विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को पक्के आशियाने की चाबी, भवन अनुज्ञा, पहले किश्त की राशि और वय वंदन कार्ड प्रदान किए गए। इसके साथ ही लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि इन योजनाओं से उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से लाभान्वित कुदुदन निवासी श्रीमती ममता दुबे को आवास स्वीकृत हुआ और भवन का नक्शा मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें किराए के घर से निजात मिल गई है। इसी तरह हेमूनगर की गोटीवाड़ा विजया और बिजौर निवासी ओम साहू को घर की चाबी मिलने पर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विजय ने बताया कि पति ड्राइविंग का काम करते हैं आमदनी इतनी नहीं कि खुद का घर बना सकें पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आवास योजना से अब उनका पक्के घर का सपना साकार हो गया है और कच्चे घर से निजात मिल गई। इसी तरह अशोक नगर निवासी श्रीमती संतोषी श्रीवास व श्रीमती पूनम टंडन लिंगियाडीह निवासी को खमतराई, और बहतराई में मकान आवंटित हुआ और उन्हें पहले किश्त का चेक प्राप्त हुआ। उन्होंने खुशी से बताया कि अब उनका अपने खुद के घर में रहने का सपना साकार होने जा रहा है। वहीं श्रीमती रानी यादव सरकंडा थाना के सामने बेजा कब्जा कर परिवार के साथ रह रही थी जिसके कभी टूटने की आशंका है उन्होंने बताया कि घर तोड़े जाने का उन्हें नोटिस भी जारी किया गया है पर अब आवास स्वीकृत होने से उनकी एक बड़ी चिंता दूर हो गई है बहुत से हितग्राहियों को इस अवसर पर जहां गृह प्रवेश के लिए आवास की चाबी सौंपी गई वहीं लखपति दीदीयों का सम्मान भी किया गया। इसी क्रम में तालापारा, ख्वाजा नगर निवासी अब्दुल नईम को आवास स्वीकृत हुआ।

# आदर्श वही जो जीवन को दिशा दे, न कि भटकाए-बीके स्वाति

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन, टेलीफोन एक्सचेंज रोड के तत्वावधान में आज आयुर्वैदिक कॉलेज परिसर में विशेष व्यसन मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, संकाय सदस्य, चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी थीं, जिन्होंने अपने प्रेरक संबोधन से उपस्थित सभी को व्यसन के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया।



बीके स्वाति दीदी ने कहा कि व्यसन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि उसके मानसिक संतुलन, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। व्यसन ऐसा दलदल है जिसमें व्यक्ति धीरे-धीरे फंसता चला जाता है और जब तक उसे इसका एहसास होता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उन्होंने कहा कि व्यसन बिजली की तरह शरीर की समस्त शक्ति और खून को चूस लेता है। धीरे-धीरे यह शरीर, मन और आत्मबल को नष्ट कर देता है और व्यक्ति को निर्बल, परनिर्भर और असहाय बना देता है। उन्होंने व्यसनग्रस्त लोगों की मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यसनी हमेशा यह सोचता है कि वह जब चाहे तब व्यसन छोड़ सकता है, लेकिन यह सोच एक भ्रम है। व्यसन ऐसा जाल है जो व्यक्ति की इच्छा शक्ति को कमजोर कर देता है और वह चाहकर भी इससे निकल नहीं पाता। इसीलिए जरूरत है कि शुरुआत से ही व्यक्ति व्यसन के झांसे में न आए और अपने जीवन को स्वस्थ, संयमित और सकारात्मक बनाए।

# प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मानसून: सरगुजा-बिलासपुर समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश के आसार

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में एक बार फिर मानसून की सक्रियता देखने को मिल रही है। सरगुजा और बिलासपुर संभाग समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश हो रही है। यह बारिश न केवल लोगों को गर्मी और उमस से राहत दे रही है, बल्कि किसानों के लिए भी काफ़ी फ़ायदेमंद साबित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही सामान्य से सक्रिय बने रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, आज 18 सितंबर को भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसमें मुख्य रूप से सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले शामिल हैं। विभाग ने एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात (बिजली गिरने) की आशंका भी जताई है, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून अब भी सक्रिय है और आने वाले दिनों में इसकी गति और तेज हो सकती है। इसके पीछे कई मौसम प्रणालियाँ सक्रिय हैं। इनमें पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के ऊपर बना एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण और दक्षिण पश्चिम विदर्भ के आसपास फैला एक अन्य परिसंचरण शामिल है। इसके अलावा, एक द्रोणिका (ट्रफ लाइन) भी मध्य प्रदेश के मध्य भाग से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इन सबके प्रभाव से अगले एक-दो दिन तक बारिश का दौर जारी रह सकता है।



न्यायधानी बिलासपुर की बात करें तो, बुधवार का दिन पूरी तरह बारिश और सुहावने मौसम के नाम रहा। शहर में दिनभर बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस से बड़ी राहत मिली। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि 18 से 23 सितंबर के बीच बिलासपुर और उसके आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश होने की पूरी संभावना है, जिससे पूरे शहर का माहौल ताजगी से भरा रहेगा। हालांकि, राहत की बात यह रही कि कहीं भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। तो, प्रदेश में मौसम का मिजाज अभी खुशनुमा बना हुआ है। किसानों के चेहरे पर भी रौनक लौटी है।

# पीएम सूर्यघर योजना के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**बिलासपुर** , 18 सितम्बर 2025। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत आज तिफरा स्थित कल्याण भवन में सुबह 12:30 बजे से 2:30 बजे तक एक दिवसीय षिविर का आयोजन किया गया। षिविर में 120 से अधिक लोग मौजूद थे, जिन्हे पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चला रही है, इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर षिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही जिले में सूर्य रथ द्वारा विडियो संदेष व प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट ने बताया कि इस योजना के तहत अब एक किलोवाट क्षमता के प्लांट लगाने पर 45 हजार रुपए की छूट मिलेगी। दो किलोवाट पर 90 हजार और तीन किलोवाट पर एक लाख आठ हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। रजिस्ट्रेशन के बाद सोलर पैनल लगाने वाले चयनित वेन्डर द्वारा आवेदक के आवास पर जाकर ड्राइंग-डिजाइन और प्राक्कलन तैयार करेंगे और उपभोक्ता के घर पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना करेंगे। श्री अम्बस्ट ने पॉवर कंपनी के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं आम उपभोक्ताओं से इस योजना में जुड़ने की अपील की है। इस अवसर पर सूर्य घर सोलर पॉवर प्लांट से जुडे वेंडरर्स द्वारा षिविर में उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं के अनुरूप योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई। योजना से प्रभावित होकर 84 व्यक्तियों ने अपनी रूचि जाहिर की है। विभागीय कर्मचारी षीघ्र ही इनसे संपर्क स्थापित कर रजिस्ट्रेषन की कार्यवाही संपादित करेंगें।

**■ योजना में अधिक से अधिक लोग जुडें-कार्यपालक निदेषक-अबस्टं**

इस षिविर में अधीक्षण अभियंता पी. श्रीनिवास राजू, सुश्री स्मिता सूर्यवंषी कार्यपालन अभियंता पी.व्ही.एस. राजकुमार, हेमंत चन्द्रा, बी.बी.नेताम, मिलिंद पाण्डेय, सैय्यद मुख्तार एवं आरईसी के प्रतिनिधी पी.रंजन, भुवनेष्वर पटेल व क्षेत्र के सहायक अभियंता, पॉवर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं सम्माननीय विद्युत उपभोक्तागण उपस्थित थे।

# ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर और पूर्व सांसद श्रीकांत वर्मा को कांग्रेस ने किया याद

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने 18 सितम्बर को कांग्रेस भवन में स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर और पूर्व सांसद स्व श्रीकांत वर्मा की जयंती मनाई गई, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि आज बिलासपुर के दो महान हस्ती ,जिन्होंने बिलासपुर का नाम देश की मानचित्र पर अंकित किया ,दोनो राजनीति से जुड़े थे ,बैरिस्टर छेदीलाल ने आज़ादी की लड़ाई से लेकर संविधान सभा तक अपनी भूमिका निभाई ,वही स्व श्रीकांत वर्मा मूलत: लेखक ,कवि , समालोचक ,नाटककार थे जो बाद में कांग्रेस से सांसद भी बने ।



पूर्व महापौर रामशरण यादव ने कहा कि स्व श्रीकांत वर्मा श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बहुत करीब थे ,उन्होंने गरीबी हटाओ, जांत पर न पांत पर मुहर लगेगी हाथ पा जैसे कालजयी नारा दिया, 1986 में उनका निधन न्यूयार्क में हुआ ,संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि ठाकुर छेदीलाल का जन्म अकलतरा में एक सम्पन्न परिवार में हुआ, कुशाग्र बुद्धि के थे ,उन्होंने बनारस और इंग्लैंड से पढ़ाई की,कुछ दिनों तक अध्यापन और पत्रकारिता भी की किन्तु उनका अंतिम लक्ष्य देश की आज़ादी थी और उन्होंने महात्मा गांधीजी से प्रभावित होकर आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,पूर्व महापौर रामशरण यादव, श्रीमती रत्ना सिंह,कृष्ण कुमार यादव ,स्वाति वंदना सिसोदिया,ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ,माधव ओतलवार, विनोद साहू, वीरेंद्र सारथी, संतोष पिप्पलवा, राजेश शर्मा, सुरेंद्र तिवारी, जिग्नेश जैन, मनोज सिंह, गौरव एरी, राजेश साहू, हेरि डेनिएल,दीपक रायचेलवार ,आदित्य यादव,दिनेश सीरिया,सुभाष ठाकुर,चंद्रहास केशरवानी, मनीष अग्निहोत्री आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ का विकास अनवरत जारी है-तोखन साहू

### अनवरत विकास से छत्तीसगढ़ बना प्रगति का मॉडल राज्य

### पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय में देशभर के विषय विशेषज्ञ हुए शामिल

### छत्तीसगढ़ कल, आज और कल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सफलता पूर्वक संपन्न

**बिलासपुर,** 18 सितंबर (देशबन्धु)। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती समारोह श्रृंखला के तहत् आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज सफलता पूर्वक समापन हुआ। ''छत्तीसगढ़ कल, आज और कल'' विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में तोखन साहू, केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रोफेसर राजकुमार सचदेव, व अध्यक्षता प्रो. वी.के.सारस्वत कुलपति, पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने किया।

सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र में मल्यार्पण एवं दीपप्रज्जवलित व सम्माननीय अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम आदरणीय कुलसचिव भुवन सिंह राज ने अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा की। सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपथित तोखन साहू, केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण जब हुआ तो राज्य में काफी समस्याएं थी लेकिन आज राज्य निर्माण के पश्चात हमारे राज्य का लगातार विकास हुआ है। अटल जी प्रधानमंत्री के सपना को साकार करते हुए हम देख पा रहे हैं आज हम छत्तीसगढ़ राज्य में अनेक योजनाओं के द्वारा हमारे राज्य का विकास हुआ है जिसमें हम प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा आवास की सुविधाओं के बारे में बात करते हैं साथ ही जो भूख-मरी की समस्या थी उसमें 1 रुपये चावल का वितरण कर हमने एक बड़ी समस्या पर एक अच्छा समाधान के रूप में कार्य किए हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए भी सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं जिसमें शौचालय योजना देश और राज्य के लिए महत्वपूर्ण योजना रही। रेलवे का विद्युतीकरण एवं एयरपोर्ट का निर्माण साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की योजना एवं स्कूल विद्यालय एवं विश्वविद्यालय की स्थापना करते हुए लगातार छत्तीसगढ़ राज्य के विकास के लिए कार्यरत है, श्री साहू ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का विकास अनवरत जारी है। लगातार विकास से हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ प्रगति का मॉडल राज्य बन रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ में नशाखोरी और गौवंश का संरक्षण न हो पाना एक बड़ी समस्या है, इस प्रकार की समस्याओं का समाधान हेतु संगोष्ठी का आयोजन होना चाहिए।



सुशांत शुक्ला ने संगोष्ठी के विषय कल आज और कल के निष्कर्ष को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आग्रह करते हुए इस प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को प्रयास करने तथा 25 वर्ष के विकास में जो विसंगतियां है उसके समाधान के लिए इस संगोष्ठी को महत्वपूर्ण बताया।

विशिष्ठ अतिथि प्रो. राजकुमार सचदेवा जी ने संतगुरू घासीदास बाबा जी के सिध्दांत मनखे मनखे एक समान को बोध कराते हुए राज्य के सभी लोगों को एकता एवं भेदभाव के अभाव का होना आवश्यक बताया। तथा राज्य में व्याप्त नशाखोरी को एक चुनौती के रूप में बताया ।

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रोफेसर वी. के. सारस्वत ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करना हमारे विश्वविद्यालय के लिए प्रथम प्राथमिकता है इसी के साथ हम राज्य के उपलब्धि में अपना योगदान दे सकते हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ में शोध के अनेक विषय हैं यह सांस्कृतिक धार्मिक एवं ऋषियों की भूमि है इसमें हम अनेक शोध कार्य एवं स्टार्टअप की शुरुआत कर सकते हैं खनिज और वन संपदा औषधीय से भरा हुआ यह राज्य है जो आर्थिक संपन्नता में बहुत महत्वपूर्ण होगा।

इस कार्यक्रम में तीन दिनों तक आएं अनेक विद्वजन एवं शोधार्थी गण के द्वारा मुख्य विषयों पर चर्चा की गई। देश में छत्तीसगढ़ राज्य का योगदान उर्जा, खनिज तथा सांस्कृतिक सरंक्षण के द्वारा विशेष स्थान रखता है। यह संगोष्ठी अत्यंत छत्तीसगढ़ के विकास में अत्यंत सहायक होगा। डॉ. बीना सिंह द्वारा संगोष्ठी की संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें पूरे सत्र के विद्वजनों के व्याख्यान एवं शोधार्थी के शोध प्रत्र वाचन शामिल है।

**NECC**

| 19.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 555 | 85 | 190 |
| चिल्हर | 7.00 | 120 | 205 |
| डिलीवरी | 570 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771